आषाढ़ कृष्ण पक्ष त्रयोदशी 10:10 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 23 जून 2025

वर्ष 35, अंक 147, पृष्ठ 14

2 राज्य, 6 संस्करण

मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





ट्रंप को नोबेल पुरस्कार पर घिरा पाकिस्तान 14

मानसून में भी चलेगा नक्सल विरोधी अभियान 12


# नगर पालिका को दो करोड़, नगर पंचायतों को एक करोड़ के काम की आजादी

## योगी सरकार का बड़ा फैसला: निकायों को अधिक वित्तीय स्वायत्तता, गड़बड़ी पर ठेकेदार व प्रशासनिक अधिकारी से होगी वसूली

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** योगी सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए नगर पालिका परिषदों को दो करोड़ रुपये तो नगर पंचायतों को एक करोड़ रुपये तक के कार्य स्वयं करने की आजादी दे दी है। अभी तक उन्हें केवल 40 लाख रुपये तक के कार्य कराने की ही अनुमति थी।



नगर विकास विभाग ने एसओपी में संशोधन करते हुए नगरीय निकायों को अधिक वित्तीय स्वायत्तता देने का आदेश जारी किया है। लेकिन, चेतावनी भी दी है कि निर्माण कार्यों में गड़बड़ी या गुणवत्ता में कमी मिली तो पचास-पचास प्रतिशत राशि संबंधित ठेकेदार और प्रशासनिक अधिकारी से वसूला जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नगरीय निकायों को बड़े कार्य करने की आजादी देने के निर्देश बीते दिनों नगर विकास विभाग की बैठक में दिए थे। इसके अनुपालन में नगर विकास विभाग ने 74वें संविधान संशोधन के मुताबिक वर्ष 2021 में जारी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) में संशोधन करते हुए बाजार दरों में वृद्धि को ध्यान में रखते हुए नगर पंचायतें 1 करोड़ रुपये और नगर पालिका परिषदें 2 करोड़ रुपये के निर्माण और अन्य विकास कार्य करने की मंजूरी दी है। विकास कार्यों के लिए आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल पर भी जोर दिया गया है। नगरीय निकायों की 3.75 मीटर से अधिक चौड़ी सड़कों के निर्माण के लिए एफडीआर तकनीकी का प्रयोग किया जा सकेगा। ये सड़कें सीसी रोड़ या डमरीकृत बनाई जाएंगी। इसके अलावा 3.75 मीटर तक चौड़ी सड़कों पर इंटरलॉकिंग टाइल्स का प्रयोग किया जा सकेगा, बशर्ते वह मुख्य मार्ग न हों और उन पर भारी वाहन न चलते हों।

साथ ही, नई एसओपी के तहत 3.75 मीटर से कम चौड़ी सड़कों के लिए केसी- टाइप नाली और उससे अधिक चौड़ी सड़कों के लिए यू-टाइप आरसीसी नाली के निर्माण को मंजूरी दी गई है। इनका निर्माण लोक निर्माण विभाग और आईआरसी मानकों के अनुसार किया जाएगा। निकायों को निर्देशित किया गया है कि वे वार्डवार सड़क डायरेक्ट्री, अभिलेखीकरण और जीआईएस मैपिंग करें।

### निर्माण कार्यों की गुणवत्ता व जवाबदेही के नए मानक तय

नगर विकास विभाग ने नगरीय निकायों के निर्माण एवं विकास कार्यों में गड़बड़ी या गुणवत्ता में कमी के लिए संबंधित ठेकेदार, अभियंता और प्रशासनिक अधिकारी की जवाबदेही को नये सिरे से तय किया है। एसओपी में किए गए प्रमुख संशोधन के अनुसार, किसी भी निर्माण या विकास कार्य में गुणवत्ता की कमी या मापन में त्रुटि के कारण यदि अतिरिक्त भुगतान होता है, तो उसकी वसूली संबंधित ठेकेदार से 50 प्रतिशत और शेष 50 प्रतिशत राशि अभियंता एवं प्रशासनिक अधिकारियों से वसूल की जाएगी। वसूली की प्रक्रिया जिलाधिकारी द्वारा निर्धारित व संचालित की जाएगी।

> एसओपी में संशोधन से स्थानीय नगरीय निकायों को न केवल वित्तीय स्वायत्तता मिलेगी, बल्कि विकास कार्यों की गुणवत्ता और पारदर्शिता भी सुनिश्चित होगी। यह नगरीय प्रशासन को जनहित में अधिक प्रभावी बनाएगा।
>
> **-अमृत अभिजात**, प्रमुख सचिव नगर विकास विभाग

## दिल्ली मौसम कार्यालय का एक्स अकाउंट हैक

- **अनुचित पोस्ट किए जाने की शुरू की गई जांच**

**नई दिल्ली।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के क्षेत्रीय मौसम पूर्वानुमान केंद्र (आरडब्ल्यूएफसी) द्वारा कुछ अनुचित पोस्ट दोबारा पोस्ट किए जाने के एक दिन बाद विभाग ने रविवार को कहा कि उसका 'एक्स' अकाउंट हैक हो गया है और मामले की जांच की जा रही है।

एक न्यूज एजेंसी ने शनिवार शाम को आईएमडी का ध्यान इस मुद्दे की ओर दिलाया था। इसके बाद, आईएमडी ने 'रीपोस्ट' किए गए पोस्ट को हटा दिया और जांच शुरू कर दी। आईएमडी ने रविवार को जारी एक बयान में कहा कि आरडब्ल्यूएफसी नई दिल्ली का 'एक्स' खाता शनिवार को हैक हो गया था और कुछ अनुचित पोस्ट की गई थीं। बयान में कहा गया है कि उन पोस्ट को हटाने के लिए सुधारात्मक कार्रवाई की गई। मामले की आगे जांच की जा रही है।

# अमेरिका ने बोला ईरान पर हमला तीन परमाणु केंद्रों को किया तबाह

## व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष छिड़ने की आशंका, ईरान ने भी दी जवाबी कार्रवाई की धमकी

तेल अवीव, एजेंसी

इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध में अमेरिका भी कूद पड़ा है। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकने के मकसद से इजराइल की ओर से शुरू किए गए हमलों को मजबूती प्रदान करते हुए अमेरिका ने रविवार तड़के तीन ईरानी परमाणु केंद्रों पर हमले किए।

ईरान की जवाबी कार्रवाई की धमकी के बीच लंबे समय से दुश्मन रहे ईरान को कमजोर करने के लिहाज से यह एक जोखिम भरा कदम माना जा रहा है, जिससे व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष छिड़ने की आशंका है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 'व्हाइट हाउस' से राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि ईरान के प्रमुख परमाणु केंद्रों को पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने अमेरिकी हमलों पर कहा कि अब कूटनीति का दौर बीत गया और उनके देश को आत्मरक्षा का अधिकार है। उन्होंने तुर्किये में प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि अमेरिका में युद्धोन्मादी, अराजक प्रशासन इस आक्रामक कृत्य के खतरनाक और दूरगामी प्रभावों के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार है। अरागची ने यह भी कहा कि अमेरिका ने परमाणु केंद्रों पर हमला कर सारी हदें पार कर दी हैं, कल रात जो हुआ वह सबसे खतरनाक था। उन्होंने कहा कि रविवार के बाद वह रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिलने के लिए मॉस्को जाएंगे।

ईरान की परमाणु एजेंसी ने रविवार को पुष्टि की कि उसके फोर्दो, इस्फहान और नतांज परमाणु केन्द्रों पर हमले हुए हैं। कहा कि ईरान का परमाणु ऊर्जा संगठन राष्ट्र को आश्वासन देता है कि अपने दुश्मनों की बुरी साजिशों के बावजूद वह अपने वैज्ञानिकों एवं विशेषज्ञों के प्रयासों से उठ खड़ा होगा। ईरान और संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था ने कहा कि हमलों के बाद विकिरण के कोई संकेत नहीं है। एपी ने अमेरिकी हमले के बाद ली गई उपग्रह तस्वीरों का विश्लेषण किया है। इन तस्वीरों में फोर्दो परमाणु केंद्र के प्रवेश द्वारों को नुकसान पहुंचा नजर आ रहा है और हवा में हल्के भूरे रंग का धुआं छाया हुआ नजर आ रहा है। अमेरिका और इजराइल के अधिकारियों ने कहा है कि अमेरिकन स्टील्थ बॉम्बर और 30,000 पाउंड वजनी बंकर-बस्टर बम ने जमीन के अंदर स्थापित ईरानी परमाणु केंद्रों को नष्ट कर दिया।



व्हाइट हाउस में ईरान पर हमले की जानकारी देते राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप।

### जवाबी कार्रवाई पर और हमले करेंगे : ट्रंप

ट्रंप ने कांग्रेस (अमेरिकी संसद) की अनुमति के बिना यह कार्रवाई की तथा उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ईरान ने अमेरिकी सेना के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की तो और अधिक हमले किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि ईरान में या तो शांति होगी या फिर त्रासदी होगी।

### ईरान बोला-हम अपने हितों की रक्षा करेंगे

ईरान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका ने ईरान के खिलाफ खतरनाक युद्ध शुरू किया है। यह भी कहा कि ईरान अमेरिकी सैन्य आक्रमण और अपराधों के खिलाफ पूरी ताकत से विरोध करने तथा ईरान की सुरक्षा एवं राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने का अधिकार रखता है।

### मोदी की पेजेशकियान से शांति बहाली की अपील



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान से फोन पर बातचीत की तथा ईरान एवं इजराइल के बीच संघर्ष को लेकर भारत की ओर से गहरी चिंता जताई और तनाव को संवाद एवं कूटनीति के माध्यम से तत्काल कम करने की अपील की। मोदी और पेजेशकियान के बीच यह बातचीत ईरान के तीन परमाणु स्थलों फोर्दो, नतांज और इस्फहान पर अमेरिका द्वारा बमबारी किए जाने के कुछ ही घंटे बाद हुई। मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उन्होंने तनाव बढ़ने पर गहरी चिंता जताई।

# एयर इंडिया का विमान बम की धमकी के बाद रियाद में उतरा

## बर्मिंघम से दिल्ली आ रही थी फ्लाइट, सभी यात्री सुरक्षित

नई दिल्ली, एजेंसी

बर्मिंघम से दिल्ली आ रही एयर इंडिया की एक उड़ान को शनिवार को बम की धमकी मिलने के बाद उसका मार्ग परिवर्तित कर सऊदी अरब के रियाद शहर में सुरक्षित उतारा गया। रविवार को एक बयान में टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन ने कहा कि यात्रियों को रियाद से उनके गंतव्य तक ले जाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है।

एयरलाइन ने परिचालन स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए अपनी उड़ान सेवाओं को अस्थायी रूप से कम कर दिया है। एयर इंडिया ने कहा कि बर्मिंघम से दिल्ली जाने वाली उड़ान संख्या एआई114 को बम की धमकी मिली थी, जिसके बाद उसे रियाद की ओर मोड़ दिया गया, जहां उसे सुरक्षित तरीके से उतारा गया और सुरक्षा जांच पूरी कर ली गई। सभी यात्रियों को विमान से उतारा गया और उनके होटल में ठहरने की व्यवस्था की जा रही है। एयरलाइन ने बताया कि 12 जून को अहमदाबाद में विमान दुर्घटना के बाद उसने स्वैच्छिक रूप से उड़ानों से पहले सुरक्षा जांच को बढ़ाया है और संचालन की स्थिरता बनाए रखने के लिए अस्थायी रूप से कुछ सेवाएं घटाई गई हैं। एयरलाइन ने कहा कि पश्चिम एशिया में हवाई क्षेत्र बंद रहने, यूरोप और पूर्वी एशिया के कई हवाई अड्डों पर रात में कर्फ्यू लागू होने, हवाई यातायात में भीड़ और कुछ अप्रत्याशित परिचालन समस्याओं जैसे बाहरी कारकों के कारण कुछ उड़ानों में देरी होती है या उन्हें रद्द भी करना पड़ता है।

**लंदन जा रहा विमान कुछ ही देर में चेन्नई लौटा : चेन्नई।** लंदन जाने वाला एक विमान रविवार को परिचालन संबंधी कारणों से यहां लौट आया। यहां हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बताया कि करीब 209 यात्रियों को लेकर उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद विमान लौट आया। यात्रियों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है।

### 19 मार्गों पर उड़ानों को कम करेगा एयर इंडिया



**नई दिल्ली।** एयर इंडिया ने रविवार को कहा कि वह 19 मार्गों पर संकरे आकार के विमानों से संचालित 118 साप्ताहिक उड़ानों को अस्थायी रूप से कम करेगी और तीन मार्गों पर सेवाएं निलंबित करेगी। टाटा समूह के स्वामित्व वाली इस एयरलाइन ने कुछ दिनों पहले कहा था कि वह चौड़े आकार के विमानों से संचालित अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों में अस्थायी रूप से 15 प्रतिशत की कटौती करेगी। एयरलाइन ने एक बयान में कहा कि वह अपने कुल संकरे आकार के बेड़े में पांच प्रतिशत से कम की अस्थायी कटौती करने जा रही है। बयान के मुताबिक, इस स्वैच्छिक निर्णय से एयर इंडिया की सेवाओं का तीन मार्गों पर अस्थायी निलंबन होगा और 19 मार्गों पर फेरों में कमी आएगी। ये परिवर्तन कम से कम 15 जुलाई 2025 तक प्रभावी रहेंगे। तीन मार्गों - बेंगलुरु-सिंगापुर, पुणे-सिंगापुर और मुंबई-बागडोगरा (एआई551/552) पर सप्ताह में सात बार उड़ानें कम से कम 15 जुलाई तक स्थगित रहेंगी। दिल्ली-बेंगलुरु और दिल्ली-मुंबई सहित कई अन्य मार्गों पर उड़ानों की संख्या में कमी की जाएगी।

## 16 करोड़ का सोना व मादक पदार्थ पकड़ा

**मुंबई।** छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क विभाग ने 16 करोड़ का मादक पदार्थ व सोना जब्त कर हवाई अड्डे के दो कर्मचारियों सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि सीमा शुल्क विभाग की हवाई खुफिया इकाई को कुछ दिनों पूर्व हवाई अड्डे के दो कर्मचारियों के तस्करी में शामिल होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने दोनों को रोककर उनके थैलों के अंदर छिपाकर रखे गए 24 कैरेट सोने के चूर्ण को बरामद किया जिसकी कीमत 4.24 करोड़ रुपये है। शनिवार को बैंकॉक से आए दो भारतीय नागरिकों से 11.881 किग्रा मादक पदार्थ जब्त किया गया जिसकी कीमत 11.88 करोड़ रुपये है।

# पश्चिमी उप्र. में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट

- **सहारनपुर, अलीगढ़, आगरा जैसे 10 जिलों में आज होगी भारी बारिश**
- **प्रदेश के 20 अन्य जिलों के लिए बिजली गिरने की चेतावनी**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में मानसून अब तराई क्षेत्रों से होते हुए पश्चिमी जिलों तक पहुंच गया है। इस बीच मौसम विभाग ने पश्चिमी उप्र. में अत्यधिक भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

सोमवार को नेपाल और उत्तराखंड से सटे तराई क्षेत्र के जिलों समेत सहारनपुर, अलीगढ़, आगरा जैसे 10 जिलों में भारी बारिश की संभावना जताई गई है। वहीं, प्रदेश के 20 अन्य जिलों के लिए गरज-चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी जारी की गई है।

मौसम विभाग के मुताबिक, 24 से 48 घंटों के भीतर प्रदेश के पश्चिम, तराई और पूर्वांचल के कई इलाकों में भारी बारिश की स्थिति बनी रहेगी। सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, आगरा, फिरोजाबाद, बिजनौर और मुरादाबाद आदि जिलों में भारी से अत्यधिक भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। इन इलाकों में बारिश के चलते जलभराव, बिजली आपूर्ति बाधित होने और ट्रैफिक प्रभावित होने की आशंका है।

वहीं, फतेहपुर, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा और औरैया में गरज-चमक के साथ वज्रपात (आकाशीय बिजली) का खतरा बताया गया है। मौसम विभाग की ओर से लोगों को खुले में न जाने और पेड़ों के नीचे शरण न लेने का सुझाव दिया गया है।



### ललितपुर में हुई सबसे अधिक 132 मिमी बारिश

इससे पहले रविवार को बुंदेलखंड के ललितपुर में प्रदेश की सबसे अधिक 132 मिमी बारिश दर्ज की गई। वहीं, राजधानी लखनऊ और आसपास के जिलों में रुक-रुक कर बारिश होती रही, जिससे तापमान में गिरावट आई और मौसम सुहाना हो गया। मौसम विभाग ने संकेत दिए हैं कि आने वाले तीन-चार दिनों में पूरे प्रदेश में कहीं हल्की तो कहीं भारी बारिश का सिलसिला जारी रहेगा।

## प्रतिकूल मौसम में उड़ान के लिए नए दिशा-निर्देश जारी

**नई दिल्ली।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने प्रतिकूल मौसम के दौरान एयरलाइन के लिए अपने परिचालन दिशा-निर्देशों में संशोधन किया है। इनमें इस बात पर बल दिया गया है कि सुरक्षा को 'समय-सारिणी के पालन' से अधिक प्राथमिकता दी जानी चाहिए तथा पायलटों को अप्रत्याशित परिस्थितियों में उड़ानों का मार्ग बदलने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। अनुसूचित और गैर-अनुसूचित एयरलाइन कंपनियों को अद्यतन परिचालन परिपत्र जारी करते हुए नियामक ने कहा कि पायलटों को दृश्य संकेतों की उपकरणों से जांच करनी चाहिए।

# यात्री को 25 हजार रुपये हर्जाना देगा स्पाइसजेट

- **गलत टिकट जारी करने पर उपभोक्ता आयोग का निर्देश**

मुंबई, एजेंसी

उपभोक्ता आयोग ने एक वरिष्ठ नागरिक को गलत टिकट जारी करने के मामले में एयरलाइन कंपनी स्पाइसजेट को यात्री को 25,000 रुपये का जुर्माना देने का आदेश दिया है।

यहां एक एक उपभोक्ता आयोग ने कहा है कि 2020 में यात्री की यात्रा का मार्ग बदलते समय एयरलाइन ने उसे गलत टिकट जारी किया। जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग, मुंबई (उपनगर) ने 17 जून को पारित आदेश में, यात्री को 'मानसिक उत्पीड़न' के लिए स्पाइसजेट को सेवा में खामी और लापरवाही का जिम्मेदार ठहराया है। घाटकोपर इलाके में रहने वाले शिकायतकर्ता एक वरिष्ठ नागरिक हैं। उन्होंने पांच दिसंबर, 2020 के लिए मुंबई से दरभंगा और दो दिन बाद वापसी की यात्रा के लिए स्पाइसजेट की टिकट बुक की थी। मुंबई से दरभंगा की यात्रा पूरी हो गई थी, लेकिन खराब मौसम के कारण वापसी की उड़ान रद्द कर दी गई। शिकायत में कहा गया है कि उन्हें आठ दिसंबर को मुंबई में पीएचडी ऑनलाइन परीक्षा देनी थी, इसलिए उन्होंने वैकल्पिक व्यवस्था का अनुरोध किया।

## आईएनएस तमाल 1 जुलाई को नौसेना में शामिल होगा

- **गाइडेड मिसाइल प्रणाली से लैस है यह युद्धपोत**

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय नौसेना के रूस में निर्मित गाइडेड मिसाइल युद्धपोत आईएनएस तमाल को एक जुलाई को रूस के तटीय शहर कलिनिनग्राद में नौसेना में शामिल किया जाएगा। गाइडेड मिसाइल युद्धपोत 'आईएनएस तमाल' अनेक मिसाइलों और निगरानी प्रणालियों को ले जाने में सक्षम है।

अधिकारियों ने बताया कि जहाज में 26 प्रतिशत घटक स्वदेशी हैं, जिसमें समुद्र और जमीन दोनों पर निशाना साधने के लिए ब्रह्मोस लंबी दूरी की क्रूज मिसाइल भी शामिल है। भारतीय नौसेना के अनुसार, युद्धपोत 'आईएनएस तमाल' 125 मीटर लंबा है और इसका वजन 3900 टन है। इस युद्धपोत में भारतीय और रूसी अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों तथा युद्धपोत निर्माण की सर्वोत्तम पद्धतियों का उपयोग किया गया है। नौसेना में शामिल होने के बाद तमाल भारतीय नौसेना की स्वॉर्ड आर्म में शामिल हो जाएगा। स्वॉर्ड आर्म भारतीय नौसेना में पश्चिमी बेड़े के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला एक पद है।

**फर्जीवाड़ा** 15 जिलों के करीब 100 मदरसा संचालकों पर दर्ज होगी एफआईआर, केंद्र सरकार ने 11 जिलों में एसआईटी गठित कर जांच कराने को कहा

# छात्रवृत्ति में हेराफेरी : 26 जिलों के सैकड़ों मदरसों पर होगी कार्रवाई

- **वर्ष 2021-22 व 2022-23 में फर्जीवाड़ा कर हड़पे करोड़ों रुपये**

इंद्रभूषण दुबे, लखनऊ

**अमृत विचार :** मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों के हक पर संचालक ही डाका डाल रहे हैं। फर्जीवाड़ा कर छात्रों का वजीफा हड़प कर जा रहे हैं। जांच में सामने आया कि प्रदेश के 26 जिलों में संचालित सैकड़ों मदरसों के संचालकों ने छात्रवृत्ति के नाम पर करोड़ों रुपये की हेराफेरी की है।

15 जिलों के करीब 100 मदरसा संचालकों के फर्जीवाड़ा सामने आने पर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने का आदेश दिया गया। 11 जिलों में एसआईटी बनाकर 60 से अधिक मदरसों की जांच कराने के बाद विधिक कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। मदरसा संचालक छात्रों को दी जाने वाली छात्रवृत्ति को हड़पने के लिए नए तरीके अख्तियार कर रहे हैं। इस हेराफेरी का खुलासा बायोमिट्रिक व्यवस्था लागू होने के बाद हुआ। शुरू के दो वर्ष के छात्रवृत्ति वितरण की जांच की गई तो फर्जीवाड़ा सामने आ गया। कई मदरसों का पता चला जिनका कोई अस्तित्व ही नहीं है। न तो क्लास रूम है, न ही छात्र हैं। जबकि कागजों में सैकड़ों छात्र दर्ज है। बायोमिट्रिक सिस्टम लागू होने के बाद कई मदरसों ने अल्पसंख्यक विभाग के अधिकारियों से सांठगांठ कर छात्रवृत्ति की रकम हासिल कर ली। हालांकि पोल खुलते ही अधिकारियों ने मदरसा संचालकों के खिलाफ फर्जीवाड़ा की रिपोर्ट दे दी। इसके बाद ऐसे मदरसों का सत्यापन कर सूची मांगी गई। कुछ जिलों के अधिकारियों ने सत्यापन के बाद सूची जून के पहले सप्ताह तक नहीं दी थी। अल्पसंख्यक विभाग के सूत्रों के मुताबिक केंद्र सरकार ने 2021-22 के सत्र में छात्रवृत्ति वितरण के लिए बायोमिट्रिक सिस्टम लागू किया। नई व्यवस्था के बाद छात्र की बायोमिट्रिक के बिना छात्रवृत्ति नहीं निकल सकेगी। इसके बाद छात्रों के बायोमिट्रिक पंजीकरण कराये गए। सैकड़ों मदरसा संचालकों ने तकनीकी खामियां बताकर पंजीकरण में देरी की और 2021-22 और 2022-23 सत्र की छात्रवृत्ति हड़प ली। पोल खुली तो ऐसे मदरसों पर कार्रवाई शुरू की है। इसी आदेश के तहत दुबग्गा में संचालित दो मदरसा संचालक पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

### मदरसा संचालकों दर्ज होगी एफआईआर

केंद्र सरकार के आदेश पर अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के निदेशक ने 13 जून को आदेश जारी किया। जिसमें कई मदरसों पर फर्जीवाड़ा कर छात्रवृत्ति की रकम हड़पने की बात कही। इन में 15 जिले शामिल हैं। जिन जिलों के मदरसा संचालकों पर एफआईआर दर्ज करानी है। उनमें बस्ती, गाजियाबाद, गाजीपुर, हापुड़, कानपुर नगर, लखनऊ, महोबा, मैनपुरी, मुजफ्फरनगर, प्रतापगढ़, सहारनपुर, संतकबीरनगर, सीतापुर, उन्नाव और कुशीनगर शामिल हैं।

### एसआईटी की जांच के बाद होगी कार्रवाई

विशेष जांच टीम (एसआईटी) बनाकर फर्जीवाड़ा करने वाले मदरसों की जांच कराने का निर्देश दिया गया है। इनमें आगरा, अंबेडकरनगर, संभल, बदायूं, बुलंदशहर, अमरोहा, कुशीनगर, मेरठ, मिर्जापुर, मुरादाबाद और गोंडा के करीब 60 मदरसे शामिल हैं। वहीं, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के निदेशक ने जो रिपोर्ट केंद्र को भेजी है उसमें बस्ती, बिजनौर, बदायूं और सहारनपुर चार जिलों के अधिकारियों पर सत्यापन रिपोर्ट न देने की बात कही है।

# संगम नगरी में खेलों का महासंग्राम शुरू

## एक हजार से अधिक एथलीटों ने भरी हुंकार, सर्वाधिक उप्र के 223 खिलाड़ी स्पर्धा में हो रहे शामिल

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार।** 23वीं नेशनल जूनियर अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप का शुभारंभ आज मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में बूंदाबांदी के बीच हुआ। तीन दिवसीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप में देशभर से 1,000 से अधिक युवा एथलीट शामिल हुए है। उद्घाटन अवसर पर बारिश ने खेलों में कुछ देर के लिए बाधा उत्पन्न कर दी, जिसके कई प्रतियोगिताएं निर्धारित समय से शुरू नहीं हो सकीं। आज सुबह साढ़े पांच बजे से 3,000 मीटर दौड़ से चैंपियनशिप का शुभारंभ हुआ। पहले दिन 100 मीटर, 400 मीटर, 1500 मीटर, डिस्कस थ्रो, लॉन्ग जंप, हाई जंप, शॉट पुट, पोल वॉल्ट और जैवलिन थ्रो जैसी कुल 10 स्पर्धाएं हुई। प्रतियोगिता से पहले शनिवार को एथलीटों का मेडिकल परीक्षण होना था, लेकिन व्यवस्थाओं की कमी के कारण यह प्रक्रिया बाधित रही। जिन खिलाड़ियों के पास फेडरेशन का आईडी कार्ड नहीं था, उनका चेकअप देर तक नहीं हो पाया। मध्य प्रदेश से आए खिलाड़ी आकाश कुम ने बताया कि कई बार गेट तक बंद कर दिया गया, जिससे मेडिकल जांच के लिए मशक्कत करनी पड़ी, जिन खिलाड़ियों का मेडिकल नहीं हो पाया था, उन्हें प्रतियोगिता में हिस्सा लेने की अनुमति नहीं दी गई। उत्तर प्रदेश से सर्वाधिक 223 एथलीट मैदान में उतरेंगे। हरियाणा (99), राजस्थान (87), मध्य प्रदेश (64), दिल्ली (61), तमिलनाडु (60) सहित अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में खिलाड़ी आए हैं। प्रतियोगिता दो शिफ्टों में होगी। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के निदेशक रविंदर चौधरी ने कहा कि प्रतियोगिता को पूरी पारदर्शिता के साथ आयोजित किया जाएगा।


मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में शुरू हुई प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी। अमृत विचार


विधायक राजेंद्र मौर्य को मांगपत्र देते उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी।

### परिषदीय विद्यालयों के मर्जर के विरोध में सौंपा मांगपत्र

**संवाददाता, प्रतापगढ़, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की शाखा प्रतापगढ़ की ओर से सदर विधायक राजेंद्र मौर्य को परिषदीय विद्यालयों के मर्जर या पेयरिंग के विरोध में मुख्यमंत्री को संबोधित मांगपत्र सौंपा गया। संघ के जिला अध्यक्ष सुशील मिश्र ने मर्जर प्रक्रिया को गलत निर्णय बताते हुए सरकार से वापस लेने का अनुरोध किया तथा जिलामंत्री प्रफुल्ल सिंह ने बताया कि परिषदीय विद्यालयों का पेयरिंग (मर्जर) करके प्राथमिक विद्यालयों को बंद करने का गलत प्रयास किया जा रहा है जो कि आरटीई एक्ट व शिक्षा का अधिकार अधिनियम का सीधा उल्लंघन है। सरकार को विद्यालय पेयरिंग का निर्णय शीघ्र वापस लेना चाहिए। मांगपत्र देने वालों में जिला अध्यक्ष सुशील मिश्र, जिला मंत्री प्रफुल्ल सिंह, मोहम्मद आमिर, राहुल पाण्डेय, विनोद सरोज, शिवजी तिवारी, मो. मकसूद, कुलदीप, नवनीत, राशिद, आदर्श आदि शिक्षक मौजूद रहे।


Achievers Law College Of Lucknow
NARVADESHWAR LAW COLLEGE
Approvedby BCI & Lucknow University
15 PCS-J, 1 IPS, 22 GOLD, 1 Chancellor
ADMISSION OPEN
LL.B. 3YRS & 5YRS
BA, B.Com, BBA. MBA & D.PHARM. GNM(AYD)
Hostel & Placement Facility Available
Special Guidance For PCS-J Exam
Malhaur Road Chinhat, Gomti Nagar, Lko
www.narvadeshwar.org
9918132882, 945045458


## सार-संक्षेप

### 50 हजार का इनामी गैंगस्टर गिरफ्तार

**रानीगंज, प्रतापगढ़, अमृत विचार।** एसटीएफ के सहयोग से रानीगंज पुलिस ने रविवार को 50 हजार के इनामी गैंगस्टर को गिरफ्तार कर लिया। उस पर श्रावस्ती, बहराइच, प्रयागराज और प्रतापगढ़ में हत्या, लूट के 12 मामले दर्ज हैं। रानीगंज क्षेत्र में पिछले साल हुई एक डकैती के मामले में श्रावस्ती के हरदत्त नगर गलगल गोटिया निवासी महमूद खां आरोपी था। पुलिस ने उसके खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई करने के बाद 50 हजार का इनाम घोषित किया था। इस बीच उसके दमनदीव से लौटने की जानकारी के बाद प्रयागराज एसटीएफ के निरीक्षक अनिल कुमार सिंह को उसकी लोकेशन रानीगंज इलाके में मिली। उन्होंने रानीगंज एसओ अर्जुन सिंह के साथ उसे दांदूपुर तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया।

### तबादले को आए 1772 आवेदन, 27 को जारी होगी सूची

**प्रयागराज, अमृत विचार।** प्रदेश के सहायता प्राप्त अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों (एडेड) में आनलाइन तबादले की तैयारियां व्यापक स्तर पर शुरू हो गयी है। आनलाइन तबादले के लिए 1772 आवेदन पत्र आये हैं उनकी फीडिंग शुरू हो गयी है। आनलाइन तबादले की सूची 27 जून को जारी होने जा रही है। प्रदेश में 4500 एडेड विद्यालय है जिसमें संस्था प्रमुख (प्रधानाचार्य), प्रवक्ता और सहायक अध्यापकों के आनलाइन तबादले के लिए आवेदन लिया गया है। इस दौरान तबादले के लिए कुल 1772 आनलाइन आवेदन पत्र आये हुए हैं। अपर शिक्षा निदेशक माध्यमिक (एडी) सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने बताया कि आनलाइन जो भी आवेदन तबादले के लिए आये हुए हैं उनकी फीडिंग चल रही है। यह फीडिंग दो दिन में पूरी होगी और उसकी फिर से जांच होगी कि कहीं कोई गड़बड़ी तो नहीं है उसके बाद 27 जून को एडेड विद्यालयों के प्रधानाचार्य, प्रवक्ता और सहायक अध्यापकों के तबादले की सूची जारी कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि तबादला सूची जारी होने के एक हफ्ते में सभी को तबादले वाले विद्यालयों में कार्यभार संभालना होगा जिससे कि एक जुलाई से खुल रहे विद्यालयों में शिक्षण प्रभावित ना होने पाए। अपर शिक्षा निदेशक माध्यमिक सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने बताया कि आनलाइन तबादले के दौरान इस बात पर भी ध्यान रखा गया है कि किसी भी तदर्थ शिक्षक का तबादला नहीं होगा क्योंकि वह तबादले के दायरे में नहीं आते हैं।

### करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**प्रतापगढ़, अमृत विचार।** लालगंज कोतवाली क्षेत्र के पूरे हरजू गांव में रविवार शाम इनवर्टर की मरम्मत के दौरान 25 वर्षीय विजयचंद पटेल करंट की चपेट में आ गए। परिजन उन्हें तुरंत लालगंज ट्रामा सेंटर ले गए। जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। ट्रामा सेंटर में उसे मृत घोषित करते ही परिजन दहाड़ मारकर रोने लगे। सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### बिजली कटौती से व्यापारियों में नाराजगी

**प्रतापगढ़, अमृत विचार।** लालगंज कस्बे में रविवार को व्यापारियों ने बैठक की। बैठक में दिन-रात लगातार अघोषित बिजली कटौती को लेकर नाराजगी जताई। नाराज व्यापारियों ने बैठक में कहा कि भीषण गर्मी में जब बिजली की जरूरत है तो जमकर कटौती की जा रही है। कस्बे के साथ ग्रामीण इलाके में भी बिजली कि कटौती की जा रही है। जिससे न केवल घरेलू उपभोक्ताओं को परेशानी हो रही है, बल्कि किसानों को भी परेशान होना पड़ रहा है। बैठक में व्यापारियों ने लगातार हो रही बिजली कटौती पर नाराजगी जताई और कटौती में जल्द सुधार न होने पर प्रदर्शन की चेतावनी दी। बैठक अध्यक्षता व्यापार मंडल अध्यक्ष उदय शंकर दुबे ने की। इस मौके पर राजू सिंह, अखिलेश मिश्र, राजकुमार मिश्र, डॉ. रमाशंकर शुक्ल, कमलाप्रसाद जायसवाल, सिल्लू मिश्रा, अंजनी कौशल, एबादुर्ररहमान आदि मौजूद रहे।

## युवती ने यमुना में लगाई छलांग, नाविकों ने बचाया

**नैनी/प्रयागराज, अमृत विचार।** नए यमुना पुल पर रविवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक युवती ने रेलिंग पर चढ़कर यमुना नदी में छलांग लगा दी। जानकारी होने पर नदी में मौजूद नाविकों ने युवती को किसी प्रकार बचाकर बाहर निकाल लिया और पुलिस ने उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया। घूरपुर क्षेत्र की रहने वाली युवती किसी बात को लेकर परिजनों से नाराज थी। रविवार वह घर से चुपचाप निकल पड़ी और नए यमुना पुल पर पहुंच गई। यहां उसने अचानक रेलिंग पर चढ़कर यमुना नदी में छलांग लगा दी। यह देख आसपास मौजूद एवं गुजर रहे लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई। नदी में मौजूद नाविकों को इसकी जानकारी हुई तो वह उसे बचाने को खुद गए और उसे किसी प्रकार निकाल लिया। पुलिस ने उसे सीएचसी चाका भेज दिया। वहां से उसे स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल रेफर कर दिया गया। सूचना पाकर युवती के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

### चकमार्ग पर कब्जा हुआ तो होगी सख्त कार्रवाई : उपजिलाधिकारी

**प्रयागराज, अमृत विचार।** सोरांव तहसील के राजस्व ग्राम माधोपुर सगनगंज के अंतर्गत अहीबीपुर ग्राम के कई वर्ष के विवादित चकमार्ग की पैमाइश राजस्व और पुलिस टीम की देखरेख में आज हुई। पूर्व में भी उक्त आराजियों की पैमाइश हुई थी परंतु अतिक्रमणकारियों ने बार - बार चक मार्ग पर कब्जा कर लिया था। सोरांव एसडीएम हीरालाल सैनी ने नायब तहसीलदार मध्यवर्ती धनंजय सिंह की अध्यक्षता में उक्त भूमि की नाप के लिए राजस्व टीम का गठन किया। राजस्व टीम में क्षेत्रीय लेखपाल रमेश कुमार पटेल सहित अन्य लेखपाल राजकुमार सागर, विकास सिंह, अवनीश पांडे, मोहम्मद वारिस व पुलिस प्रशासन मौके पर उपस्थित होकर चक मार्ग का सीमांकन कर विवाद समाप्त कराया। सोरांव एसडीएम हीरालाल सैनी ने तत्काल चक मार्क निर्माण के लिए संबंधित विभाग को निर्देश जारी किया। उन्होंने कहा कि अगर फिर से अतिक्रमण होता है तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। मौके पर पुलिस, प्रशासन व राजस्व प्रशासन ने अतिक्रमणकारियों को सचेत करते हुए कहा कि यदि पुनः रास्ता अवरुद्ध किया गया तो दोषियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी। उधर, आवागमन संचालित होने पर क्षेत्रीय लोगों ने प्रसन्नता व्यक्ति की।

### जनता दर्शन में बोले मुख्यमंत्री, सबको मिलेगा न्याय

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह जनता दर्शन में पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। आश्वस्त किया कि सबको न्याय मिलेगा। अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर पीड़ित की समस्या पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए। इसमें हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गोरखनाथ मंदिर परिसर में जनता दर्शन के दौरान करीब 200 लोगों से प्रार्थना पत्रों को लेकर मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। सबको न्याय मिलेगा और सबकी पीड़ा दूर की जाएगी। जनता दर्शन में आईं जमीन कब्जा संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गरीबों की जमीन कब्जामुक्त कराएं और अवैध कब्जा करने वाले दबंगों को कानूनी सबक सिखाएं।

## अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार क्लासीफाइड

**NOTICE**

I, Tamanna Aziz, daughter of Tarun Kumar, born on 13 August 1983, formerly known as Tamanna Kumar, hereby declare that I have changed my name to Tamanna Aziz. I confirm that all academic, legal, and personsl documents issued under the name Tamanna Kumar belong to me, Tamanna Aziz, and refer to the same person. It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा बड़ा बेटा अजय वर्मा शराब पीकर मुझसे अभद्रता, गाली-गलौज व मारपीट करता है। जिससे मेरी सामाजिक स्थिति को ठेस पहुंच रही है। इसमें उनकी पत्नी अनीता बराबर की भागीदार है। इसलिए मैं अपने बेटे अजय वर्मा व उसकी पत्नी अनीता को अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूं। आज से मेरा इस बेटे व उसकी पत्नी से किसी प्रकार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं है। **-रामस्वरूप वर्मा पुत्र बल्ला निवासी मोहल्ला-गढ़ी, कस्बा व परगना व थाना व तहसील बांगरमऊ उन्नाव।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा घरेलू नाम कान्ती देवी तथा बाहरी नाम तारावती है। दोनों नाम मेरे ही हैं। अतः मुझे दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता है। **कान्ती देवी उर्फ तारावती पत्नी हरीशचंद्र, ग्राम रतनपुर मशमूले प्रानपुर परगना, तहसील व जिला बलरामपुर**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **लाल सिंह गौतम पुत्र स्व0 माधव प्रसाद निवासी ग्राम रामनगर परगना व तहसील मलिहाबाद जिला लखनऊ,** मेरे दो पुत्र क्रमशः अरूण कुमार व आशुतोष कुमार है। मेरे बड़े पुत्र अरुण कुमार का चाल-चलन व आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक नहीं है तथा मुझसे व मेरे परिवार से हमेशा मारपीट करते हैं। मैं अपने बड़े पुत्र अरुण कुमार के खराब चालो-चलन व आचरण से काफी आहत हूँ इसलिए मैं उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ आज से मेरा व मेरे परिवार से उनका कोई भी रिश्ता-नाता नहीं रहा है यदि वह कोइ भी अपकृत्य या अपराध कर हैं तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा मेरी व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**सूचना**

मै **महेंद्र पाल पुत्र श्याम बाबू नाई निवासी ऐरवा पछेला थाना ऐरवा कटरा जिला औरैया**, उत्तर प्रदेश का हूँ। मै अपने पुत्र सौरभ व इनकी पत्नी प्रिया के झगडालू स्वभाव के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। आज के बाद इनके द्वारा नैतिक अनैतिक कार्यो से मेरा व मेरे परिवार का कोई संबंध नही होगा। इन दोनों लोगो के द्वारा किये गए किसी भी कृत्यो के लिए यही जिम्मेदार होंगे।

**NOTICE**

I, Anil Bhatia, Authorised representative of M/s, Modern Laboratories .E-172, Transport Nagar Lucknow-226012. Sincerely declare that i have lost my road permit Form-38 of FY 2014-15 ( R.P.No.-1071551) when going to CA office on 24.05.25, I tried hard to find that permit but failed to find out


शोध निदेशालय
Directorate of Research
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
Mahatma Jyotiba Phule Rohilkhand University, Bareilly
Phone No. : 0581-4022293 E-mail : director.dor@mjpru.ac.in
Ph.D. Admission Notice
Applications are invited for the admission to Doctor of Philosophy (Ph.D.) full time / part time and D.Sc./D.Litt. in various subjects from 18 June 2025. Only online applications are acceptable. Online application form and detailed instructions are available on www.mjpru.ac.in and https://mjprudor.ac.in.
REGISTRAR


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,**
**प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, अमेठी**
E-mail Id-eepdpwdcsmnagar@gmail.com

ई-निविदा सूचना

पत्रांक 2532/14ए0 /2025 दिनांक 13.06.2025

महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 के ''ए'' ''बी0'', ''सी0'' एवं ''डी0'' श्रेणी में मार्ग कार्य हेतु पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | खण्ड का नाम | कार्य का नाम | लागत रू0 लाख में | धरोहर धनराशि रू0 लाख में | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रु0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | (Ist Call) | | | | |
| 1 | प्रा0ख0 अमेठी | विधानसभा अमेठी के अन्तर्गत अन्य जिला मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य | 15.00 | 1.50 | 944 | 03 माह |
| 2 | प्रा0ख0 अमेठी | विधानसभा गौरीगंज के अन्तर्गत राज्य मार्ग/ प्रमुख जिला मार्ग /अन्य जिला मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य | 15.00 | 1.50 | 944 | 03 माह |
| 3 | प्रा0ख0 अमेठी | विकास खण्ड भादर के अन्तर्गत ग्रामीण मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य | 20.00 | 2.00 | 944 | 03 माह |
| 4 | प्रा0ख0 अमेठी | विकास खण्ड अमेठी के अन्तर्गत ग्रामीण मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य | 20.00 | 2.00 | 944 | 03 माह |
| 5 | प्रा0ख0 अमेठी | विकास खण्ड संग्रामपुर के अन्तर्गत ग्रामीण मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य | 20.00 | 2.00 | 944 | 03 माह |
| 6 | प्रा0ख0 अमेठी | विकास खण्ड भेंटुआ के अन्तर्गत ग्रामीण मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य | 20.00 | 2.00 | 944 | 03 माह |
| 7 | प्रा0ख0 अमेठी | विकास खण्ड गौरीगंज के अन्तर्गत ग्रामीण मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य | 20.00 | 2.00 | 944 | 03 माह |
| 8 | प्रा0ख0 अमेठी | विकास खण्ड शाहगढ़ के अन्तर्गत ग्रामीण मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य | 20.00 | 2.00 | 944 | 03 माह |
| 9 | प्रा0ख0 अमेठी | विकास खण्ड मुसाफिरखाना के अन्तर्गत ग्रामीण मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य | 20.00 | 2.00 | 944 | 03 माह |
| 10 | प्रा0ख0 अमेठी | विकास खण्ड जामों के अन्तर्गत ग्रामीण मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य | 12.00 | 1.20 | 944 | 03 माह |

बिड डाक्यूमेंट बेवसाइट http://e-tender.up.nic.in पर दिनांक 25.06.2025 से 02.07.2025 तक उपलब्ध है, जो कि दिनांक 02.07.2025 समय दोपहर 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 02.07.2025 को अपरान्ह 12:30 बजे के उपरान्त अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, अमेठी के कार्यालय में खोली जायेगी।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी बेवसाइट http://e-tender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

UP - 235192 **दिनांक:** 20/06/2025
**विज्ञापन वेबसाइट** www.up.gov.in **पर उपलब्ध है।**

(शैलेन्द्र कुमार)
अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, अमेठी

# पंचतत्व ने बनाई मुक्त विश्वविद्यालय में सिंदूर वाटिका



**प्रयागराज, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में रविवार को ऑपरेशन सिंदूर को समर्पित पंचतत्व सिंदूर यात्रा के पहुंचने पर सिंदूर वाटिका बनाने का कार्य प्रारंभ किया गया। पंचतत्व संस्था की संस्थापक वाटर वूमेन शिप्रा पाठक ने उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विवि के कुलपति प्रो सत्यकाम के साथ विश्वविद्यालय के यमुना परिसर में वृक्षारोपण किया। उन्होंने सिंदूर, चंदन, तेजपत्ता, इलायची, पाकड़, नीम और गंधराज के पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में वाटर वूमेन शिप्रा पाठक ने बताया कि पांच जून को दिल्ली में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिह के बंगले पर सिंदूर का पौधा लगाकर पांच राज्यों के 7,000 किलोमीटर की वाहन यात्रा प्रारंभ की गई। दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, राजस्थान गुजरात के बाद यात्रा पुनः वाराणसी होते हुए प्रयाग पहुंची है। इस यात्रा में 38000 लोग जुड़े और ढाई लाख पौधों को लगाने का संकल्प लिया गया। सिंदूर वटिका के लिए 11 लाख सिंदूर के बीजों का संकल्प लिया गया।

बताया इस यात्रा के दौरान 21 कुलपतियों ने अपने कैंपस में पौधारोपण किया। उन्होंने प्रो सत्यकाम के साथयमुना परिसर में वृक्षारोपण कर सिंदूर वाटिका का शुभारंभ किया। सुश्री पाठक ने बताया कि विगत 10 वर्षों में पंचतत्व संस्था की ओर से 25 लाख पौधे रोपित किया जा चुके हैं। महाकुंभ में 25 लाख पौधों का वितरण थाली एवं कपड़े के थैलों के साथ किया जा चुका है। प्रयागराज से आगे बढ़ते हुए यात्रा लखनऊ में गोमती के किनारे विश्राम लेगी। कुलपति प्रो सत्यकाम ने शिप्रा पाठक का स्वागत करते हुए कहा कि पर्यावरण को संरक्षित करना हम सब की जिम्मेदारी है। कहा कि विवि स्तर पर पर्यावरण संरक्षण की मुहिम को आगे बढ़ाना बहुत ही उत्कृष्ट कार्य है। उन्होंने कहा कि आज पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रदेश सरकार भी विभिन्न अभियान चला रही हैं जिसके अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम का भी पौधारोपण कुलपति प्रो सत्यकाम ने किया। इस अवसर पर प्रो शिव शंकर सिंह, कुलसचिव कर्नल विनय कुमार, डॉ देवेश रंजन त्रिपाठी, प्रोफेसर एके मलिक, डॉ अभिषेक सिंह, डॉ. प्रभात चन्द्र मिश्र आदि उपस्थित रहे।


## वर्ग पहेली-10

**बाएं से दाएं**

3. चीन देश की भाषा।
4. नदी, सरिता।
7. तपन, उष्णता, गरमी।
8. 1. कंपकपी 2. कांपना।
9. 1. पृथक, अलग, किसी स्थान विशेष से हट कर, फासले पर 2. देशकाल के विचार से बहुत अंतर पर।
10. किसी चीज़ को ख़ूब दलना और मलना, अच्छी तरह कुचलना

**ऊपर से नीचे**

1. बहुत बड़ी नदी।
2. 1. खुरचना, खोदना 2. लकीर खींचना 3. कंघी करना, बाल झाड़ना।
5. 1. किसी को उतरने में मदद करना 2. प्रतिलिपि करवाना, नकल करवाना।
6. 1. अस्पृश्यता, अस्पृश्य मानने की प्रथा, एक सामाजिक बुराई 2. हिंदुओं में जन्म के आधार पर ऊंच-नीच का भेद करने का विचार 3. एक प्रकार का रोग।
7. 1. चार वेदों से ग्रहण की गई लौकिक कलाओं या विद्याओं का सामूहिक नाम



### वर्ग पहेली -9 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 कु | | | 2 अ | घी |
| | 3 बे | सु | रा | | मि | |
| | | म | | | य | |
| 4 अ | ति | श | यी | 5 क | र | ण |
| ग | | र | | 6 री | स | |
| वा | | | | म | | 7 गि |
| 8 न | जू | ल | | | 9 लो | नी |

## सुडोकू-17

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | | | | 5 | | 2 |
| | | | 8 | | | | 1 | |
| | 9 | 2 | | | 7 | | 3 | |
| 2 | 4 | | | 5 | | 7 | 9 | |
| | | 9 | | | | 8 | | |
| | 7 | 3 | | 1 | | | 5 | 4 |
| | 5 | | 6 | | | 2 | 8 | |
| | 2 | | | | 3 | | | |
| 6 | | 1 | | | | | 4 | 9 |

### सुडोकू - 16 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 7 | 8 | 9 | 6 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 4 | 5 | 7 | 2 | 6 | 9 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 2 | 8 | 7 | 5 |
| 9 | 3 | 5 | 6 | 2 | 4 | 7 | 8 | 1 |
| 8 | 4 | 1 | 3 | 7 | 9 | 5 | 2 | 6 |
| 7 | 6 | 2 | 5 | 1 | 8 | 3 | 9 | 4 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 | 7 |
| 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 |
| 1 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 | 3 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति :23 जून, सोमवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी-22.09 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पूर्व **ऋतु**- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-कृतिका 15.16 तक तत्पश्चात रोहिणी।

**मेष:** आज आपके ऊपर काम का काफी दबाव रहेगा लेकिन उसे आप जिम्मेदारी पूर्वक निभा ले जायेंगे। व्यापार की स्थिति सामान्य रहेगी। ग्लैमर क्षेत्र से जुड़े लोगों को मेहनत का शानदार लाभ मिलेगा। परिवार के साथ अच्छा समय बितायेंगे। वैवाहिक जीवन रोमान्टिक रहेगा।

**वृष:** आज आप परिजनों का विशेष ध्यान रखेंगे। युवा प्रेमी परिवार में विवाह को लेकर चर्चा कर सकते हैं। विद्यार्थी उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश ले सकते हैं। कार्यक्षेत्र का वातावरण आपके अनुकूल रहेगा। इसके कारण आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन:** आज प्रेमी जोड़े किसी पर्यटन स्थल की ओर घूमने जा सकते हैं। मित्रों से आपको पर्याप्त सहायता प्राप्त होगी। अपने दिल की बात प्रेमीजन से कर सकते हैं। आर्थिक स्थिति काफी संतोषजनक रहेगी। तनाव आपके पाचन पर कुप्रभाव उत्पन्न करा सकता है।

**कर्क:** आज कार्यस्थल पर आपका प्रदर्शन बेहतरीन रहेगा। कानूनी मामलों में आपको विजय प्राप्त होगी। अटके हुए कार्यों में सुधार आने की संभावना है। परिवार के लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। पिता से आपको उत्तम सहयोग प्राप्त होगा।

**सिंह:** आज आप हर स्थिति में अपनी पूरी क्षमता और दक्षता के साथ काम करते रहेंगे। लोग आपकी ओर खिंचते चले आयेंगे। सही समय पर उचित निर्णय लेने के कारण लोग आपकी प्रशंसा करेंगे। प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिलने के आसार हैं।

**कन्या:** आज जीवनसाथी के साथ एकांत के पल बितायेंगे। जिसके कारण तनावमुक्त और ऊर्जावान महसूस करेंगे। आप लोगों के लिए प्रेरणा बन सकते हैं। पुराने कर्जों को उतारने के पूरे अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में अधिकारी वर्ग की शिकायत दूर कर देंगे।

**तुला:** आज विद्यार्थियों के लिए समय बहुत ही अच्छा रहने वाला है। भूमि संबंधी खरीदारी की योजना बनेगी। सभी कार्य सोच-समझकर ही करें। रिश्तेदारों से लाभ प्राप्त होगा। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में कामयाब रहेंगे। मौसमी बीमारियों को लेकर सावधान रहें।

**वृश्चिक:** आज जीवनसाथी के साथ आप पर्यटन के लिए जा सकते हैं। सरकारी योजनाओं का आपको लाभ मिलेगा। अविवाहित लोगों का विवाह तय होने के योग बन रहे हैं। सभी काम निरंतर गति से पूर्ण होते रहेंगे। परिजनों के साथ आपको समय बिताना चाहिए।

**धनु:** आज ऑनलाइन करोबार से आपको जबरदस्त लाभ मिल सकता है। कमीशन से जुड़े मामलों के लिए बेहद शुभ है। होटल इण्डस्ट्री से जुड़े लोगों की आय बढ़ सकती है। लोग आपकी कार्यप्रणाली की प्रशंसा करेंगे। घरवालों के साथ वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**मकर:** आज सामाजिक कार्यों में आप जुड़ सकते हैं। आप अपने लक्ष्यों के प्रति दृढ़ प्रतिज्ञ रहेंगे। कारोबारी यात्रा होने की प्रबल संभावना है। दांपत्य संबंधों में परस्पर समर्पण की भावना का विकास होगा। प्रेमी जन की भावनाओं का सम्मान करें।

**कुंभ:** आज समाजसेवी संस्थाओं से आप जुड़ने का प्रयास कर सकते हैं। पुराने मित्रों से आपकी मुलाकात हो सकती है। प्रेमी जन से अपने दिल की बात कर सकते हैं। वकालत के पेशे से जुड़े लोगों को बड़े केस मिल सकते हैं।

**मीन:** आज धन से जुड़ी समस्याओं का निदान होने की संभावना है। साझेदारी के व्यापार में आपको लाभ मिलेगा। आप अपने विरोधियों पर भारी पड़ेंगे। जमीन और संपत्ति से आपको धन लाभ होगा। युवाओं को अपनी योग्यता का प्रदर्शन करने के अवसर मिलेंगे।

पांच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
बस "खुशबू" ही नहीं स्वाद भी है
"शुद्धता का एहसास" ... भी है। ...
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

# प्राथमिक विद्यालयों का मर्जर भारत के भविष्य पर हमला

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** प्रदेश में भाजपा सरकार द्वारा सरकारी प्राथमिक विद्यालयों को मर्ज करने की योजना को लेकर पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इसे न केवल गरीब, दलित, पिछड़े और आदिवासी वर्ग के बच्चों के भविष्य पर सीधा हमला बताया, बल्कि इसे संविधान के खिलाफ एक सुनियोजित साजिश करार दिया। डॉ. पुनिया ने कहा कि सरकारी स्कूल सिर्फ शिक्षा का केंद्र नहीं हैं, बल्कि वे सामाजिक समरसता, लैंगिक समानता और अवसर की समानता के प्रतीक हैं। अगर आज हमने आवाज नहीं उठाई, तो आने वाली पीढ़ियाँ शिक्षा के अधिकार से वंचित रह जाएंगी।

उन्होंने मर्जर नीति को शिक्षा के निजीकरण और बाजारीकरण को बढ़ावा देने वाला फैसला बताया जिससे समाज के सबसे कमजोर वर्ग को और पीछे धकेला जाएगा।



डॉ. पीएल पुनिया, पूर्व सांसद।

पूर्व सांसद ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने शिक्षा का अधिकार कानून लागू कर देशभर में प्राथमिक विद्यालयों का जाल बिछाया और मिड-डे-मील व प्राथमिक शिक्षा मिशन जैसी योजनाओं से लाखों गरीब बच्चों को मुख्य धारा से जोड़ा, लेकिन आज की सरकार इन उपलब्धियों को मिटाने पर तुली है। डॉ. पुनिया ने चेतावनी दी कि अगर भाजपा सरकार यह फैसला वापस नहीं लेती, तो कांग्रेस पार्टी सड़क से संसद तक आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस राज्यपाल से इस मामले में हस्तक्षेप की मांग करेगी और सरकार को संविधान विरोधी नीति को वापस लेने के लिए बाध्य किया जाएगा। कांग्रेस पार्टी ने इस आंदोलन में सभी कांग्रेसियों, शिक्षक संगठनों, अभिभावकों और सामाजिक संगठनों से सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया है। पुनिया ने कहा कि यह केवल सरकारी स्कूल बचाने की लड़ाई नहीं है, बल्कि यह भारत के भविष्य और गरीब बच्चों के अधिकार की लड़ाई है।

## एसपी की फटकार, हत्या की रिपोर्ट

**निन्दूरा, बाराबंकी,अमृत विचार :** घुघंटेर थाना क्षेत्र में एक झोपड़पट्टी में युवक का शव मिलने की घटना में आखिर थाना पुलिस बैकफुट पर आ गई। एसपी की फटकार के बाद पुलिस ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज की। एक दिन पूर्व पुलिस इसे हत्या मानने से इंकार करते हुए तहरीर लेने को ही तैयार नहीं थी। बजगहनी गांव में अरविंद पिछले लगभग 15 वर्षों से बजगहनी गांव में माता प्रसाद गौतम के यहां रहकर गांव के पास रैगवां मार्ग स्थित पुल के समीप खेतों की रखवाली किया करता था। शनिवार सुबह उसका शव खेत के पास बनी झोपड़ी में मिला, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। शव के हालात बता रहे थे कि युवक की हत्या की गई है। शव पर कई जख्मों के साथ ही एक हाथ टूटा मिला। पुलिस मौके पर तो पहुंची पर वह इसे हत्या मानने से इंकार करती रही। आरोप यह कि मनमाफिक तहरीर का जोर परिजनों पर डाला गया। परिजनों और ग्रामीणों के विरोध के बाद जब मामला पुलिस अधीक्षक तक पहुंचा, तो उनके निर्देश पर देर रात हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। मृतक के संरक्षक माता प्रसाद गौतम ने बताया कि पुलिस ने पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही हत्या की तहरीर ली। रविवार को सीओ फतेहपुर जगतराम चौरसिया, थाना प्रभारी बेचू सिंह यादव तथा एसओजी टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल की गहन जांच की।

## एक नजर

### जन्मदिन पार्टी में विवाद युवक के साथ की मारपीट

**बाराबंकी : अमृत विचार :** हाईवे स्थित कालिका हवेली में बर्थडे पार्टी के दौरान एक युवक पर अचानक हमला कर दिया गया। आरोप है कि इस दौरान उसके दस हजार रुपये कहीं गिर गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सरथरा निवासी हीरा यादव ने पुलिस को बताया कि घटना 14 जून की देर रात की है। जब हीरा यादव अपने मित्रों प्रियांशु और अभिषेक के साथ कालिका हवेली होटल में आर्यन यादव का जन्मदिन मना रहे थे। बताया गया कि इसी दौरान भुहेरा पुरवा गांव निवासी हर्षित पुत्र अवधेश, अरमान और सत्या पहुंचे और बिना किसी कारण गाली-गलौज करते हुए हीरा यादव से मारपीट करने लगे। पीड़ित हीरा यादव ने बताया कि इस हंगामे के दौरान उसकी जेब में रखे दस हजार रुपये भी कहीं खो गए। घटना के दौरान जब पीड़ित के दोस्त बीच-बचाव के लिए आगे आए तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने कोतवाली नगर बाराबंकी में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### ईकेवाइसी की आखिरी मियाद 30 जून तक

**बाराबंकी, अमृत विचार :** एक बार फिर राशन कार्ड ई केवाइसी की अंतिम तिथि 30 जून तय की गई है। इसके बाद केवाईसी का अवसर न मिलने और राशन वितरण में परेशानी की बात कही गई है। जिला पूर्ति अधिकारी राकेश तिवारी ने बताया कि सभी राशन कार्डधारक अपने राशन कार्ड में शामिल समस्त यूनिट सदस्यों की ईकेवाइसी 30 जून तक अनिवार्य रूप से करवा लें। ऐसा न करने पर भविष्य में राशन वितरण में असुविधा हो सकती है साथ ही केवाइसी न कराने वाले परिवारों का नाम संभावित रूप से अपात्र सूची में जोड़ा जा सकता है। उन्होने कहा कि राशन कार्ड में सम्मिलित सभी सदस्यों की ईकेवासी कराना अनिवार्य है।

### तीन वांछित गिरफ्तार

**बाराबंकी,अमृत विचार :** थाना कुर्सी पुलिस टीम ने आज बीएनएस में वांछित अरविन्द कुमार पुत्र सोहनलाल निवासी बाबूपुर मजरे दरावां व आतिम उर्फ शैलेन्द्र कुमार पुत्र ओमप्रकाश यादव निवासी कोड़री मजरे दरावां दोनों थाना कुर्सी को पोखन्नी रेगुलेटर के पास से गिरफ्तार किया। थाना जैदपुर पुलिस टीम ने वांछित अभियुक्त शैलचन्द्र पुत्र विजय कुमार निवासी किशुन दासपुर थाना बदोसराय को बंगला बाजार चौराहे के पास से गिरफ्तार किया।

### क्रिकेट मैच को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** खेत में क्रिकेट मैच खेलने से मना करने पर दो पक्षों में मारपीट हो गई। पुलिस ने एक पक्ष की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कस्बा के पूरे मित्तई वार्ड निवासी करन रावत ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि रविवार सुबह एक कोचिंग इंस्टीट्यूट के पीछे अपने साथियों के साथ क्रिकेट मैच खेल रहा था। मौके पर पहुंचे लिल्हौरा वार्ड के निवासी इंद्रेश प्रताप सिंह ने उसकी पिटाई कर दी साथ ही जाति सूचक शब्द कहे। कोतवाल अभिमन्यु मल्ल ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। वहीं दूसरे पक्ष का कहना है कि मामला पूरी तरह फर्जी है। अपने खेत में मैच खेलने से मना किया तो करन विवाद करने लगा।

# पुलिस से दो कदम आगे चल रहे टप्पेबाज, जिलेभर में फैला नेटवर्क

## पुलिस ने दिया दखल तो टप्पेबाजों ने बदले तौर तरीके, कुछ घटनाएं खुलीं तो तमाम अनसुलझीं

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** आम नागरिकों व व्यापारियों के साथ टप्पेबाजी की बढ़ती घटनाएं पुलिस के लिए चुनौती का रूप ले रही हैं। पुलिस ने कुछ घटनाओं का खुलासा भी किया पर असर ठीक उलटा हुआ। टप्पेबाजी की घटनाएं और बढ़ गईं। पुलिस से दो कदम आगे रहने के लिए इनके तौर तरीके भी वक्त रहते बदलते गए। खासकर दिनचर्या के कामों से निकलने वाले वरिष्ठ नागरिक इन टप्पेबाजों का आसान शिकार बन गए हैं। ऐसी घटनाओं का भय भी बराबर बना हुआ है।

शहर में देवा रोड पर आनंद भवन स्कूल के पास महिला सुमन वर्मा के साथ बीते बुधवार की शाम जो हादसा हुआ, वैसा ही हादसा करीब चार माह पूर्व एक बुजुर्ग के साथ यहीं पर हुआ था। दोनों ही घटनाओं में पीड़ित यह जान ही नहीं सके कि घटना के समय उन्हे हो क्या गया। होश आने पर वह सबकुछ खो चुके थे। इसी तरह शहर में पुलिस चौकी के पास व घंटाघर पर सर्राफा की दो दुकानों पर टप्पेबाजी करते हुए जेवर गायब कर दिए गए। यह सभी घटनाएं अब तक अनसुलझी हैं। इन घटनाओं के अलावा टप्पेबाजी की वारदातों की पूरी फेहरिस्त है जो यह साबित करने के लिए काफी है कि शहर हो या ग्रामीण इलाके, आमजन के साथ हो या फिर प्रतिष्ठान, किसी न किसी रूप में टप्पेबाजों के आस पास ही हैं। फर्क इतना है कि वक्त के साथ इनके तौर तरीके बदलते रहते हैं। कुछ घटनाओं का खुलासा कर पुलिस अपनी पीठ तो थपथपा लेती है लेकिन उसके ठीक बाद होने वाली वारदात खुलासों पर सवालिया निशान खड़ा करती आ रही है। वह भी तब जब अपराध के बढ़ते ग्राफ के साथ ही लोगों ने सीसीटीवी का इस्तेमाल भी बढ़ा दिया है।

सीसीटीवी फुटेज पुलिस के लिए बड़ा सहारा बनी है इसके बावजूद अनसुलझी घटनाएं आमजन में भय पैदा करने के साथ ही टप्पेबाजों के हौसले बढ़ा रही हैं। सबसे अहम बात तो यह है कि शहर तक सीमित टप्पेबाजी अब ग्रामीण इलाकों की ओर रुख कर चुके हैं। मोहम्मदपुर खाला, देवा, घुंघटेर, रामनगर, कुर्सी जैसे इलाकों में टप्पेबाजी की घटनाओं में कई के खुलासे हुए तो कई अनसुलझी हैं।

### पुलिस मामलों पर नजर बनाएं रखीं हैं : एएसपी

अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी रितेश कुमार सिंह ने बताया कि इस तरह की घटनाओं का समय समय पर खुलासा होता रहा है। पुलिस की नजर ऐसी वारदातों पर बराबर बनी हुई है। अन्य वारदातों के खुलासे पर पुलिस काम कर रही। इसके लिए सीसीटीवी फुटेज आदि की मदद ली जा रही है।

# रुपये मांगे तो मामा ने किया अपहरण और कार में जहर खिलाकर की हत्या का प्रयास

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

### शर्मनाक

- धोखाधड़ी के शिकार युवक ने खोए 36 लाख रुपये
- होश में आने पर युवक ने पुलिस को बताई अपनी बात पर नहीं हुई सुनवाई।
- कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार :** हैदरगढ़ कोतवाली क्षेत्र के एक युवक ने जमीन के सौदे में 36 लाख रुपये गवां दिए। धोखा खाए पीड़ित ने रुपये वापस मांगे तो मामा आदि ने मिलकर उसका अपहरण कर लिया और कार में ही जहर खिलाकर जान लेने की कोशिश की। होश में आने पर उसने पुलिस को पूरी बात बताई पर किसी ने नहीं सुनी। विवश होकर पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली, कोर्ट के आदेश पर असंद्रा थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

जानकारी के अनुसार हैदरगढ़ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सरांय चौबे मजरे खरसतिया के दुर्गेश तिवारी 24 ने आरोप लगाया कि उनके मामा रामकुमार ने यह कहकरकि उनके रिश्तेदार नरेन्द्र कुमार तिवारी अपनी अयोध्या स्थित ज़मीन बेचना चाहते हैं विश्वास में ले लिया। इसके बाद दुर्गेश ने विभिन्न तिथियों में 21.30 लाख बैंक ट्रांसफर से और 15 लाख नकद नरेन्द्र कुमार को दिए। कुल मिलाकर 36,30,000 की धनराशि दुर्गेश द्वारा दी गई। 13 जनवरी 2021 को ज़मीन का बैनामा तो हुआ, लेकिन उसमें सिर्फ 18 लाख की राशि दर्शाई गई और वह ज़मीन वास्तव में अस्तित्व में नहीं निकली। जब दुर्गेश ने कब्जा लेने की कोशिश की, तब उन्हें इस पूरे षड्यंत्र का पता चला, जिसमें मामा रामकुमार व गवाह राजेन्द्र प्रसाद की संलिप्तता भी उजागर हुई। जब उसने पैसे वापस मांगे, तो टालमटोल शुरू कर दी गई। दुर्गेश ने आरोप लगाया कि 4 मई को वह सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम भनवापुर जा रहे थे, तो रास्ते में असंद्रा थाना क्षेत्र के ग्राम अकोहरी के पास उनकी बाइक को कार से टक्कर मारकर गिराने के बाद उसे कार में डालकर अपहरण किया गया। मुंह में जहरीला पदार्थ डालकर उसकी जान लेने की कोशिश की गई। होश में आने पर उसने अपने परिचितों को सूचित किया, जो उसे लेकर थाना असन्द्रा पहुंचे लेकिन पुलिस ने एक नहीं सुनी। एसपी के सामने भी पेश हुआ पर नतीजा सिफर रहा। विवश होकर उसने न्यायालय की शरण ली।

# बंद नाली बनी मुसीबत, खड़ंजे पर भरे गंदे पानी से ग्रामीण परेशान

रामनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** ग्राम अतरौली में नाली बंद होने के कारण गंदा पानी गांव के खड़ंजे पर भर गया है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह हो गई है कि पूर्व माध्यमिक विद्यालय के सामने भी गंदे पानी का जमावड़ा हो गया है, जिससे न केवल राहगीरों को दिक्कत हो रही है, बल्कि आने वाले समय में स्कूली छात्र-छात्राओं की पढ़ाई भी प्रभावित हो सकती है। ग्रामीण दुर्गेश कुमार, कमलेश, जगदीश, सुरेंद्र, अर्जुन, राजकुमार सहित दर्जनों लोगों ने इस गंभीर समस्या को लेकर एसडीएम को शिकायती पत्र सौंपा है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले करीब 25 वर्षों से गांव के सभी घरों का गंदा पानी सोनेलाल के घर से होकर एक कच्ची नाली के माध्यम से समदा तालाब में जाता था। अब वह नाली बंद कर दी गई है, जिससे गंदा पानी रास्ते पर बह रहा है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि जब नाली को दोबारा खोलने की बात कही गई तो गांव के ही राजू देशराज द्वारा उन्हें धमकी दी गई। स्थिति इतनी बिगड़ गई है कि खड़ंजे से गुजरने वाले लोगों को बदबू और गंदगी के बीच से निकलना पड़ रहा है।




रास्ते में भरा गंदा पानी

# बारिश से किसानों को बड़ी राहत

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** कई दिन का टोटा दूर करते हुए रविवार की सुबह बादल बरस ही गए हालांकि धूप बारिश के तालमेल ने बारिश रुकने के बाद मजा किरकिरा कर दिया। शहर से लेकर ग्रामीण इलाके तक लोग पूरे दिन पसीने से नहाते रहे। हालांकि बारिश का एक फायदा यह हुआ कि धान की फसल की तैयारी कर रहे किसानों को खेत तैयार मिल जाएंगे। मानसून के सक्रिय होने के बाद भी बारिश न होने से आमजन के चेहरे मायूसी से लटके हुए थे, आसमान पर सफर करते बादलों ने हाजिरी जमकर दर्ज कराई पर एक बूंद बरसे नहीं। इससे गर्मी के तेवर बराबर बने रहे। भीषण गर्मी का माहौल लोगों के बीच चर्चा का विषय बना ही हुआ था कि रविवार की सुबह उनकी शिकायत दूर हो गई। रुक रुक कर ही सही पर बादलों ने बारिश शुरु कर दी, इसी बीच धूप छांव का खेल भी चलता रहा। करीब आधे घंटे के बाद बारिश थमी तो तेज धूप का धरती पर कब्जा हो गया। हवा के कुछ थम जाने से ऐसा मौसम बना कि लोग बेहाल हो गए, पसीने से नहा गए। इस बदलाव के बाद लोग बारिश को कोसते दिखाई दिए। इस फेरबदल के बीच पारा 35 डिग्री के आस पा रहा, दोपहर बाद चली हवाओं ने थोड़ी राहत प्रदान की। रविवार को हुई बारिश का सबसे बड़ा फायदा किसानों को हुआ, धान की तैयारी कर रहे किसानों को खेत में अपेक्षित नमी मिल जाएगी। जिससे उन्हे पानी मिलने के सहारे नहीं रहना होगा। किसान विक्रांत सैनी ने बताया कि यह बारिश किसानों के लिए फायदेमंद है।



रविवार सुबह हुई झमाझम बारिश। अमृत विचार

# बेटी जन्म देते ही बढ़ी सीता की प्रताड़ना, भगाया

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार:** ससुराल में बेटी को जन्म देते ही सीता की मुसीबतें बढ़ गईं। नाराज ससुरालियों की प्रताड़ना तेज हो गई और अब बहाना दहेज में पांच लाख रुपये न मिलना बन गया। सुलह समझौते के बावजूद सीता को ससुराल से भगा दिया गया। कोतवाली क्षेत्र के संतोषपुर गांव की रहने वाली सीता पुत्री बबलू ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका विवाह 9 मई 2022 को पड़ोसी जिला अमेठी के थाना शिवरतनगंज के गदुआपुर गाँव के रामू पुत्र पुर्नवासी के साथ हुआ था। विवाह के एक वर्ष बाद पुत्री का जन्म हुआ। पुत्री के जन्म के बाद से ही ससुरालियों ने पुत्री का जन्म होने के कारण उलाहना देने लगे।

# आम महोत्सव में दिखीं 150 से ज्यादा किस्में

### आयोजन

- पद्मश्री कलीमुल्ला खान की नई प्रजातियां सचिन व एश्वर्या ने मोहा मन
- गुलाब खास, मल्लिका, हुश्नआरा, अम्बिका व पान पराग भी थे शामिल

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** स्वर्गीय राजीव चौधरी पर्यावरण संरक्षण समिति द्वारा आयोजित 14वें आम महोत्सव का रविवार को स्टेशन रोड स्थित मुगल दरबार में आयोजन हुआ। जिला सत्र न्यायालय की मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुधा सिंह ने महोत्सव का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी में 150 से अधिक आम की किस्मों का प्रदर्शन किया गया। इनमें देशी आम के साथ गुलाब खास, मल्लिका, हुश्नआरा, अम्बिका और पान पराग शामिल थे। विशेष आकर्षण कोलकता का हिमसागर, महाराष्ट्र का अल्फांसो, जापान का मियां जाकी और भोपाल का सुर्खा रहे। पद्मश्री कलीमुल्ला खान द्वारा विकसित नई प्रजातियां नूरजहां, सचिन तेंदुलकर, एश्वर्या राय बच्चन, अनारकली और डॉक्टर गोला विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। ये किस्में अपनी गुणवत्ता और आकर्षक रंग के लिए जानी जाती हैं। भयारा के बागवान अलीम किदवई ने बागों में जहरीले रसायनों के प्रयोग से बचने की अपील की। उन्होंने पर्यावरण संतुलन के लिए हर घर में एक आम का पेड़ लगाने का सुझाव दिया। कार्यक्रम का संचालन मो उमैर किदवई ने किया। कार्यक्रम संयोजक एवं पर्यावरणविद् हाजी सलाउद्दीन किदवई और जतिन चौधरी ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर राजनाथ शर्मा, सुनील झुनझुनवाला, मो. मोहसिन, पूर्व ब्लाक प्रमुख सुरेन्द्र वर्मा, पूर्व विधायक सरवर अली खान, विधायक सुरेश यादव, विकास यादव, सभासद ताज बाबा राईन, सपा प्रवक्ता फराज किदवाई, हुमायूं नईम खान, इरफान कुरैशी समेत जिलेभर से आम की बागवानी के शौकीन लोग उपस्थित रहे।



प्रदर्शनी में आम की किस्में देखतीं सीजेएम।

## सार-संक्षेप

### विजय कुमार को गोप ने किया सम्मानित



नीट परीक्षा पास करने पर विजय गौतम को सम्मानित करते गोप।

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी,अमृत विचार :** निंदुरा ब्लॉक के ग्राम बिलंदीपुर निवासी विजय कुमार गौतम ने नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर जिले का नाम रोशन किया है। विजय की इस सफलता पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने सिविल लाइन स्थित अपने आवास पर माला पहनाकर, अंगवस्त्र व टेबलेट भेंट कर उनका सम्मान किया। गोप ने कहा कि विजय ने यह सिद्ध कर दिया कि सरकारी विद्यालयों के छात्र भी डॉक्टर बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हर प्रतिभावान गरीब छात्र की शिक्षा में मदद करेगी, जैसा पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने संकल्प लिया है। इस मौके पर पूर्व विधायक राम गोपाल रावत, डॉ. कुलदीप सिंह, सुरेश गौतम, हशमत अली गुड्डू, ताज बाबा राईन, संतोष रावत व श्याम सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे।

### जब्त किए गए दुकान से मिले घरेलू सिलेंडर

**बाराबंकी, अमृत विचार :** 2023 के दिसंबर माह में प्रसिद्ध समोसा की दुकान से बरामद हुए 7 घरेलू सिलेण्डरों को आवश्यक वस्तु एवं खाद्य अधिनियम के तहत जब्त करने की कार्रवाई की गई है। क्षेत्राधिकारी नगर, थाना कोतवाली नगर पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम ने 24 दिसंबर 2023 को दशहराबाग पंचम दास कुटी पर चल रहे प्रतिष्ठान समोसा सम्राट की दुकान पर छापा मारा। कार्यवाही के दौरान दुकान पर 7 घरेलू गैस सिलेण्डर का अवैध रूप से कामर्शियल रूप में प्रयोग होता मिला। इसके अलावा मौके पर 3 छोटे गैस चूल्हा व 1 बड़ा गैस चूल्हा भी बरामद हुआ था। बरामदगी के आधार पर थाना कोतवाली नगर पर आवश्यक वस्तु एवं खाद्य अधिनियम के तहत दुकान स्वामी वीरेन्द्र गुप्ता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। घरेलू गैस सिलिण्डरों का अवैध रूप से व्यवसायिक रूप में प्रयोग कर आर्थिक एवं भौतिक लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से किया गया। डीएम के निर्देश के बाद इन सिलेंडरों को जब्त करने की कार्रवाई की गई।

### कृषि विभाग के वरिष्ठ सहायक के निधन पर शोक की लहर

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार : कृषि विभाग में वरिष्ठ सहायक के पद पर कार्यरत राजेश कुमार श्रीवास्तव के असामयिक निधन की खबर से विकास भवन में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन की सूचना पर सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने गहरा शोक व्यक्त किया। जिला कृषि अधिकारी रजित राम सहित कार्यालय के स्टाफ सर्वदेव श्रीवास्तव, रेहान वारिस, गरिमा श्रीवास्तव ने स्व. राजेश श्रीवास्तव को श्रद्धांजलि दी। वहीं विकास भवन कर्मचारी परिषद के अध्यक्ष मुस्तफा खां, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ललित चौधरी, महामंत्री गौरव वर्मा, कोषाध्यक्ष हंसराज यादव तथा राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला अध्यक्ष हसीब अहमद व जिला संरक्षक सगीर नूरी ने भी गहरा दुख जताया। वरिष्ठ साहित्यकार अनिल कुमार श्रीवास्तव 'लल्लू', चंद्रेश कुमार श्रीवास्तव, सुमन गौतम, जावेद अहमद, ग्राम्य विकास मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष राकेश दीक्षित, महामंत्री कुरेश अहमद, विष्णु कुमार बाजपेई, अनिल दुबे, हर्षित मिश्रा, राजीव वर्मा सहित अनेक अधिकारियों व कर्मचारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं राजकीय वाहन चालक संघ के जिला अध्यक्ष अनिल वर्मा एवं मंत्री फूलचंद ने भी शोक व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिवार को इस दुख की घड़ी में संबल देने की प्रार्थना की।

### योग को जीवन में अपनाने का लिया संकल्प



योग करते छात्र-छात्राएं व कॉलेज प्रबंधन के लोग। अमृत विचार

**बाराबंकी,अमृत विचार :** श्री बैजनाथ शिवकला पीजी कॉलेज एवं विधि महाविद्यालय में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय था 'निरोग जीवन के लिये नियमित योगाभ्यास की महत्ता'। जिस पर यौगिक ट्रीटमेंट सेंटर लखनऊ के वरिष्ठ योग प्रशिक्षक ऋषभ मिश्रा ने विस्तार से व्याख्यान दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के संस्थापक रामपाल वर्मा, प्रबंधक ई. रमेश कुमार वर्मा, प्राचार्य डॉ. अमरेश सिंह, लॉ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पंकज राव, बीएड एवं बीटीसी विभागाध्यक्ष डॉ. आशुतोष कुमार वर्मा, डॉ. स्नेहा विश्वास सहित अनेक शिक्षक एवं सभी संकायों के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# बूंद-बूंद पानी को तरस रहे ग्रामीण, अफसर बेपरवाह

### लापरवाही

- भीषण गर्मी में भी पूरा नहीं शुद्ध पेयजल का वादा
- करोड़ों खर्च, मोटर सही कराने में कंजूसी

विवेक शुक्ला, रामनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** जल ही जीवन है और गर्मी के मौसम में जल का क्या महत्व है यह बताने की जरूरत नहीं लेकिन जल निगम की कार्यप्रणाली कुछ और ही साबित कर रही है। पानी की टंकी बनकर खड़ी है और ग्रामीण ऐन गर्मी के वक्त एक एक बूंद पानी को तरस रहे। वजह टंकी में लगी मोटर की खराबी है, वक्त रहते विभाग इस कमी को दूर क्यों नहीं कर सका, इसका जवाब अफसर ही बेहतर दे सकते हैं।

बता दें कि जल निगम की उदासीनता ग्रामीणों पर बहुत भारी पड़ रही है। भयंकर गर्मी के मौसम में लगभग दो माह से बुढ़वल गाँव के लोग बूंद बूंद पानी को तरस रहे हैं। तमाम शिकायतों के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो पाया और विभागीय अधिकारी कान में उंगली डाले हुए बैठे हैं। विकास खंड रामनगर की ग्राम पंचायत बुढ़वल में जल निगम द्वारा बनाई गई पानी की टंकी का मोटर करीब दो माह से खराब पड़ा है। जिससे ग्रामीणों के लिए जलसंकट बना है, उन्हे पीने को शुद्ध जल नसीब नही हो पा रहा है। आलम यह कि गाँव के लोगो को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा। ग्रामीणों का आरोप है कि भीषण गर्मी की शुरुआत होते ही मोटर खराब हो गया था, इसे सही न कराने से अब पानी की समस्या को लेकर ग्रामीण परेशान है। विभागीय अधिकारियों से तमाम शिकायतों के बावजूद मोटर सही नहीं हो सका। यही हाल ग्राम बिछलखा का भी है, करीब एक सप्ताह से पानी की सप्लाई बंद है।

### पानी के लिए हाहाकार



गांव की रहने वाली रामा देवा ने बताया कि गर्मी का प्रचंड रूप किसी से छिपा नही है। इस समय पानी की जरूरत बेतहाशा है तो एक एक बूंद पानी के लिए हाहाकार मचा है। सरकार का शुद्ध पेयजल का वादा ही अधूरा रहा जा रहा।

### आमजन की चिंता नहीं



दिनेश राठौर का कहना है कि अधिकारी बेलगाम हो गए हैं। उन्हे आमजन की जरा भी चिंता नहीं है। ग्रामीण पानी के लिए इधर उधर भटक रहे पर यह परेशानी एसी में बैठे अफसरों को नहीं दिखाई दे रही है।

### टंकी बनाने का क्या फायदा



यहां की कुसुम का कहना है कि मार्च के अंतिम सप्ताह से गर्मी का असर हर ओर है। बिना पानी के घर से बाहर का कोई काम नहीं निपटता। इस तरह टंकी बनाने का क्या फायदा जब कुछ रुपये खर्च कर मोटर नहीं सही कराई जाए।

### टोटियां सूखी पड़ी



अष्टभुज मिश्रा ने बताया कि गर्मी के दस्तक देने के साथ ही जल की सप्लाई बंद हो गयी थी। दो माह बीतने को हैं पर टोटियां सूखी पड़ी हैं। शुद्ध जल नसीब नही हो पा रहा है। बाराबंकी में बैठे आला अफसरों को इसका संज्ञान लेना चाहिए।

### जल्द होगा समस्या का समाधान : अधिशासी अभियंता

इस संबंध में जल निगम के अधिशासी अभियंता अमित कुमार से बात की गई। जल निगम के अधिशासी अभियंता ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है, जल्द ही समस्या का समाधान किया जाएगा।



बुढ़वल गांव में बनी पानी टंकी।

# मॉकड्रिल के लिए तैयार की टीम

## 26 जून को बिसवां, लहरपुर व महमूदाबाद तहसीलों में होगा मॉक अभ्यास

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर


उपजिलाधिकारियों के साथ बैठक करते एडीएम नीतीश कुमार सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार:** जनपद की बाढ़ और कटान प्रभावित तहसीलों में मॉकड्रिल के लिए जिलाधिकारी ने टीम तैयार कर ली है। 26 जून को बिसवां, लहरपुर और महमूदाबाद में बाढ़ बचाव के सभी कार्य किये जाएंगे। अपर जिलाधिकारी ने जिलाधिकारी के दिए निर्देशों के आधार पर बैठक करते हुए निर्देश दिये हैं।

बैठक में राहत शिविरों की पहचान, नावों की उपलब्धता, जीवन रक्षक सामग्री, चिकित्सा एवं पशु चिकित्सा सुविधाएं, राशन वितरण, पेयजल व्यवस्था तथा सड़क मरम्मत व संपर्क मार्गों की योजना समय से पूर्ण किये जाने पर बल दिया गया। अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह ने बताया कि मॉक एक्सरसाइज इसलिए आवश्यक है क्योंकि यह आपदा के समय त्वरित अवसर प्रदान करता है। बैठक में संसाधनों की उपलब्धता, विभागीय भूमिका, संचार तंत्र और आपसी समन्वय पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी संतोष नारायण गुप्त, संबंधित तहसीलों के उपजिलाधिकारीगण तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**राशन कार्ड वितरण पर जोर**

अपर जिलाधिकारी ने राशन वितरण सुनिश्चित कराने को लेकर जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिये। जल निगम, चिकित्सा विभाग, पशुपालन, बिजली, लोक निर्माण, संचार, सिविल डिफेंस सहित सभी विभागों को उनके दायित्व स्पष्ट रूप से बताए गए और समन्वय सुनिश्चित करने पर बल दिया गया।

# थानाध्यक्ष बदल जाने के बाद भी चोरों के हौसलों में नहीं आई कमी

**फॉलोअप**

- नवागत थानाध्यक्ष के लिए चुनौती बनी क्षेत्र में लगातार हो रहीं चोरियां

संवाददाता, इमलिया सुल्तानपुर



सूचना के बाद पंचायत भवन में जांच-पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार:** इमलिया सुल्तानपुर थाना इलाके में इन दिनों चोरों के हौसले बुलंद हैं। क्षेत्र में लगातार चोरी की बढ़ती घटनाओं को लेकर ही जिले के मुखिया ने इमलिया थाने का जिम्मा नए थानाध्यक्ष को सौंप दिया लेकिन चोरों के हौसलों में कोई कमी देखने को नहीं मिली है।

मालूम हो कि इलाके में चोरी की घटनाओं पर अंकुश न लगा के कारण पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने बीते दिनों इंस्पेक्टर शैलेन्द श्रीवास्तव को निलंबित कर दिया था। जिसके बाद सांडा चौकी इंचार्ज श्यामू कनौजिया को इमलिया थाने की कमान सौंपी थी। लेकिन एसपी के इस फेरबदल के बाद भी इमलिया क्षेत्र में चोरों के हौसले कम नहीं हुए और देर रात अज्ञात चोरों ने ग्राम पंचायत ढ़ोलई खुर्द के मजरा दारानगर में बने पंचायत भवन में घुसकर उसमें रखी अलमारी का शीशा तोड़ दिया। हालांकि प्रधान प्रतिनिधि ढ़ोलई खुर्द दयाशंकर द्वारा पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र के अनुसार चोरों द्वारा सिर्फ कागजों के बिखरने व खराब करने की ही बात कही गई। जबकि प्रार्थना पत्र देने से पहले कुछ सामान चोरी की भी बात कही गई थी। वारदातों को लेकर थानाध्यक्ष इमलिया सुल्तानपुर श्यामू कनौजिया का कहना वारदातों के खुलासे को लेकर प्रयास किया जा रहा है।

# 60 लाख की लागत से गोड़ैचा चौराहा पर बनेगा महात्मा गौतम बुद्ध चौराहा


उद्घाटन करतीं विधायक आशा मौर्य। अमृत विचार

**सदरपुर, अमृत विचार:** महमूदाबाद के समीप स्थित गोड़ैचा चौराहा अब महात्मा गौतम बुद्ध चौराहा के नाम से जाना जाएगा। नामकरण और विकास कार्य का शुभारंभ विधायक आशा मौर्य शिलान्यास कर किया। उन्होंने बताया कि चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण 60 लाख की लागत से होगा। इस दौरान अमरीश वर्मा, कमलेश राजपूत, विजय सिंह तोमर, संजय वर्मा, अनिल यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

# पाइप लाइन खुदने से आवाजाही पर ब्रेक

**लापरवाही**

- मानपुर में जल जीवन मिशन की पाइपलाइन से रास्ता बदहाल
- कई बार शिकायत के बावजूद नहीं हुआ मरम्मत कार्य,
- कृषि कार्यों में हो रही दिक्कत

संवाददाता मानपुर, सीतापुर


गड्ढे में फंसी साइकिल। अमृत विचार

**अमृत विचार:** जल जीवन मिशन के तहत बिछाई गई पाइपलाइन ने मानपुर क्षेत्र में ग्रामीण मार्गों को पूरी तरह से बदहाल कर दिया है। रास्तों की जर्जर स्थिति से ग्रामीणों को खेती-बाड़ी और दैनिक आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पाइपलाइन कार्य के दौरान सड़कों की खुदाई के बाद मरम्मत नहीं कराई गई, जिससे गड्ढे, कीचड़ और टूट-फूट से रास्ता असुरक्षित और मुश्किल भरा हो गया है।

**कई बार दी शिकायत, फिर भी नहीं हुआ समाधान :** विकास त्रिपाठी, जगदम्बा त्रिपाठी, भगौती प्रसाद, रंगी लाल, सियाराम यादव, रामस्वरूप और वसी सहित गांव के अन्य निवासियों ने बताया कि कई बार उच्चाधिकारियों को प्रार्थना पत्र के माध्यम से मामले से अवगत कराया गया, लेकिन आज तक कोई भी मरम्मत कार्य नहीं कराया गया।

ग्रामीणों ने कहा है कि बदहाल सड़कों का शीघ्र पुनः निर्माण कराया जाए ताकि गांव के लोगों को आवागमन में राहत मिल सके और कृषि कार्यों में व्यवधान न हो। अन्यथा वे लोग जिलाधिकारी अभिषेक आनंद से मिलकर ज्ञापन सौंपेगे।

# खड़े ट्रक में घुसी ईको कार, एक की मौत, छह लोग घायल

रामसनेहीघाट, बाराबंकी

**दुर्घटना**

- गोरखपुर से लोगों को लेकर राजस्थान जा रही थी कार
- मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया

**अमृत विचार :** रविवार तड़के गोरखपुर से दवा लेने के बाद लोगों को लेकर राजस्थान जा रही ईको कार सड़क पर खड़े ट्रक से जा भिड़ी। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि छह अन्य लोग घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार कार में सवार सभी लोग राजस्थान के निवासी हैं और गोरखपुर से दवा लेकर लखनऊ की ओर लौट रहे थे। तभी लोधेसिंहपुरवा में हादसा हो गया। हादसे में कोटा निवासी आसिफ की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, कार में सवार 32 वर्षीय रिकू शर्मा, 38 वर्षीय दिनेश शर्मा निवासी विजयपुर जिला कोटा, 35 वर्षीय मुस्कान शर्मा, और 11 वर्षीय हर्षित कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके अलावा राजेंद्र शर्मा ग्राम लेजरदा, तहसील केशवरायपाटन, जिला बूंदी और शमी उल्ला जिला कोटा को मामूली चोटें आईं। हादसे की सूचना पर कोतवाली पुलिस और हथौन्धा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल एम्बुलेंस से सीएचसी बनीकोडर भेजवाया। मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि चालक को झपकी आ गई, जिससे यह हादसा हुआ। दुर्घटना के बाद अयोध्या-लखनऊ हाईवे की एक लेन पर आवागमन बाधित हो गया था, जिसे पुलिस ने कार और ट्रक को हटवाकर बहाल कर दिया। यह हादसा एक बार फिर हाईवे पर ट्रकों के अवैध खड़े होने और तेज रफ्तार वाहनों के खतरे को उजागर कर गया।

# समिति की बैठक में उठा सेहत का मुद्दा

**बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार :** मौर्य कल्याण समिति की बैठक समिति कार्यालय सेठगंज में की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के संरक्षक निर्भय मौर्य एडवोकेट ने की। बैठक पर चर्चा करते हुए समिति अध्यक्ष देवकी नंदन मौर्या ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग काम, तनाव और व्यस्त दिनचर्या द्वारा शरीर और दिमाग दोनों थक जाते हैं। ऐसे में हमें अपनी सेहत का ख्याल रखना बेहद जरूरी होता है। उन्होंने कहा कि बीते दिनों स्वामी प्रसाद मौर्य की अपनी जनता पार्टी की संविधान सम्मान और जनहित हुंकार यात्रा में राजेंद्र कुमार मौर्य द्वारा स्वयं को कल्याण समिति का तहसील अध्यक्ष मौर्य बताया गया, जो कि गलत है। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष देवकीनंदन मौर्य, संरक्षक वीरेंद्र कुमार मौर्य, उपाध्यक्ष नागेंद्र कुमार मौर्य (एडवोकेट), अनमोल कन्हैया मौर्य (एडवोकेट), महामंत्री आदित्य मौर्य, मंत्री सुनील कुमार मौर्य, कोषाध्यक्ष संतोष कुमार मौर्य आदि उपस्थित रहे।

# बाइकों की भिड़ंत, 4 की हालत गंभीर

**कमलापुर, अमृत विचार :** कमलापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गोड़ैचा चौराहे के नजदीक दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में चार लोग घायल हो गए। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। घायलों की पहचान गुड्डू महंगू (40), द्वारिका (50), उमेश (34) और अनिल (30) के रूप में हुई है। बताते हैं कि, गुड्डू महंगू और द्वारिका अपनी बेटी के ससुराल बकहुवा गांव से लौट रहे थे, तभी सामने से आ रही दूसरी बाइक से टक्कर हो गई। चौकी प्रभारी शिवम सिंह ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

# प्राकृतिक खेती किसानों के लिए है वरदान : पंकज

**संवाददाता लहरपुर, अमृत विचार:** किसानों को प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से ग्राम मोहउद्दीनपुर के मजरा गुलरी पुरवा स्थित पंचायत भवन में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में किसानों को जैविक खाद एवं प्राकृतिक कीटनाशकों के निर्माण व प्रयोग का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में सहायक तकनीकी प्रबंधक (कृषि) पंकज कुमार ने किसानों को जीवामृत, घनजीवामृत एवं नीमास्त्र जैसे जैविक उत्पादों को तैयार करने की विधि बताई। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती किसानों के लिए वरदान है। इससे न केवल मिट्टी का स्वास्थ्य सुरक्षित रहता है, बल्कि हमारी अगली पीढ़ियों के लिए धरती उपजाऊ बनी रहती है। खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अब समय आ गया है कि हम रासायनिक खेती से हटकर जैविक व प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ें। खंड तकनीकी प्रबंधक (कृषि) आशीष मिश्रा, कृषि सखी सुमन देवी और सुशीला देवी ने भी किसानों को विस्तार से सरकारी योजनाओं और प्राकृतिक खेती के लाभों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि हेमराज, किसान रामप्रकाश वर्मा, रामदत्त, सचिन कुमार वर्मा, प्यारेलाल मौर्य व परागी लाल सहित अन्य मौजूद रहे।

# पिता ने कम मांगा दहेज तो बेटे ने खौलता पानी डाल लोहे की बाल्टी से पीटकर किया अधमरा

टिकैतनगर, बाराबंकी

**कलयुगी बेटा**

- सीएचसी में भर्ती पिता, बेटे के खिलाफ रिपोर्ट
- कम दहेज में रिश्ता तय करने पर बेटे राहुल ने खोया आपा

**अमृत विचार :** रविवार को कलयुगी बेटे की करतूत से पूरा गांव स्तब्ध रह गया। शादी के लिए आए लड़की पक्ष से कम दहेज लेने बात करते ही पिता पर युवक भड़क गया और उसने पिता पर खौलता पानी डाल दिया और फिर लोहे की बाल्टी से इतना पीटा कि अधेड़ की हालत गंभीर हो गई। पुलिस ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। कलयुगी बेटे पर रिपोर्ट दर्ज की जा रही है।

थाना क्षेत्र के ग्राम जमीना निवासी रामलाल (50) के बेटे राहुल की रविवार को "देखाई" थी। लड़की पक्ष के लोग घर पर रिश्ता देखने आए थे। सबकुछ सामान्य चल रहा था, लेकिन जैसे ही लड़की वाले चले गए, घर का माहौल अचानक बदल गया। रामलाल के अनुसार, राहुल इस बात से नाराज था कि कम दहेज में उसका रिश्ता तय कर दिया गया। गुस्से में तमतमाए राहुल ने पहले पिता से बहस शुरू की और फिर रसोई में जाकर एक बाल्टी पानी गर्म की और खौलता पानी सीधे पिता रामलाल के ऊपर उड़ेल दिया।

झुलसे रामलाल चीख भी न पाए थे कि राहुल ने वही लोहे की बाल्टी उठाकर उन्हें पीटना शुरू कर दिया। गंभीर रूप से घायल रामलाल को परिजनों ने किसी तरह छुड़ाया और थाने पहुंचाया। पुलिस ने घायल को सीएचसी टिकैतनगर में भर्ती कराया है, जहां उनका इलाज जारी है।

पुलिस के अनुसार, बेटे राहुल के खिलाफ गंभीर धाराओं में कार्रवाई की जा रही है। गांव में इस दिल दहला देने वाली घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चा है।

**अनदेखी**

श्रद्धालुओं की आस्था और जलीय जीवन पर संकट, प्रशासन से कार्रवाई की मांग

# कल्याणी नदी में मछुआरे घोल रहे जहर

रामसनेहीघाट, बाराबंकी


कुछ इस प्रकार है कल्याणी नदी का हाल। अमृत विचार


**अमृत विचार :** पवित्र कल्याणी नदी में मछुआरे जहर डालकर मछलियों का शिकार कर रहे हैं। इस कारण जलीय जीवन और श्रद्धालुओं का स्वास्थ्य दोनों खतरे में पड़ गया है।

कल्याणी नदी धार्मिक दृष्टि से पवित्र मानी जाती है। यहां रोज बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान और आचमन के लिए आते हैं। जहरीले रसायनों की वजह से श्रद्धालुओं को दूषित जल का सेवन करना पड़ रहा है। स्थानीय सामाजिक संगठन जीवोत्थान सेवा समिति के पदाधिकारी विवेक सूर्यवंशी और दीपक कसौंधन ने इस कृत्य की निंदा की है। उन्होंने प्रशासन से तुरंत कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने प्रशासन को इस मामले की जानकारी दी है। उन्होंने नदी की सुरक्षा के लिए निगरानी बढ़ाने की मांग की है। साथ ही दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग भी की है। अगर समय रहते इस पर रोक नहीं लगी तो क्षेत्र की जैव विविधता को नुकसान होगा। श्रद्धालुओं का विश्वास और जन स्वास्थ्य भी प्रभावित होगा।

प्रशासन से अपेक्षा है कि वह दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे और कल्याणी नदी की पवित्रता बनाए रखने के लिए स्थायी समाधान निकाले। एसडीएम अनुराग सिंह ने बताया कि कल्याणी नदी में मछुआरे इस तरह की कोई हरकत कर रहे हैं, तो इसकी जांच कराई जाएगी।

# बारिश से गन्ने - धान की फसलों को फायदा, पिपरमेंट को नुकसान

संवाददाता लहरपुर, सीतापुर


किसान दिनेश पटेल। अमृत विचार

**अमृत विचार:** लहरपुर क्षेत्र में बृहस्पतिवार रात से जारी बारिश ने किसानों के चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी है। लंबे समय से बारिश का इंतज़ार कर रहे किसान अब खेती-किसानी में तेजी से जुट गए हैं। बारिश से गन्ने की फसल को जहां जबरदस्त फायदा हुआ है, वहीं धान की रोपाई के लिए खेतों की तैयारी भी जोरों पर है। ग्राम मोहद्दीनपुर निवासी किसान दिनेश पटेल ने बताया कि बारिश से गन्ने की सींच पूरी हो गई है, और अब खेतों में खाद डाली जा रही है। यह बारिश गन्ना उत्पादकों के लिए वरदान बनकर आई है। क्षेत्र के आम बागवानों को भी बारिश से राहत मिली है। मौसम की अनुकूलता से फलों की गुणवत्ता और उत्पादन बेहतर होने की उम्मीद जताई जा रही है। किसान रमेश, सुधीर आदि का कहना है कि पिपरमेंट की फसल को नुकसान पहुंचा है। लगातार नमी से फसल के सड़ने या गिरने की आशंका जताई जा रही है।

## एक नजर

### विवाह में पंजीयन की अनिवार्यता समाप्त

सीतापुर। दिव्यांग दंपत्तियों के लिए खबर राहत भरी हुई है। जिनका विवाह पहली अप्रैल 2024 सेवर्तमान वित्तीय वर्ष (2025-26) तक सम्पन्न हुआ हो। उनके लिए अब विवाह रजिस्ट्रेशन की अनिवार्यता समाप्त कर दी गई है। इच्छुक दिव्यांग दंपत्ति divyangjan.upsdc.gov.in पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के साथ निम्न अभिलेखों की स्कैन्ड प्रति अपलोड करनी होगी। जन्मतिथि दर्शाने वाला प्रमाण पत्र, दिव्यांग प्रमाण पत्र, खाता विवरण, आधार कार्ड की प्रति के दस्तावेज आवश्यक हैं।

### पेड़ से टकराया डाला, एक की मौत, दो गंभीर

**साण्डा, सीतापुर, अमृत विचार :** सकरन-सांडा मार्ग पर आम से लदा डाला अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से टकरा गया। हादसे में एक की मौत हो गई। दो गंभीर रूप से घायल हुए हैं। बिसवां कोतवाली क्षेत्र के सकरन - सांडा मार्ग पर कुटीपुरवा गांव के नजदीक विद्युत पोल से आम लदा डाला टकरा गया। हादसे में डाला सवार फुरकान (33), इमामू (35) और आशिफ (18) घायल हो गए। तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सांडा लाया गया जहां चिकित्सक ने फुरकान को मृत घोषित कर दिया। चोटिल इमामू व आशिफ का उपचार किया जा रहा है।

### 33 हजार लाइन की चपेट में आया युवक, गंभीर

**कमलापुर, सीतापुर, अमृत विचार :** सिधौली कस्बे में शटरिंग कार्य करते समय हाईटेंशन की चपेट में युवक आ गया। गंभीर अवस्था में उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर ले जाय गया है। बताते हैं कि 27 वर्षीय पंकज यादव शटरिंग का कार्य कर रहा था। अचानक लोहे का पाइप उसके हाथ से छू गया। जिससे शरीर 33 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन से टकरा गया। करंट लगने से पंकज का आधा शरीर बुरी तरह से झुलस गया। हालत गंभीर देखते हुए उन्हें लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया है।

### झुलसे लाइनमैन की मौत

**मानपुर, अमृत विचार।** दस दिन पहले करंट की चपेट में आए लाइनमैन की उपचार के दौरान मौत हो गई। हादसे को लेकर परिवार के लोगों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। बता दें कि मानपुर इलाके में भेमरी गांव निवासी लाइनमैन प्रेम पुत्र श्रीपाल बिराहिमबाद गांव में ट्रांसफार्मर पर लाइन चेक कर रहे थे। इसी दौरान अचानक तारों में करंट दौड़ गया, जिससे लाइनमैन गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रेम को जिला अस्पताल ले जाया गया। बिगड़ी हालत में प्रेम को लखनऊ ले गए जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### युवक से लिया 1.35 लाख रुपए, दी तहरीर

**सीतापुर :** सिधौली इलाके में वीजा धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। खेरिया साहीनपुर निवासी रामराज यादव ने सिधौली प्रेमनगर के एक व्यक्ति पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। रामराज ने बताया कि उन्होंने सऊदी अरब का वीजा बनवाने के लिए आरोपी को 1.35 लाख रुपए दिए थे। आरोपी ने न तो वीजा दिया और न ही पासपोर्ट लौटाया है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

### भूमि विवाद में दो पक्ष भिड़े 13 घायल, दो गंभीर

**नैमिषारण्य, सीतापुर, अमृत विचार :** नैमिषारण्य इलाके के भाऊपुर गांव में रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। मारपीट में दोनों पक्षों से कुल 13 लोग घायल हो गए, जिनमें से तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। नैमिषारण्य थानाक्षेत्र के भाऊपुर गांव में राधेश्याम और जुगनू दो पक्ष हैं। राधेश्याम पक्ष का आरोप है कि जुगनू पक्ष के लोग जबरन उनकी जमीन से रास्ता निकाल रहे थे। जब राधेश्याम पक्ष ने इसका विरोध किया तो दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। लाठी-डंडों राधेश्याम पक्ष के संतकुमार, राकेश, सूरज, श्यामकली, रमेश्वरम, रिकी और मोनिका समेत आठ लोग घायल हो गए।

## सार-संक्षेप

### घास काटने गये किसान की करंट से मौत

**पिसावां (सीतापुर), अमृत विचार :** थानाक्षेत्र के अंतर्गत मूडाखुर्द मे घास काटने गये किसान की करंट लगने से मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है। थानाक्षेत्र के मूडाखुर्द निवासी महिपाल (55) अपने मवेशियों के लिये घास काटने गया था। दोपहर तक वापस न आने पर परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। उसी दौरान गांव के पश्चिम पुत्तन के खेत के आसपास लगे कटीले तारों से उतरे करंट की चपेट में आ गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। पिसावां विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता ने बताया कि बिजलीं की लाइन व पोल करीब तीस से पैंतीस मीटर की दूरी पर है। थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि खेत के आसपास लगे कंटीले तारों में करेंट आने की आशंका परिवार के लोगों ने की है।

### फारेंसिक लैब बताएगी मौत का सच

**सीतापुर, अमृत विचार :** थानगांव में जिस पांच वर्षीय जिकरा का क्षत-विक्षत शव मिला था। उसके अवशेष विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजे गए हैं ताकि स्थितियां पूरी तरह स्पष्ट हो सकें। बता दें कि बीते दिनों घर से निकलकर लापता हुई जिकरा का क्षत-विक्षत शव गांव के करीब मिला था। इसको लेकर बजरंगगढ़ निवासी जिकरा के बाबा जाहिद ने अनहोनी की आशंका जताते हुए केस दर्ज कराया था। एसपी अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर घटना से जुड़े हर पहलुओं पर एसओजी टीम भी लगाई। रविवार को सड़े-गले शव के एक्सरे के बाद पैनल के आधार पर पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी हुई। जानकारों की मानें तो बच्ची को किसी जानवर द्वारा शिकार बनाए जाने की बात सामने आई है। फिर भी चिकित्सकों की राय पर डीएनए परीक्षण सहित अन्य जांचों के लिए अवशेषों को विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजा गया है।

### दवा लेने निकली महिला 4 बेटियों संग लापता

**संवाददाता सीतापुर, अमृत विचार :** तंबौर इलाके के काशीपुर गांव से अपने 4 बच्चों के साथ निकली विवाहिता संदिग्ध स्थितियों में लापता हो गई। घटना को लेकर वादी पक्ष ने पुलिस को सूचना दी है। तंबौर थानाक्षेत्र के काशीपुर निवासी शिवप्रताप के मुताबिक, उनकी पत्नी आरती देवी चार बच्चों के साथ घर से दवा लेने के लिए निकली थी। काफी देर तक वापसी न होने पर चिंता हुई तो परिवार के लोगों ने काफी तलाश की, लेकिन आरती और बच्चों को कोई पता न चल सका। बताया कि आरती के साथ दृष्टि, अनन्या, निक्की और दिव्यांशी भी लापता हैं। थानाध्यक्ष तंबौर राकेश सिंह का कहना है कि शिकायती पत्र के आधार पर गुम हुई विवाहिता और बच्चों की तलाश की जा रही है। फोन काल का भी सहारा लिया जा रहा है।

### 6 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म का प्रयास

**संवाददाता मिश्रिख, सीतापुर, अमृत विचार :** मिश्रिख कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में छह वर्षीय मासूम के साथ दुष्कर्म के प्रयास का मामला सामने आया है। आरोपों के आधार पर पुलिस जांच कर रही है। बताते हैं कि छह वर्षीय बालिका अपने घर के बाहर खेल रही थी। आरोप है कि पड़ोसी युवक ने खेलने के बहाने बच्ची को अपने घर बुला लिया। घर पर रोककर दूसरे बच्चों को चाकलेट लाने के लिए दुकान पर भेज दिया। इसी के बाद दुष्कर्म का प्रयास किया। पीड़ित पक्ष के मुताबिक, युवक ने बालिका को धमकी देते हुए कहा यदि किसी को बताया तो तुम्हें मार देंगे। कोतवाल अरविन्द सिंह ने बताया मामला संज्ञान में आया है, जांच करते हुए विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### शादी के तीन माह बाद ही भगाई गई महिला

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी :** अमृत विचार, एक विवाहिता को शादी के तीन माह बाद ही दहेज के चलते घर से भगा दिया गया। गंभीर आरोप यह भी कि पति के अवैध संबंध जेठ की साली से हैं, जिसके चलते उसे और प्रताड़ित किया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पीड़िता की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम मंझलेपुर की रहने वाली नवविवाहिता रिन्नो ने अपने ससुराल वालों पर दहेज प्रताड़ना, मारपीट और जान से मारने की धमकी का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता की ओर से थाने में दी गई तहरीर में बताया कि उसकी शादी करीब तीन माह पूर्व इमामुद्दीन पुत्र आबिद अली से हुई थी, लेकिन शादी के कुछ ही समय बाद से उसका उत्पीड़न शुरू हो गया। रिन्नो ने अपने पति इमामुद्दीन, जेठ कमरुद्दीन, जेठानी, व सास रजक्कन पर दहेज की मांग को लेकर आए दिन गाली-गलौज करने और मारपीट कर घर से निकालने का आरोप लगाया। यह भी बताया कि उसके पति के अवैध संबंध अपने ही घर की एक महिला गौसिया पुत्री गुड्डू से हैं, जो कमरुद्दीन की साली है। 20 जून की शाम लगभग 5 बजे जब रिन्नो को उसके पति ने मारपीट की, तो शोर सुनकर मुमताज पुत्र रमजान अली उसे बचाने आया, जिसे गुड्डू नामक व्यक्ति ने पीट दिया। मुमताज इस हमले में घायल होकर अस्पताल में भर्ती है। आरोप है कि ससुराल पक्ष द्वारा उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### 7 साल के बच्चे पर लाठी डंडे से हमला, भर्ती

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी :** अमृत विचार, साइकिल की मामूली टक्कर से विवाद इस कदर बढ़ा कि सात साल के मासूम की घात लगाकर लाठी डंडे से पिटाई कर दी गई। शोर सुनकर पहुंचे परिजनों ने बेहोश मासूम को अस्पताल पहुंचाया। जहां गंभीर दशा में इलाज चल रहा है। थाना क्षेत्र के ग्राम पारा खन्दौली निवासी प्रवेश कुमार ने पुलिस को बताया कि उनका 7 वर्षीय पुत्र अनवित कुमार 20 जून की शाम करीब 5 बजे घर से पास की दुकान पर किराने का सामान लेने गया था। लौटते समय गांव के ही विशाल नामक युवक से साइकिल का हल्का टकराव हो गया। इसी बात को लेकर विशाल ने मासूम को गालियां देनी शुरू कर दी। शोर सुनकर विशाल के पिता रामशंकर, मां, बेटा सुनील सहित अन्य परिजन मौके पर आ गए और बच्चे के साथ मारपीट शुरू कर दी। जब बच्चे की मां मौके पर उसे बचाने पहुंची, तो उन्हें भी पीटने के लिए दौड़ा लिया गया। घटना यहीं नहीं थमी। रात करीब 9 :30 बजे जब बच्चा लघुशंका के लिए घर से बाहर निकला, तो पहले से घात लगाए विपक्षियों ने उसे दबोच लिया और लाठी-डंडों से बुरी तरह पीटा। आरोप है कि हमलावरों ने बच्चे का मुंह भी दबाया और गंभीर चोटें पहुंचाई। बच्चे की चीख-पुकार सुनकर जब परिजन दौड़े तो वह अचेत अवस्था में पड़ा मिला। परिजन आनन-फानन में उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### व्यवसायी पर हमला, बेटों पर छोड़ा हिंसक कुत्ता, केस दर्ज

**बाराबंकी : अमृत विचार :** शहर में बुधवार रात एक व्यवसायी पर उनके पड़ोसी ने लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर दिया। वहीं पिता को बचाने आए दो बेटों पर हिंसक जर्मन शेफर्ड कुत्ता छोड़ दिया गया। इस हमले में व्यवसायी और उनके दोनों बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना शहर कोतवाली क्षेत्र स्थित शांति विहार कॉलोनी में बुधवार की देर रात हुई। व्यापारी प्रमोद कुमार अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान उन्होंने अपने पड़ोसी सतीश चंद्र त्रिपाठी को उसके खुले घूम रहे हिंसक पालतू कुत्ते को लेकर टोका। इस पर सतीश आगबबूला हो गया, पहले तो गाली-गलौज करने लगा, फिर अचानक लोहे की रॉड से प्रमोद कुमार के सिर पर प्रहार कर दिया। सिर फट जाने से प्रमोद लहूलुहान हो गए। चीख-पुकार सुनकर जब प्रमोद के दोनों बेटे प्रखर और शिखर उन्हें बचाने आए, तो आरोपी सतीश ने अपने उग्र जर्मन शेफर्ड कुत्ते को उन पर छोड़ दिया। कुत्ते ने दोनों को बुरी तरह पैरों में काटा, जिससे वह भी घायल हो गए। स्थानीय लोगों के अनुसार, पूरा घटनाक्रम उनकी आंखों के सामने हुआ। इलाज से आराम मिलने पर पीड़ित ने कोतवाली नगर थाने में तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## एक नजर

### माटी कला कारीगरों को 15 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण

**सीतापुर, अमृत विचार :** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश माटी कला बोर्ड द्वारा माटी कला कौशल विकास योजना के अंतर्गत जनपद के माटी कला से जुड़े कारीगरों/शिल्पकारों को नि :शुल्क 15 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस योजना का उद्देश्य माटी कला की पारंपरिक विरासत को सशक्त बनाना और स्थानीय शिल्पकारों को आत्मनिर्भर बनाना है। आवेदन ऑनलाइन पोर्टल upmatikalaboard.in/Home/KaushalScheme पर अपलोड कर, मूल फॉर्म संबंधित दस्तावेजों के साथ कार्यालय में 30 जून तक जमा करना अनिवार्य है।

### चोरों ने शिक्षक के घर से 10 लाख के जेवर उड़ाए

**सीतापुर,अमृत विचार :** महोली कोतवाली क्षेत्र में चोरों ने एक बार फिर चोरी की घटना को अंजाम दिया। राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित प्राथमिक विद्यालय मदनिया के शिक्षक हरिनाम वर्मा के घर चोरों ने 10 लाख रुपए के जेवर चुरा ले गए। ग्रामीणों का कहना है कि इलाके में हुई वारदात चार दिन में तीसरी वारदात है। कोतवाली प्रभारी महोली दिलीप चौबे ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है, जल्द ही वारदात का खुलासा कर लिया जाएगा।

### बुजुर्ग के घर से नकदी-जेवर उठा ले गए चोर

**बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार :** रेउसा इलाके के अकसोहा गांव में देर रात शातिरों ने बुजुर्ग हीरालाल के घर को अपना निशाना बनाया। घर में घुसकर नकदी और जेवर सहित दो लाख का सामान चुरा लिया। बाद में शातिर फरार हो गया। हीरालाल ने बताया कि उनका पुत्र मोहित मिश्रा व अन्य परिजन सीतापुर गए थे। चोर घर की पिछली दीवार फांदकर अलमारी व बक्सा तोड़कर करीब 33 हजार रुपये नगद, जेवरात और बर्तन चोरी कर ले गए। थानाध्यक्ष हनुमंत तिवारी मौके पर पहुंचे और जांच कर शीघ्र खुलासे का आश्वासन दिया।

### ओ-लेवल व सीसीसी के लिए 14 तक करें आवेदन

**सीतापुर,अमृत विचार :** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रवि शंकर गिरि ने जानकारी दी है कि पिछड़ा वर्ग के इंटरमीडिएट उत्तीर्ण बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए ओ-लेवल एवं सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर ओबीसी युवाओं को तकनीकी दक्षता प्रदान करने के उद्देश्य से संचालित की जा रही है। इसके तहत प्रशिक्षण प्रारंभ होने तक की समय-सारणी भी जारी कर दी गई है। इच्छुक अभ्यर्थी पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से जनसुविधा केंद्र, साइबर कैफे या निजी इंटरनेट केंद्र से 14 जून से 14 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### चौराहे पर भरा पानी, राहगीर व दुकानदार हो रहे परेशान

**लहरपुर, अमृत विचार :** लहरपुर कस्बे में शुक्रवार को हुई बारिश जहां एक ओर लोगों को भीषण गर्मी से राहत दे गई, वहीं नगर क्षेत्र में जलभराव की समस्या ने आमजन की मुसीबतें बढ़ा दीं। खासकर मुख्य बाजार से मरकज मस्जिद को जोड़ने वाला रास्ता बारिश और नालियों के गंदे पानी से पूरी तरह लबालब हो गया, जिससे जुमे की नमाज अदा करने जा रहे नमाजियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हलांकि जानकारी मिलते ही नगर पलिका की ओर से सघन अभियान चलाया गया और पानी निकासी की गई। इस दौरान सचल दस्ते को नगर पालिका अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद की खरी-खरी का सामना करना पड़ा। अध्यक्ष की सख्ती के बाद कई स्थानों पर चूना आदि का छिड़काव कराया गया। इसी के बाद आमजन ने राहत की सांस ली।

# खेत में मिला रक्तरंजित किसान का शव

## सिर पर ईंट व धारदार हथियार से किए गए प्रहार, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**वारदात**

- अटरिया थानाक्षेत्र के झज्झौर की घटना,जांच में जुटी पुलिस
- शक के आधार पर पीड़ित पक्ष ने दो लोगों को किया नामजद

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर


मृतक किसान की पत्नी से जानकारी लेते अपर पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार :** गांव के बाहर खेत की रखवाली कर रहे किसान का रक्तरंजित शव मिला। सिर पर ईंट से प्रहार करते हुए धारदार हथियार से हत्या किये जाने का आरोप लगाकर पीड़ित पक्ष ने दो लोगों को नामजद किया है। अटरिया थानाक्षेत्र के झज्झौर गांव में हुई वारदात को लेकर पुलिस कई लोगों से पूछताछ कर रही है।

अटरिया थानाक्षेत्र का टिकौली निवासी ईश्वरदीन (50) पिछले तीन वर्ष से झज्झौर गांव में अमित दीक्षित के खेत और बाग की रखवाली करता रहा है। परिजनों के मुताबिक, सुबह होने पर जब ईश्वरदीन का घर लौटना नहीं हुआ तो चिंता हुई। खोजबीन करते हुए गांव के बाहर खेत में पहुंचे तो ईश्वरदीन का रक्तरंजित शव मिला। सिर, आंख और शरीर के अन्य हिस्सों पर चोट के निशान थे। सूचना पाकर अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गेश सिंह, क्षेत्राधिकारी कपूर कुमार फारेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पीड़ित पक्ष ने ईंट से सिर पर प्रहार कर धारदार हथियार से हत्या किये जाने का आरोप लगाया। बाद में दो लोगों को नामजद करते हुए तहरीर दी। क्षेत्राधिकारी सिधौली कपूर कुमार का कहना है कि पीड़ित पक्ष ने रंजिश का हवाला देकर गुड्डू और राहुल दीक्षित को नामजद किया है। जांच को आगे बढ़ाते हुए कुछ लोगों से पूछताछ की जा रही है। जल्द ही वारदात का खुलासा कर लिया जाएगा।

**शक के आधार पर शराबियों से भी पूछताछ :** जानकारों की मानें तो पुलिस की जांच में कुछ शराबी भी रडार पर आए, ऐसे में उनसे लंबी पूछताछ की गई। पुलिस ने फोन कॉल डिटेल भी खंगाली है।

## 2 लाख से अधिक की चोरी, केस दर्ज

**बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार:** सकरन थाना क्षेत्र स्थित सुमरावां गांव में देर रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए 2 लाख रुपये से अधिक मूल्य का सामान और नकदी चोरी कर ली। चोरों ने पीछे की दीवार में नकब लगाकर घर में प्रवेश किया और कीमती जेवरात, नकदी तथा घरेलू सामान लेकर फरार हो गए। वारदात सकरन थानाक्षेत्र के सुमरावां गांव में आशाराम के घर में घटित हुई है। चोरों ने 14 हजार की नकदी, सोने-चांदी के गहने पर हाथ साफ किया। पीड़ित पक्ष ने शक के आधार पर दो लोगों को नामजद करते हुए प्रार्थना पत्र दिया है। थानाध्यक्ष नवनीत मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है।

## ब्रजेश पाठक ने कवि कमलेश मौर्य मृदु को किया सम्मानित

बिसवां/सीतापुर, संवाददाता


कवि कमलेश मौर्य को सम्मानित करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।

**अमृत विचार :** लखनऊ में आयोजित एक भव्य साहित्यिक एवं सामाजिक सम्मान समारोह में सीतापुर जनपद के वरिष्ठ साहित्यकार और कवि कमलेश मौर्य मृदु को उनके साहित्यिक एवं सामाजिक योगदान के लिए विशेष सम्मान से नवाजा गया। यह सम्मान उन्हें प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एवं विशिष्ट अतिथि विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान द्वारा अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर प्रदान किया गया। एमएलसी पवन सिंह चौहान ने शुभकामनाएं दी हैं। कार्यक्रम में आरएमपी डिग्री कॉलेज के हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. जयवीर सिंह, लोक भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह, सहित एक दर्जन से अधिक साहित्य, शिक्षा और समाजसेवा से जुड़ी प्रतिष्ठित हस्तियों को भी सम्मानित किया गया।

## ई-केवाईसी 30 जून तक कराना अनिवार्य

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**राशन कार्ड**

- 628394 लाभार्थियों की ई-केवाईसी अभी भी शेष
- ई-केवाईसी न कराने पर रुक सकता है राशन वितरण

**अमृत विचार :** शासन की ओर से जिले के सभी राशन कार्ड धारकों के लिए ई-केवाईसी (e-KYC) शत-प्रतिशत पूर्ण कराए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं। जिला पूर्ति अधिकारी अखिलेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सभी राशन कार्डधारकों को 30 जून तक हर हाल में ई-केवाईसी कराना अनिवार्य है, ताकि खाद्यान्न का आवश्यक आवंटन बाधित न हो।

उन्होंने बताया कि 20 जून से प्रारंभ हुए वितरण चक्र के दौरान राशन कार्ड में ई-केवाईसी अनिवार्य कर दी गई है। ऐसे में जिन लाभार्थियों ने अब तक यह प्रक्रिया पूरी नहीं कराई है, उन्हें राशन वितरण से वंचित किया जा सकता है। जिले में अब तक कुल 6,28,394 यूनिटों की ई-केवाईसी लंबित है। इनमें नगरीय क्षेत्र में 40,664 और ग्रामीण क्षेत्र में 5,87,730 लाभार्थी शामिल हैं। सबसे अधिक लंबित ई-केवाईसी ग्रामीण क्षेत्रों में देखने को मिल रही है। 18 से 60 वर्ष की आयु वर्ग की बात करें तो इनमें 3,04,683 ग्रामीण और 24,566 नगरीय लाभार्थी ई-केवाईसी नहीं करवा पाए हैं। ब्लॉकवार स्थिति पर नजर डालें तो रेउसा में सबसे अधिक 41,668 यूनिटों की ई-केवाईसी लंबित है। इसके बाद बेहटा में 38,760, बिसवां में 38,329, गोदलामऊ में 34,698, मछरेहटा में 33,547, मिश्रित में 33,592, सकरन में 33,225 और सीतापुर नगरपालिका क्षेत्र में 11,312 लाभार्थियों की ई-केवाईसी बाकी है। जिला पूर्ति अधिकारी ने अपील की है कि जिन कार्डधारकों की ई-केवाईसी अभी शेष है, वे शीघ्र नजदीकी जनसेवा केंद्र या राशन डीलर के माध्यम से यह प्रक्रिया पूरी कराएं। आधार कार्ड और राशन कार्ड के साथ बायोमेट्रिक सत्यापन कराना होगा। अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि निर्धारित समय सीमा के भीतर ई-केवाईसी न होने की स्थिति में राशन वितरण रोका जा सकता है।

## डिप्टी सीएमओ ने किया बेहमा पीएचसी का निरीक्षण

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार:** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेहमा में डिप्टी सीएमओ डॉ. विवेक कनौजिया और सीएचसी अधीक्षक आनंद मित्रा ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने दवा गोदाम, स्टॉक रजिस्टर, और ओपीडी रजिस्टर की गहन जांच की। डिप्टी सीएमओ ने मरीजों और ग्रामीणों की समस्याओं पर राहत भरा मरहम लगाते हुए कहा कि सप्ताह में दो दिन एमबीबीएस डॉक्टर की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए सीएमओ से बात की जा रही है। निरीक्षण के दौरान डॉ. सत्यवीर सिंह, स्टाफ नर्स शिशु यादव, वार्ड बॉय श्रीराम वर्मा, सीएचओ पर्णिका चौधरी आदि मौजूद थे।

## कुनेहटा लच्छीरामपुर में विकास कार्यों की अनदेखी, पंचायत भवन व नालियां टूटी

संवाददाता मछरेहटा, सीतापुर


राठौरपुर पंचायत भवन मार्ग पर जलभराव। अमृत विचार

**अमृत विचार :** ग्राम विकास की योजनाएं भले ही तेजी से बढ़ रही हों, लेकिन कुछ ग्राम पंचायतों में इसकी सूरत इतर है। मामला मछरेहटा ब्लॉक की ग्राम पंचायत कुनेहटा लच्छीरामपुर का है।

ग्रामीण राजेश ने बताया कि गांव का पंचायत भवन जर्जर हालत में है। लाइब्रेरी के नाम पर सिर्फ अलमारियां रख दी गईं हैं। प्रकाश का कहना है कि वाटर कूलर और सीसीटीवी कैमरे की सक्रियता कागजों तक सीमित है। गोविंद का कहना है कि गांव की गलियों में जलभराव और कीचड़ है। वीरेंद्र कहते हैं कि बारिश का मौसम शुरू हो गया है। गांव में नालियों के टूटे होने और जल निकासी की व्यवस्था बाधित है। ऐसे में संक्रमण फैलने का खतरा है। धर्मेंद्र दावा करते हुए कहते हैं कि शिकायतों के बावजूद समस्याओं का निस्तारण नहीं किया जा रहा है। खण्ड विकास अधिकारी राजेश तिवारी ने कहा किविकास योजनाओं में वित्तीय अनियमितता की शिकायतें मिली हैं। शीघ्र ही जांच टीम गठित कर स्थलीय निरीक्षण कराया जाएगा और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की संस्तुति की जाएगी।

## चोरी के जेवरात के साथ गिरफ्तार

**सीतापुर, अमृत विचार:** शातिरों की धरपकड़ को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। तालगांव पुलिस ने पुलिस अधीक्षक के आदेश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत मोहरइया पुल पटरी के करीब से एक शातिर को गिरफ्तार किया। क्षेत्राधिकारी लहरपुर नागेंद्र चौबे ने बताया कि थाना तालगांव पुलिस टीम ने आरोपी अनिल कुमार उर्फ सर्वेश कुमार पासी को गिरफ्तार की है। तलाशी व पूछताछ में चोरी का सामान बरामद हुआ, जिसमें तीन हजार की नकदी और सोने-चांदी के जेवरात शामिल हैं। पूछताछ में अनिल कुमार ने स्वीकार किया कि उसने 20-25 दिन पूर्व ग्राम गंगापुर के खेतों में बने निर्माणाधीन मकानों और अन्य दो घरों में चोरी की थी। इसके अतिरिक्त ग्राम चिलमा के सरकारी स्कूल से भी 15-20 दिन पहले गैस सिलेंडर और अन्य सामान चुराया था।

## पात्रों को समय से मिले योजनाओं का लाभ

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार:** कलेक्ट्रेट सभागार में प्रमुख सचिव, राजस्व, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग तथा जनपद के नोडल अधिकारी पी गुरूप्रसाद की अध्यक्षता में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद के प्रमुख विभागों के कार्यक्रमों, योजनाओं और परियोजनाओं की समीक्षा की गई। नोडल अधिकारी ने कहा कि योजनाओं के आवेदनों का त्वरित निस्तारण किया जाए। कृषि विभाग को पीएम कुसुम सोलर पंप योजना के अंतर्गत अस्वीकृत आवेदनों की दोबारा समीक्षा के निर्देश दिए गए। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को सभी अस्पतालों में दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत गोल्डन कार्ड लक्ष्य के अनुरूप जारी करने के निर्देश दिए गए। बेसिक शिक्षा विभाग को ऑपरेशन कायाकल्प के तहत विद्यालयों को मूलभूत सुविधाओं से संतृप्त करने के निर्देश दिए गए। पंचायती राज विभाग को व्यक्तिगत शौचालयों के लाभार्थी चयन एवं अंत्येष्टि स्थल निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश मिले। बाढ़ राहत चौकियों को लेकर जानकारी लीं। विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया कि खराब ट्रांसफार्मरों की करने के निर्देश दिये।

## पूछताछ में पुलिस की रडार पर आई एक महिला और परिवार के करीबी

संवाददाता रामपुर मथुरा

**फॉलोअप**

- रामपुर मथुरा के छतौनी के धंधार के बेहननटोला का है मामला
- परिवार, नजदीकी महिला और लखीमपुर खीरी के युवक से पूछताछ

**सीतापुर, अमृत विचार:** रामपुर मथुरा के बेहननटोला में युवती की गला दबाकर हुई हत्या के मामले में पुलिस की जांच में कई अपनों से पूछताछ हो रही है।

अपर पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में परिवार, करीबी महिला और लखीमपुर खीरी निवासी युवक से पूछताछ हो रही है। बता दें कि रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के छतौनी के धंधार के बेहननटोला गांव वासी 19 वर्षीय सलीमुन का शव मक्के के खेत में मिला। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या किये जाने की पुष्टि हुई। ऐसे में जांच के दायरे को आगे बढ़ाते हुए एसओजी टीम को लगाया गया। अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गेश सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या किये जाने की पुष्टि हो गई है। ऐसे में परिवार वालों से जानकारी ली जा रही है। कुछ फोन कॉलों को भी खंगाला जा रहा है। घटनास्थल पर सीन रिक्रेट भी कराया गया है। जल्द ही वारदात का खुलासा कर लिया जाएगा।

**तो क्या दूसरा है घटना का स्थल :** ग्रामीणों का दावा है कि युवती के शरीर पर रक्त स्राव हुआ था। शरीर पर चोटों के निशान भी थे। ऐसे में बड़ा सवाल है कि यदि युवती की हत्या की गई तो बचाव के लिए वो कोई प्रयास जरूर करती। लेकिन खेत में मकई के किसी पौधे को नुकसान नहीं पहुंचा, और न ही युवती के शरीर पर मिट्टी लगी हुई थी।

## चौपालों में हो रहा समस्याओं का समाधान: बीडीओ

संवाददाता मछरेहटा, सीतापुर

**योजना**

- लोगों में बढ़ी जागरूकता, गांव में निकल रहा समस्याओं का हल
- किसानों को विभागों की योजनाओं की दी जा रही है जानकारी

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित की जा रही जन चौपालों की श्रृंखला धीरे-धीरे ग्रामीण क्षेत्रों में असर दिखा रही है। ग्राम पंचायतों में चौपालों के आयोजन से ग्रामीण अब अपनी समस्याओं के समाधान के लिए जागरूक हो रहे हैं, जिससे ब्लॉक और तहसील स्तर पर अनावश्यक दौड़धूप में कमी आई है।

मछरेहटा विकास खंड के खंड विकास अधिकारी राजेश तिवारी ने बताया कि जन चौपालों के संचालन के लिए संबंधित ग्राम प्रधान, सचिव, पंचायत सहायक के साथ-साथ ब्लॉक व जिला स्तर से नोडल अधिकारी भी नामित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि अब लोग चौपालों में आकर अपनी बात रखने लगे हैं और कई समस्याओं का स्थानीय स्तर पर ही समाधान हो रहा है। चौपालों की नियमित मानिटरिंग भी की जा रही है। एडीओ कृषि संजीव कुमार ने बताया कि चौपालों के माध्यम से कृषि, समाज कल्याण, पशुपालन आदि विभागों की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। किसानों को बीज, खाद, रसायन और आधुनिक तकनीकों के बारे में जानकारी मिलने से खेती-किसानी में सकारात्मक परिवर्तन आया है। उन्होंने बताया कि इन चौपालों से बिचौलियों और कालाबाजारी पर भी नियंत्रण संभव हो पाया है।

**रोस्टर के मुताबिक लगती हैं चौपाल :** सरकार की मंशा है कि गांव के लोगों को प्रशासनिक व्यवस्था से जोड़ते हुए उन्हें स्थानीय स्तर पर ही योजनाओं की जानकारी देना है। इसी क्रम में प्रत्येक ग्राम पंचायत में निर्धारित रोस्टर के अनुसार एक दिन जन चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें ग्राम्य विकास से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहते हैं।

**कई विभागीय अधिकारी रहते हैं गैर हाजिर**

ग्राम प्रधान परंतप सिंह शेखावत उर्फ चंदन सिंह ने कहा कि सरकार की मंशा तो प्रशंसनीय है लेकिन कई विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के चलते जन चौपाल अपना उद्देश्य हासिल नहीं कर पा रही। पंचायतीराज विभाग को छोड़कर अन्य अधिकारी अक्सर गैरहाजिर रहते हैं। पूर्व प्रधान प्रतिनिधि दिलीप मिश्रा ने भी कहा कि प्रधान और सचिव गांववासियों को चौपाल में बुला तो लेते हैं लेकिन जब संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित ही नहीं होते, तो समस्याओं का समाधान कैसे होगा। उन्होंने इस दिशा में उच्च प्रशासनिक अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की है ताकि चौपालें प्रभावी और सार्थक बन सकें।

## ललिता आश्रम, नैमिषारण्य के 21वें वार्षिकोत्सव का समापन

संवाददाता,सीतापुर

**अमृत विचार:** नैमिषारण्य तीर्थ स्थित ललिता आश्रम में इक्कीसवां वार्षिकोत्सव भक्तिमय वातावरण में मनाया गया । इस अवसर पर माता वैष्णो देवी और श्री राधा-कृष्ण का भव्य श्रृंगार किया गया । परंपरागत रूप से ब्राह्मणों, साधुओं और कन्याओं को भोजन कराया गया, साथ ही उन्हें वस्त्र, पात्र और दक्षिणा भेंट की गई । ललिता देवी मंदिर के पुजारी लाल बिहारी शास्त्री ने बताया कि आश्रम की स्थापना वर्ष 2005 में ललिता देवी के प्रधान पुजारी स्व. बृज बिहारी लाल शास्त्री द्वारा लखनऊ के जिंदल परिवार के सहयोग से की गई थी । उनके द्वारा शुरू की गई परंपरा का निर्वहन करते हुए इस वर्ष भी माता वैष्णो देवी और श्री राधा-कृष्ण का वैदिक मंत्रों के साथ पूजन और श्रृंगार किया गया। ललिता देवी मंदिर पुजारी अटल बिहारी शास्त्री और लाल बिहारी शास्त्री ने देवी की पूजा-अर्चना और आरती की ।इस अवसर पर 108 कन्याओं को भोजन कराकर चुनरी ओढ़ाई गई और थालियां वितरित की गईं । ब्राह्मणों को भोजन के उपरांत गमछा, श्रीमद्भगवद्गीता, पात्र और दक्षिणा देकर यजमान परिवार ने आशीर्वाद प्राप्त किया । कार्यक्रम में दिलीप सैनी, विदित पुजारी सहित अनेक भक्त उपस्थित रहे ।

## सार-संक्षेप

### क्षेत्राधिकारी बिसवां के स्थानांतरण पर विदाई समारोह


भगवान गणेश की प्रतिमा देते पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार

**सीतापुर,अमृत विचार :** 2 पुलिस लाइन स्थित महर्षि दधीचि सभागार में क्षेत्राधिकारी बिसवां के जनपद भदोही स्थानांतरण पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने क्षेत्राधिकारी के साथ कार्यकाल के दौरान बिताए गए अनुभवों को साझा करते हुए उनके योगदान की सराहना की। समारोह में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी, क्षेत्राधिकारी नगर, क्षेत्राधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी महोली, क्षेत्राधिकारी लहरपुर, क्षेत्राधिकारी मिश्रित सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### खिड़की तोड़कर घुसे चोर, नकदी की पार

**संवाददाता, संदना,अमृत विचार :** इलाके में चोरियों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। देर रात चोरों ने खिड़की तोड़कर एक दुकान से लाखों का माल पार किया है। सिलसिलेवार हो रही वारदातों को लेकर इलाके के लोगों ने पुलिस पिकेट पर सवाल खड़े किये हैं। संदना थाना क्षेत्र अन्तर्गत पहला चौराहा पर दहेलरा निवासी सैफ पुत्र सगीर की जूता- चप्पल की दुकान है। देर रात चोरों ने चौराहे पर धावा बोला। दुकान के पीछे लगी खिड़की तोड़कर शातिर अंदर घुस गए। व्यवसायी का दावा है कि दुकान के भीतर रखी 45 हजार की नकदी और सामान उठा लिया और उसी रास्ते से फरार हो गए। सुबह जब सैफ दुकान पर आया तो उन्होंने देखा की अंदर की खिड़की खुली पड़ी है और साथ ही अलमारी का ताला टूटा पड़ा है। हाल दिनों में शातिरों ने सर्वेश यादव के घर को अपना निशाना बनाया था। यहां से एक लाख 80 हजार नकदी और सामान समेट लिया गया। घुसकर एक लाख अस्सी हजार रुपये पर कर दिया था। पहला चौराहे पर ही घटमापुर निवासी मोहित सिंह की मोबाइल शॉप में दो बार सेंधमारी की जा चुकी है। पुलिस मामले की जांच कर रही।

### 9 शातिर गिरफ्तार

**सीतापुर,अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर जनपद में वांछित एवं वारंटी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए गए विशेष अभियान के तहत जनपद की विभिन्न थानों की पुलिस टीमों ने कुल 9 वांछित/वारंटियों को गिरफ्तार किया है। थाना महोली पुलिस द्वारा 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। थाना लहरपुर पुलिस द्वारा 04 की गिरफ्तारी की। थाना नैमिषारण्य पुलिस द्वारा 1 वारंटी गिरफ्तार किया गया। थाना महमूदाबाद पुलिस द्वारा 1 वारंटी जेल भेजा गया।

### 4 विवादित जोड़े आपसी सहमति के साथ हुए राजी

**सीतापुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में परिवार परामर्श केंद्र एवं महिला हेल्पडेस्क के अथक प्रयासों से दांपत्य जीवन में चल रहे तनाव और मतभेदों को सुलझाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है। 4विवादित जोड़े आपसी मतभेद भुलाकर फिर से एक साथ रहने को तैयार हो गए हैं। परामर्श प्रभारी उपनिरीक्षक मधु यादव तथा काउंसलर्स की टीम ने उपस्थित पक्षकारों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और आपसी समझ-बूझ के माध्यम से समाधान का मार्ग प्रशस्त किया।

### स्थापना दिवस पर उमड़े श्रद्धालु

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** नगर के तहसील मार्ग पर स्थित शंकर जी के मंदिर का स्थापना दिवस श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। नगर के मोहल्ला विकास नगर स्थित शिव मंदिर का सातवां स्थापना दिवस श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर श्रीरामचरित मानस का सरस संगीतमय अखंडपाठ किया गया। इस मौके पर बाबा जसवंत दास द्वारा एक विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग कर प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके प्रमुख रूप से बाबा जसवंत दास, रामशरण बाजपेई, कृष्णकांत मिश्रा, उमेश मल्होत्रा, रामकुमार यादव, आशीष वर्मा, मनजीत रस्तोगी, अर्पण महरोत्रा, शालिक राम वर्मा, छोटे ठाकुर, अवधेश शुक्ला, तीरथ राम, सीता राम, प्रदीप सिंह सहित भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।


### राजकीय बीज भंडार रामपुर में फ्री बीज किड उपलब्ध

**रामपुर मथुरा, सीतापुर, अमृत विचार :** तिल, ज्वार, बाजरा, रागी, मडुआ के बीज की मिनी किड किसानों को निशुल्क वितरण के लिए उपलब्ध है सहायक विकास अधिकारी कृषि प्रमोद कुमार ने बताया इन बीजों को निशुल्क लेने के लिए किसान को अपना आधार कार्ड, खतौनी, मोबाइल नंबर दर्ज करा कर सोमवार से राजकीय बीज भंडार रामपुर मथुरा से फ्री प्राप्त कर सकते हैं।

### रजबहा बहा, खेतों में भरा पानी

**बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार :** बिसवां-सिधौली मार्ग पर राजाडीह के पास से होकर निकले हैबतपुर रजबहा अचानक कट गया। रजबहे से निकला तेज पानी आसपास के खेतों और प्लॉटों में घुटने तक भर गया। शुक्रवार की रात हुई बारिश से पहले से ही खेत जलमग्न थे। किसानों को इस जलभराव से बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों किसानों का कहना है कि नहर की टेल तक सफाई न होने से पानी आगे नहीं बढ़ पाता है। इससे पानी का दबाव बढ़ता है और कमजोर पटरियां कट जाती हैं। सिंचाई विभाग के जूनियर इंजीनियर नारायण ने बताया कि नहर पर मरम्मत का कार्य तत्काल शुरु करा दिया गया है।

### ट्रांसफार्मर खराब, 50 से अधिक घरों की बत्ती दो दिन से गुल


बिगड़ा ट्रांसफार्मर। अमृत विचार

**महमूदाबाद, अमृत विचार :** महमूदाबाद विद्युत उपखंड के अंतर्गत देवरिया क्षेत्र के जाफरपुर कलां गांव में बीते दो दिनों से 16 केवीए का ट्रांसफार्मर खराब पड़ा है। इस वजह से गांव के करीब 50 घरों में बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई है, जिससे सैकड़ों ग्रामीण उमस भरी गर्मी में बेहाल हैं। ग्रामीणों के अनुसार ट्रांसफार्मर पर क्षमता से अधिक कनेक्शन होने के कारण अक्सर बिजली ट्रिप होती रहती है, लेकिन इस बार ट्रांसफार्मर पूरी तरह जल जाने से स्थिति और गंभीर हो गई है। शिकायतों के बावजूद अब तक कोई समाधान नहीं हो पाया है। ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या को लेकर 1912 पोर्टल पर कई बार शिकायत की गई है और स्थानीय विद्युत अधिकारियों को भी सूचित किया गया है, लेकिन न तो ट्रांसफार्मर बदला गया, न ही कोई मरम्मत कार्य शुरू हुआ। गांव निवासी हिन्नू खां, मुन्ना, शफीक खां, बबलू, आलिम खां, जमील, राजा, कल्लू, खुरशेद, इसराइल और अतहर खां सहित अन्य लोगों ने जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर बदलने और बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग की है।

### थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक

**तम्बौर (सीतापुर)।** आगामी मोहर्रम पर्व को लेकर शुक्रवार को तम्बौर थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष राकेश सिंह ने की, जिसमें शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने पर जोर दिया गया। बैठक में क्षेत्र के प्रधानों, संभ्रांत नागरिकों व स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया। थानाध्यक्ष ने कहा कि मोहर्रम का पर्व आपसी भाईचारे और शांति का प्रतीक है। किसी भी प्रकार की अफवाह या विवाद की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। इस अवसर पर चौकी इंचार्ज अमित कुमार दुबे, जियाउलहक, सैय्यद मो. रेहान, साबिर अली, गुड्डू भाई, किशोरी मुनीम नाग, शहबाज खान, शानू, आज़म बैग, गौरव रस्तोगी, अनुज मिश्रा, मिहिब नदवी, मुहील खान सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### गन्ना घोटाले व मनरेगा भत्ते को लेकर पीपुल्स फ्रंट मुखर



धरना स्थल पर प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार :** जमीनी हकों, न्यायालय के आदेशों की अवहेलना, और गन्ना समिति द्वारा फर्जीवाड़े के विरोध में ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट की केन्द्रीय कमेटी की सदस्य सुनीला रावत के नेतृत्व में करीब 150 परिवारों ने जिलाधिकारी कार्यालय के सामने धरना एवं क्रमिक सत्याग्रह शुरू कर दिया।धरने के दौरान आयोजित सभा को संबोधित करते हुए सुनीला रावत ने कहा कि यदि प्रशासन ने समय रहते इन समस्याओं का समाधान नहीं किया तो सत्याग्रह अब उपवास सत्याग्रह में तब्दील होगा। उन्होंने मांग की कि करियामऊ गांव में सीलिंग की जमीन को भू-माफियाओं से मुक्त कराकर भूमिहीनों को आवंटित किया जाए। कांशीराम ने बिसवां गन्ना समिति पर आरोप लगाते हुए कहा कि भूमिहीनों और मृतकों के नाम पर फर्जी गन्ना सट्टा किया गया है। इसकी मजिस्ट्रेट जांच हो और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। राजेश गौतम ने सिधौली तहसील के कानूनगो त्रिपाठी पर न्यायालय के आदेश की अवहेलना का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। सोबरन राज ने कहा कि मनरेगा के अंतर्गत 100 दिन का रोजगार न पाने वाले मजदूरों को तत्काल बेरोजगारी भत्ता दिया जाए। धरना स्थलपर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट कृष्ण नंद तिवारी ने सत्याग्रह में शामिल लोगों से सात बिंदुओं पर आधारित ज्ञापन प्राप्त किया।

## एक नजर

### चार जिलों के अल्पज्ञात धार्मिक स्थलों का होगा विकास

**अमृत विचार, लखनऊ :** पर्यटन विभाग द्वारा करीब छह करोड़ 46 लाख रुपये की धनराशि से बदायूं, बरेली, बिजनौर और शाहजहांपुर में स्थित ऐतिहासिक एवं पौराणिक स्थलों का विकास कराया जाएगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि बदायूं के उसावा रोड स्थित बोधिसत्व अम्बेडकर बुद्ध विहार में 56.86 लाख रुपये से पर्यटकों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई जा सकेंगी। बरेली के अहिक्षेत्र पार्श्वनाथ अतिशय तीर्थ क्षेत्र दिगंबर जैन मंदिर एवं रामनगर किले के पर्यटन विकास के लिए कुल 1.39 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। बरेली के ही भोजीपुरा स्थित सेमीखेड़ा दाऊजी प्राचीन शिव मंदिर के लिए 1.39 लाख रुपये से अधिक की धनराशि स्वीकृत की गई है।

### डॉ. मुखर्जी के बलिदान दिवस पर आज होंगी संगोष्ठियां

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर सोमवार को भाजपा जिला स्तर पर संगोष्ठियां आयोजित करेगी। पार्टी के वरिष्ठ नेता, प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष, सांसद, विधायक संगोष्ठियों के माध्यम से डॉ. मुखर्जी के प्रेरक जीवन पर संवाद करते हुए जनमानस को राष्ट्रीय और सामाजिक सरोकार से जोड़ेंगे।

### गन्ने की 243 सर्वोत्तम किस्में किसानों को दे रहीं लाभ

**अमृत विचार, लखनऊ :** गन्ने की 243 सर्वोत्तम किस्में प्रदेश के किसानों को ज्यादा लाभ दे रही हैं। इस बीच, राज्य सरकार ने गन्ना किसानों को समुचित सुविधाएं देने के निर्देश दिये हैं। अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में 10 वर्षों के भीतर गन्ने की जलवायु आधारित किस्मों का विकास किया गया है। प्रदेश में 59 प्रमुख किस्में उगाई जा रही हैं। इनमें 28 अगेती और 31 मध्य पछेती वर्तमान में काफी सफलतापूर्वक प्रयोग की जा रही हैं।

### आम तोड़ने गए किसान की पेड़ से गिरने पर हुई मौत

**तिलोई अमेठी।** तहसील तिलोई के सिंहपुर ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत गांव गढ़ी महाबल में रविवार की सुबह आम तोड़ने के दौरान पेड़ से गिरने से एक किसान की मौत हो गई। मृतक की पहचान रामकिशोर गुप्ता (55) पुत्र बाबादीन के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया

### 25 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक गिरफ्तार,

जगदीशपुर अमेठी अमृत विचार। थाना जगदीशपुर क्षेत्र में वाहन की चेकिंग के दौरान पुलिस ने ग्राम नया पुरवा मजरा खैरातपुर निवासी तरबेज (19) उर्फ अब्बास पुत्र नफीस को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से 25 ग्राम स्मैक बरामद की गई। पुलिस ने तत्काल उसे हिरासत में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना जगदीशपुर पुलिस के अनुसार, बरामद स्मैक की मात्रा को देखते हुए आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# निजीकरण का टेंडर होते ही शुरू होगा सामूहिक जेल भरो अभियान

## बिजली महापंचायत में लिया गया फैसला, सभी किसान संगठनों का खुला समर्थन




लखनऊ में आशियाना स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर प्रेक्षागृह में आयोजित बिजली महापंचायत में शामिल कर्मचारी नेता। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बिजली कर्मियों के साथ रेल कर्मचारी, राज्य कर्मचारी, किसान और उपभोक्ता भी होंगे शामिल

**अमृत विचार :** ऊर्जा निगमों के निजीकरण का टेंडर होते ही बिजली कर्मी सामूहिक जेल भरो अभियान शुरू करेंगे। बिजली कर्मियों के साथ रेल कर्मचारी, राज्य कर्मचारी, किसान और उपभोक्ता भी अभियान में शामिल होंगे। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में रविवार को आशियाना में हुई बिजली महापंचायत में यह फैसला लिया।

महापंचायत में संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे, ऑल इंडिया रेलवे मेन्स फेडरेशन के राष्ट्रीय महामंत्री शिव गोपाल मिश्र, संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दर्शन पाल, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा, ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल इंडिया के कार्यकारी निदेशक रमानाथ झा, नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इम्प्लॉइज एंड इंजीनियर्स के संयोजक सुदीप दत्त, ऑल इंडिया पॉवर डिप्लोमा इंजीनियर्स फेडरेशन के अध्यक्ष आरके त्रिवेदी, ऑल इंडिया पॉवर इंजीनियर्स फेडरेशन के एके जैन और राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद व राज्य कर्मचारी महासंघ के सभी नेताओं ने लामबंद होकर निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मियों के साथ आंदोलन चलाने की घोषणा की। महापंचायत में राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन के संरक्षक सतनाम सिंह, अध्यक्ष अजय कुमार, महासचिव बलबीर यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अवधेश कुमार यादव, जीबी पटेल व जय प्रकाश ने संघर्ष के प्रस्ताव का समर्थन किया। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के प्रमुख पदाधिकारी संजय सिंह चौहान, जितेन्द्र सिंह गुर्जर, छोटे लाल दीक्षित आदि शामिल हुए।

### कई संगठनों ने की आंदोलन के समर्थन की घोषणा

संयुक्त किसान मोर्चा के नेता डॉ. दर्शन पाल और ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल के कार्यकारी निदेशक रमानाथ झा ने बिजली महापंचायत को ऑनलाइन संबोधित किया। साथ ही प्रदेश के बिजली कर्मचारियों को सभी किसान संगठनों की ओर से खुले समर्थन की घोषणा की। राज्य कर्मचारियों की ओर से सतीश पांडेय, शशि कुमार मिश्रा, एसपी तिवारी, हरिशरण मिश्र, मनोज पांडेय, अमरनाथ यादव, सुरजीत सिंह निरंजन, अटेवा के विजय बंधु व शिक्षक नेता रीना त्रिपाठी ने निजीकरण के विरोध में सामूहिक संघर्ष की घोषणा की। इसी तरह, उप्र पॉवर ऑफिसर्स एसोसियेशन के अध्यक्ष आरपी केन ने निजीकरण के विरोध में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उप्र को समर्थन देने की घोषणा की।

### 9 जुलाई को होगी सांकेतिक हड़ताल

प्रदेश में किये जा रहे बिजली के निजीकरण के विरोध में 9 जुलाई को देश के 27 लाख बिजली कर्मी एक दिन की राष्ट्रव्यापी सांकेतिक हड़ताल करेंगे। हड़ताल की तैयारी में 2 जुलाई को देशभर में व्यापक विरोध किया जाएगा। बिजली महापंचायत में प्रस्ताव पारित कर यह फैसला लिया गया। प्रस्ताव में कहा गया है कि राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से बिजली सार्वजनिक क्षेत्र में रहना आवश्यक है। निजीकरण के बाद बहुराष्ट्रीय निजी कंपनियों के आने से देश की बिजली ग्रिड सुरक्षा प्रभावित हो सकती है।

### दो दिवसीय दौरे पर आज काशी पहुंचेंगे शाह और योगी

**अमृत विचार, लखनऊ :** काशी मंगलवार को ऐतिहासिक मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक की मेजबानी करने जा रहा है। इसकी अध्यक्षता के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचेंगे। बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी रहेंगे। सभी मुख्यमंत्री सोमवार शाम लाल बहादुर शास्त्री एयरपोर्ट पर अमित शाह का स्वागत करेंगे। सभी अतिथि काशी कोतवाल काल भैरव और बाबा विश्वनाथ का दर्शन करने के बाद मुख्यमंत्री योगी द्वारा आयोजित रात्रिभोज में शामिल होंगे। मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक मंगलवार को करीब सुबह 11 बजे से 2 बजे तक ताज होटल में प्रस्तावित है।

## सीएमओ ने अनुपस्थित डॉक्टर पर की कार्रवाई

**अमेठी, अमृत विचार।** मुख्यमंत्री आरोग्य मेला के अंतर्गत रविवार को सीएमओ अमेठी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पी। एचसी भटगांव का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की समीक्षा की गई, जहां कुल 27 मरीजों का इलाज किया गया और 10 प्रकार की जांचें की गईं। निरीक्षण के दौरान स्टाफ नर्स रेनू सिंह और आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. शुभा सिंह अनुपस्थित पाई गईं। सीएमओ ने डॉ. शुभा सिंह की अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए उनके वेतन पर रोक लगाने की संस्तुति की है तथा इस संबंध में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक अधिकारी को पत्र भेजने की बात कही है। वहीं, अन्य सभी स्वास्थ्यकर्मी समय पर ड्यूटी पर उपस्थित मिले।



निरीक्षण करते सीएमओ डॉ अंशुमान सिंह। अमृत विचार

# यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में दर्ज हुआ सोनभद्र का फॉसिल्स पार्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- मुख्यमंत्री योगी के इको टूरिज्म प्रयासों का असर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जीवाश्म पार्क को मिली ख्याति
- 1.4 अरब वर्ष पुराना पार्क प्राचीन बलुआ पत्थर में संरक्षित सबसे पुरानी सर्वश्रेष्ठ स्ट्रॉमैटोलाइट्स

**अमृत विचार :** योगी सरकार ने दुनिया के सबसे प्राचीन जीवाश्म पार्क में शुमार सोनभद्र के सलखन फॉसिल्स पार्क को विश्व धरोहर के लिए बनी सूची में शामिल करने में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। सलखन फॉसिल पार्क का विवरण अब यूनेस्को की वेबसाइट https://whc.unesco.org/en/tentativelists/6842/ पर देखा जा सकता है। इससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पर्यटन को नई उड़ान मिलेगी।

फॉसिल्स पार्क को यूनेस्को की सूची में दर्ज कराने के लिए 26 जून 2024 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उप्र इको पर्यटन विकास बोर्ड और राजधानी स्थित बीरबल साहनी पुरावनस्पति विज्ञान संस्थान के बीच एमओयू हुआ था। इसके तहत संस्थान की ओर से फॉसिल्स पार्क पत्थरों पर मौजूद जीवाश्म का अध्ययन किया गया, जिसमें 1.4 अरब वर्ष पुराने शैवाल और स्ट्रॉमैटोलाइट्स के जीवाश्म पाए गए। यह धरती पर प्राचीन जीवन के प्रमाण देते हैं। इन साक्ष्यों के आधार पर यूनेस्को की सूची में पार्क को शामिल करने के लिए आवेदन किया गया। जबकि विश्व की सूची में पहले से सम्मिलित अमेरिका के येलो स्टोन पार्क के जीवाश्म लगभग 50 करोड़ वर्ष पुराने, कनाडा के मिस्टेकन प्वाइंट के जीवाश्म लगभग 55 करोड़ वर्ष पुराने व कनाडा के जॉगिंस फॉसिल क्लिफ के जीवाश्म 31 करोड़ वर्ष पुराने हैं।

फिलहाल, सलखन फॉसिल्स पार्क को यूनेस्को की वर्ल्ड हेरिटेज की टेंटेटिव लिस्ट में शामिल किया गया है। राज्य के पर्यटन निदेशक प्रखर मिश्र ने बताया कि यूनेस्को की स्थाई सूची में दर्ज कराने के लिए डोजियर तैयार किया जा रहा है, जिसे जल्द ही भारत सरकार को सौंप दिया जाएगा। इसके बाद इसे यूनेस्को को भेजा जाएगा। उन्होंने उम्मीद जतायी है कि आगामी 2 वर्षों में फॉसिल्स पार्क को यूनेस्को की स्थायी सूची में स्थान मिल सकता है। इससे जहां अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश को ख्याति प्राप्त होगी, वहीं वैश्विक स्तर पर पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

### 25 हेक्टेयर में फैला है फॉसिल्स पार्क

पृथ्वी की प्राचीन धरोहर में बढ़ती राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रुचि के बीच सलखन फॉसिल पार्क कैमूर वन्यजीव अभयारण्य और विंध्य पर्वत श्रृंखला के बीच एक सुंदर भू-भाग में स्थित है। 25 हेक्टेयर में फैला यह स्थल प्राचीन बलुआ पत्थर में संरक्षित कुछ सबसे पुरानी और सर्वश्रेष्ठ स्ट्रॉमैटोलाइट्स (प्राचीन, परतदार, सूक्ष्मजीवों से बने चट्टान के गठन) का घर है, जो लगभग 1.4 अरब वर्ष पुरानी हैं। ये जीवाश्म सूक्ष्मजीव संरचनाएं पृथ्वी पर जीवन के सबसे प्रारंभिक रूपों का प्रतिनिधित्व करती हैं और ग्रह के जैविक अतीत में महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि प्रदान करती हैं।

### मिनी ट्रक ने मारी टक्कर भाकियू कार्यकर्ता की मौत

**सिंहपुर अमेठी ,अमृत विचार।** जनपद के इन्हौना क्षेत्र में बीती रात सड़क हादसे में भारतीय किसान यूनियन के युवा कार्यकर्ता वसीउल्ला की मौत हो गई, जबकि महिला जिलाध्यक्ष शमीमा समेत तीन अन्य लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, किसान यूनियन की मासिक बैठक के बाद संगठन के कार्यकर्ता घर लौट रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार मिनी ट्रक ने अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े कार्यकर्ताओं को टक्कर मार दी। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घायलों को सीएचसी सिंहपुर अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में वसीउल्ला की मृत्यु हो गयी। अन्य घायलों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है, जबकि कुछ लोग मामूली चोट लगने के बाद प्राथमिक इलाज के बाद घर लौट गए। इन्हौना पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है। हादसे के बाद किसान यूनियन में शोक की लहर है और संगठन ने मृतक कार्यकर्ता को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## सार-संक्षेप

### दीवार बनवाने को सिपाही पर रिश्वत लेने का आरोप



पांच गवाह व शपथपत्र के साथ शिकायत करती पीड़िता।

**तिलोई अमेठी अमृत विचार।** तहसील के इन्हौना थानाक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम शेखनगाव निवासी सहनाज बानो पत्नी साजिद अली ने नोटरी सहित एक प्रार्थनापत्र पांच गवाहों सहित एसडीएम तिलोई को देकर इन्हौना थाने पर तैनात एक सिपाही पर दस हजार रुपए घूस लेने का आरोप लगाया है। उन्होंने शिकायती पत्र में लिखा है कि वे लोग 50 वर्षों से घर बना कर रह रहे हैं। घर के सामने सरकारी रास्ता हैं। उस रास्ते को विपक्षियों ने खुदवा कर अपने तालाब में मिला लिया है। इसकी शिकायत पीड़िता ने तहसील तथा थाना इन्हौना व पुलिस अधीक्षक अमेठी से भी की। थाना इन्हौना में तैनात सिपाही ने दीवार खड़ी कराने के नाम पर पीड़िता से दस हजार रुपए ले लिये। बाद में फर्जी मुकदमे में फसा कर जेल भेज देने की धमकी दी। पैसा देते समय पांच लोग एफिडेविट सहित गवाह है। पीड़िता इसकी शिकायत मुख्यमंत्री तथा पुलिस अधीक्षक से भी की है। बीते दिन तहसील दिवस में पांच गवाहों सहित नोटरी देकर उचित कार्यवाही की मांग किया है। उपजिलाधिकारी तिलोई अमित सिंह ने बताया कि प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है मामले में जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी।

### योग दिवस में उत्कृष्ट योगदान पर छात्रा सम्मानित




योग दिवस में उत्कृष्ट योगदान पर छात्रा को प्रमाणपत्र देते पदाधिकारी।

**सिंहपुर अमेठी अमृत विचार।** ग्यारहवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विकास क्षेत्र के पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय पन्हौना के कक्षा आठ की छात्रा सविता को योग दिवस में उत्कृष्ट कार्य करने पर जिला समन्वयक प्रशिक्षण द्वारा प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। पूर्व मा० जूनियर शिक्षक संघ सिंहपुर के अध्यक्ष रविकांत श्रीवास्तव ने छात्रा सविता को और विद्यालय परिवार को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर जिले के समस्त अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों सहित पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय पन्हौना के प्रधानाध्यापक पवन कुमार, भरत कुमार, दीनानाथ आदि मौजूद रहें।

### पशुओं की नियमित स्वास्थ्य जांच कराएं: रमाकांत



गौ संरक्षण केंद्र का निरीक्षण करते गोसेवा आयोग के सदस्य। अमृत विचार

**सिंहपुर अमेठी अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग, लखनऊ के सदस्य रमाकांत उपाध्याय ने विकासखंड सिंहपुर स्थित वृहद गो संरक्षण केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गोवंशों की देखभाल, चारे-पानी की उपलब्धता, स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवाओं एवं आश्रय स्थल की संपूर्ण व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। उपाध्याय ने गोशाला में मौजूद गोवंशों की संख्या, भूसे एवं हरे चारे की मात्रा, ईयर टैगिंग व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, विद्युत व्यवस्था, शेड निर्माण एवं गर्मी से बचाव के उपायों की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पशुओं की नियमित स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित की जाए तथा स्वच्छता व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। निरीक्षण के दौरान उपाध्याय ने कहा कि गोवंशों की सुरक्षा और सेवा सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है, इसलिए गौशालाओं की सुविधाएं बेहतर होनी चाहिए। उन्होंने पशु चिकित्सकों को निर्देश दिया कि समय-समय पर गोवंशों की जांच कर आवश्यक चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त उन्होंने निर्देश दिए कि गौशाला की व्यवस्थाओं की सतत निगरानी की जाए और साफ-सफाई के साथ-साथ चारे व पानी की आपूर्ति नियमित रूप से होती रहे। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे।

### भाभी ने देवर पर लगाया अश्लील वीडियो बनाने का आरोप

**शुकुल बाजार अमेठी,अमृत विचार।** शुकुल बाजार थाना क्षेत्र के मवैया चौराहा गांव से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक महिला ने अपने देवर पर गंभीर और शर्मनाक आरोप लगाए हैं। पीड़िता अनु उर्फ शिवकान्ती पत्नी विवेक कुमार यादव ने थानाध्यक्ष को दी गई तहरीर में बताया कि उसके देवर राज विजय यादव उर्फ सूरज और उसकी पत्नी मुस्कान ने उनके घर के बाथरूम के सामने एक सीसीटीवी कैमरा लगा रखा है। आरोप है कि इस कैमरे के जरिए उसकी आपत्तिजनक तस्वीरें और वीडियो रिकॉर्ड किए जा रहे हैं। पीड़िता ने दावा किया कि जब उसने अपने पैतृक संपत्ति में हक की मांग की तो आरोपियों ने इन निजी वीडियो और तस्वीरों को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। इतना ही नहीं, पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी का ससुर राम गोपाल यादव पुत्र राम बहादुर निवासी मवैया चौराहा का भी इस पूरे षड्यंत्र में हाथ है। थाना बाजार शुकुल पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पीड़िता की शिकायत के आधार पर तथ्यों की जांच की जा रही है और जो भी भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## योग आत्मशक्ति का जागरण : डीपीआरओ

संवाददाता, रायबरेली



शहर के राणा बेनी माधव बख्श सिंह पार्क में सम्मानित किए गए लोग।

**अमृत विचार।** शहर के राणा बेनी माधव बख्श सिंह पार्क में योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा और विशिष्ट अतिथि अध्यात्म गुरु व कथा वाचक गोविंद उपस्थित रहे। समापन सत्र में जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्यशील सिंह और सिटी मजिस्ट्रेट राम औतार मौजूद रहे।

डीपीआरओ सौम्यशील सिंह ने कहा कि " योग आत्मशक्ति का जागरण है। यह केवल शारीरिक कसरत नहीं, बल्कि मानसिक शांति, अनुशासन और आत्मिक संतुलन की साधना है। समाज में योग के प्रचार से स्वस्थ और संतुलित जीवन को बढ़ावा मिलता है। सिटी मजिस्ट्रेट रामऔतार ने कहा कि योग मानव जीवन की संपूर्ण चिकित्सा है। यह तन, मन और आत्मा तीनों को सशक्त करता है। समापन पर मुख्य अतिथियों और साधकों को माला पहनाकर, प्रतीक चिन्ह और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रदीप पांडेय, सोनम गुप्ता, डॉ. चंपा श्रीवास्तव, रवींद्र कुमार सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## बिजली कटौती पर फूटा गुस्सा, सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली



बिजली कटौती के विरुद्ध ऊंचाहार चौराहा पर प्रदर्शन करते लोग।

**अमृत विचार।** अंधाधुंध बिजली कटौती के विरुद्ध नागरिकों का गुस्सा फूटा है। जिला पंचायत सदस्य शैलेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में नागरिकों ने ऊंचाहार चौराहा पर प्रदर्शन करके मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक को ज्ञापन भेजा है।

इस समय बिजली कटौती से आम जनमानस बेहाल है। जिला पंचायत सदस्य ने बताया कि ऊंचाहार नगर समेत विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की हालत बहुत खराब है। उमस भरी गर्मी में बिजली के बिना लोग बीमार हो रहे है, ग्रामीण क्षेत्रों में धान की नर्सरी बचाने के लिए किसान परेशान है। क्षेत्र के गांव दौलतपुर, नजनपुर, किरवाहार आदि गांव जमुनापुर उपकेंद्र से जुड़े है, जिन्हें अक्सर बिजली ही नहीं मिलती है। दो दिन पूर्व इन गांवों को 20 घंटे बाद आपूर्ति मिली। शनिवार शाम से इन गांवों में आपूर्ति ठप हुई थी जो रविवार दोपहर बाद बहाल हुई है। ऐसी दशा में लोग परेशान है। ऊंचाहार नगर में शाम को ही व्यवसाय होता है, शाम को मौसम ठंडा होने पर खरीदारी के लिए घर से निकलते है, उस समय बिजली काट दी जाती है। बिजली की इस समस्या के तत्काल निदान हेतु एक ज्ञापन मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक को भेजा गया है। प्रदर्शन करने वालों में प्रमुख रूप से मनोज पाल, संदीप कौशल, अखिलेश साहू, पुलूल, अंजनी जायसवाल और सुनील सिंह आदि मौजूद थे।

## प्रवेशार्थियों के लिए मददगार साबित हो रही है हेल्प डेस्क



फिरोज गांधी कॉलेज के हेल्प डेस्क में मौजूद लोग।

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** फिरोज गांधी कॉलेज में चल रही हेल्प डेस्क प्रवेशार्थियों के लिए मददगार साबित हो रही है। बीए, बीएससी, बीकॉम में प्रवेश लेने वाले प्रवेशार्थी यहां आकर अपने फार्म भरवा रहे हैं। यह हेल्प डेस्क सुबह दस बजे से लेकर के शाम पांच बजे तक चलती है। फिरोज गांधी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. मनोज कुमार त्रिपाठी ने बताया कि ऑनलाइन प्रवेश आवेदन भरने में परीक्षार्थियों की सहायता के लिए महाविद्यालय में ही ऑनलाइन प्रवेश हेल्प डेस्क सुचारू रूप से कार्य कर रही है।

प्रवेशार्थी अपने मोबाइल फोन, आधार कार्ड, फ़ोटो, शैक्षणिक अभिलेखों एवं आरक्षण के दावे के प्रमाणपत्र के साथ फीरोज गांधी कॉलेज, रायबरेली की हेल्पडेस्क पर आकर ऑनलाइन प्रवेश फॉर्म भर सकते हैं।

ऑनलाइन प्रवेश फॉर्म पोर्टल पर भरने एवं समस्त प्रमाण पत्रों की प्रतियों सहित भरे गए प्रवेश फॉर्म की हार्ड कॉपी का प्रिंट आउट महाविद्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 30 जून है। फीरोज गांधी कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2025- 26 में बीए (प्रथम सेमेस्टर) के 720 स्थानों, बीएससी (गणित वर्ग), प्रथम सेमेस्टर के 180 स्थानों, बीएससी (जीव विज्ञान वर्ग), प्रथम सेमेस्टर के 180 स्थानों, बीकॉम (प्रथम सेमेस्टर) के 180 स्थानों, एमए (अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, मनोविज्ञान, हिंदी, इंग्लिश, संस्कृत), विषयों में से प्रत्येक विषय की प्रथम सेमेस्टर कक्षा के 60 स्थानों, एमएससी (गणित, भौतिक विज्ञान, जंतु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान) में से प्रत्येक विषय की प्रथम सेमेस्टर कक्षा के 20 स्थानों, एमएससी (रसायन विज्ञान), प्रथम सेमेस्टर कक्षा के 30 स्थानों तथा एमकॉम (प्रथम सेमेस्टर) कक्षा के 60 स्थानों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन प्रवेश आवेदन पत्र महाविद्यालय के ऑनलाइन प्रवेश पोर्टल पर भरने की प्रक्रिया संपन्न हो रही है।

## सड़क पर गिरी बाइक बच्ची समेत 4 घायल

ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार।** भाई के घर से लौट रहे व्यक्ति की बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। इस हादसे से मासूम समेत चार लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

मामला नगर के मुख्य चौराहे के निकट का। शनिवार की रात कस्बे के अनीस अपनी अपनी दो बेटियों सुरैया बानो, सल्फिया बानो और सुरैया की दस वर्षीय बेटी अमैरा नूर को बाइक पर बैठा कर बस स्टॉप के निकट स्थित अपने भाई रईस के घर वापस लौट रहे थे। तभी लखनऊ - प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर चौराहे के निकट अचानक आवारा कुत्तों का झुण्ड उनके समाने आ गया। उससे बचने के लिए उन्होंने तेज ब्रेक मार दिया, जिससे उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और बारिश के कारण फिसल गई। इससे सभी बाइक सवार सड़क पर गिरकर गए। इस घटना से चौराहे पर अफरा तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस से उन्हें सीएचसी भर्ती कराया गया। सीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज शुक्ला ने बताया कि घायलों का इलाज किया गया है।

## एक नजर

### किशोर ने फांसी लगाकर दी जान

लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के मलपुरा गांव के रामनरेश लोधी के 15 वर्षीय पुत्र अंकित ने अपने ही अंगोछे से पेड़ से लटक कर फांसी लगाकर जान दे दी है। सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रवाना किया। उन्होंने बताया कि किसी तरह की शिकायत नहीं मिली है। राम नरेश ने बताया कि उसका पुत्र कल शाम से गायब था। शाम को खोजबीन की गई थी लेकिन मिला नहीं था। सुबह उसका शव गांव के ही प्राइमरी स्कूल के परिसर में पेड़ से लटका हुआ मिला है।

### भौजाई पर बेटी को बेचने का लगाया आरोप

जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार। थाना क्षेत्र की रहने वाली बिटाना देवी पत्नी बाबूलाल निवासी पिछवारा ने अपनी ही भौजाई पर आरोप लगाया है कि उसकी पुत्री को ननिहाल ले जाने के बहाने से हापुड़ लेकर चली गई। बिटाना ने बताया कि उसकी पुत्री को किसी के हाथ बेच दिया गया है। एक दिन पहले बेटी ने किसी दूसरे नंबर से फोन करके पूरी आपबीती बताई। जगतपुर थानेदार अजय कुमार राय से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में है। जांच कराकर कार्यवाही की जाएगी।

### रंजिश में हुई मारपीट, दो लोग घायल

लालगंज, रायबरेली। बसंतपुर कठोईया गांव निवासी सुभाष व विकास पुत्रगण हरिनाम लोधी को गांव के ही सुधीर, दीपू और रजनू पासी ने लाठी डंडों और फावड़े से हमला कर घायल कर दिया। सुभाष ने बताया कि वह बाजार करके घर वापस लौट रहे थे। तभी रणमऊ के पास विपक्षियों ने उनके ऊपर हमला बोल दिया। लोगों के बीच बचाव करने पर हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये। घायलों को एंबुलेंस से लालगंज सरकारी अस्पताल लाया गया, जहां से डॉक्टर ने इलाज के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### मारपीट व रुपये गायब होने का आरोप

जगतपुर, रायबरेली। थाना क्षेत्र के हजियाबाद की रहने वाली सोना देवी ने पुलिस से शिकायत की है। तहरीर में कहा है कि वह अपने घर जा रही थी, तभी रास्ते में गांव के ही तीन लोगों ने उसके साथ रोककर गाली-गलौज व मारपीट की है। यह भी आरोप है कि मारपीट के दौरान सोने की चेन व पर्स में रखे आठ हजार रुपये गायब हो गये। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर तीन लोगों को नामजद किया है। इस बाबत थानेदार अजय कुमार राय ने बताया कि इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है।

# महिला की हत्या में 7 आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

## दो को हिरासत में लिया, कान्हामऊ गांव में पसरा सन्नाटा, तनाव के मद्देनजर पुलिस बल तैनात

फॉलोअप

संवाददाता, खीरों, रायबरेली

अमृत विचार। शनिवार को कान्हामऊ में जमीनी विवाद को लेकर कुछ दबंगों ने एक दलित महिला की लाठी डंडों और सरिया से पीटकर हत्या कर दी थी। मृतका की बेटी ने सात लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है।

पुलिस ने पीड़िता के शिकायती पत्र के आधार पर सात नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर दो को हिरासत में ले लिया है। पुलिस शेष आरोपियों की तलाश कर रही है। रविवार को पोस्टमार्टम होने के बाद शव गांव पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। गांव में तनाव के बीच सन्नाटा पसरा हुआ है। गांव में बड़ी संख्या में पुलिसबल तैनात किया गया है।

कान्हामऊ निवासी माया देवी पत्नी मिश्रीलाल कुरील की बेटी आराधना ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसके घर के पास कुछ पैतृक जमीन है। उसके गांव के कृष्णकांत दीक्षित उर्फ पुतान पुत्र जागेश्वर दीक्षित इसी जमीन पर जबरन कब्जा करना चाह रहे हैं। इसी बात को लेकर लगभग पांच वर्षों से विवाद और रंजिश चल रही है।

कई बार झगड़ा भी हो चुका है। कई बार पुलिस को शिकायती पत्र देने पर भी कोई स्थाई समाधान नहीं निकला। शनिवार को सुबह लगभग 9:30 बजे वह अपनी मां माया देवी के साथ गांव से बाहर अपने मवेशी चरा रही थी। पुरानी रंजिश को लेकर शनिवार को कृष्णकांत दीक्षित, उनके बेटे दीपक, शुभम्, सूरज, उनकी पत्नी स्नेहलता, बहू बीनू गांव के ही आशीष सिंह पुत्र शशेंद्र बहादुर सिंह ने बाग के पास पहुंचकर मां माया देवी को लाठी डंडों और सरिया से पीटकर मरणासन्न कर दिया। वह बीचबचाव करने पहुंची तो सभी लोगों ने उसे भी दौड़ाया तो उसने भागकर अपनी जान बचाई। शोर शराबा सुनकर परिजनों के पहुंचने पर सभी लोग मां माया देवी को मृत समझकर उसे जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। परिजनों ने माया देवी को तत्काल सीएचसी खीरों पहुंचाया जहां से उसे नाजुक हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रविवार को शव गांव पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया। गांव से व्याप्त तनाव को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिसबल तैनात कर दिया गया है।

### महिला की हत्या के बाद जागी खीरों पुलिस

खीरों थाना क्षेत्र के कान्हामऊ में खीरों पुलिस यदि शिकायत पर कार्रवाई करती तो आज शायद महिला जिंदा होती। मृतका की पुत्री आराधना के अनुसार, गांव में एक जमीन पर कृष्णकांत दीक्षित उर्फ पुतान पुत्र जागेश्वर दीक्षित ने जबरन कब्जा करने को लेकर अक्सर विवाद हुआ करता था। जिसकी बाकायदा खीरों पुलिस थाने में शिकायत की थी, लेकिन पुलिस ने उसकी एक भी नहीं सुनी। मृतका की पुत्री द्वारा पूर्व में दिए गए शिकायती पत्र पर यदि खीरों पुलिस तनिक भी अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन करती तो शायद माया देवी जिंदा होती और आज गांव में तनाव की स्थिति न उत्पन्न होती। इस हत्या के पीछे खीरों पुलिस की कार्यशैली में शिथिलता उजागर हो रही है।

▸▸ हत्यारोपियों के दौड़ाने पर भाग कर मृतका की पुत्री ने बचाई थी जान

"शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। दो नामजद आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। शेष आरोपियों की तलाश की जा रही है। शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए गांव में पुलिसबल तैनात कर दिया गया है। आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।"

–सन्तोष कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक, खीरों

# राजमार्ग पर पानी ही पानी, डीएम का आदेश बेअसर



बाबूगंज बाजार में राजमार्ग पर भरा पानी।

संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली

अमृत विचार। लखनऊ-प्रयागराज राजमार्ग पर स्थित बाबूगंज कस्बे के हालात इस समय बद से बदतर है। पूरी बाजार में सड़क पर पानी भरा है।

जलनिकास की व्यवस्था न होने के कारण बरसात और घरों से निकलने वाला पानी सड़क पर ही एकत्र होता है, जिससे अक्सर हादसे होते हैं। इस बारे में बाजार के रहने वाले अजय गुप्ता, राजू सोनी, सोनू, रविशंकर, अखिलेश मौर्य, बैजनाथ, शिव शंकर, सतीश कुमार, मो इस्माइल आदि ने जिलाधिकारी हर्षिता माथुर से मिलकर मौके की वीडियो क्लिप देकर शिकायत की थी। जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को समस्या का निस्तारण एक सप्ताह के अंदर करने का निर्देश दिया था, किन्तु बीस दिन बीत जाने के बाद भी समस्या का निस्तारण नहीं हुआ है। हालात ये हो गए है कि पूरी बाजार जलाशय बनी हुई है। यहां रहने वाले लोग और बाजार में खरीदारी करने वाली जनता तथा स्कूल जाने वाले बच्चे घुटनों तक पानी से होकर आवागमन करते है।

# करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

सरेनी, रायबरेली

अमृत विचार। बीती रात इनवर्टर की बैटरी चेक कर रहा युवक करंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गया। इससे हड़कंप पहुंच गया। परिजन उसे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां चिकित्सक ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। इससे कोहराम मच गया। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया है। थाना क्षेत्र के रमईपुर कला गांव के रहने वाले कृष्णा (25) पुत्र राम सजीवन साहू बीती रात करीब दस बजे इनवर्टर की बैटरी चेक कर रहे थे। तभी वह करंट की चपेट में आ गए। परिजनों ने उन्हें करंट मुक्त कराया और सीएचसी ले गए, जहां के चिकित्सक ने जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। इससे कोहराम मच गया। घटना से मां पार्वती, बहन प्रिंसी नैंसी का रो-रो कर बुरा हाल है। कोतवाल शिवाकांत पांडे का कहना है की घटना की जानकारी नहीं है।

### मुहर्रम को लेकर कोतवाली में हुई पीस कमेटी की बैठक

लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार। लालगंज कोतवाली में मुहर्रम त्योहार को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें शांति और सौहार्दपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने के लिए चर्चा की गई। नायब तहसीलदार शंभू शरण पांडे और प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने ताजियेदारों और जनप्रतिनिधियों से सहयोग की अपील की। बैठक में ताजिया जुलूस के मार्गों और रास्ते में बिजली के तारों के बारे में जानकारी लेकर समस्या के निस्तारण के लिए टीम गठित की गई। इस अवसर पर अपराध निरीक्षक अनिल कुमार सिंह, चौकी इंचार्ज अजय कुमार मिश्रा, उपनिरीक्षक रविंद्र तिवारी, व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष रोहित सोनी, प्रदेश मंत्री मृत्युंजय बाजपेई, महामंत्री शिवम गुप्ता, अनिल गुप्ता, उमेश सिंह, चंदन त्रिवेदी, मोहम्मद याकूब, लल्लन, मोहम्मद इरफान, सभासद नसीम आदि लोग मौजूद रहे।

# सीएमओ ने स्वास्थ्य केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

संवाददाता, महराजगंज, रायबरेली

अमृत विचार। ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र घुरौना व हरदोई में रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। रविवार को सीएमओ डॉ. नवीन चंद्रा ने दोनों केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान दोनों स्वास्थ केंद्र में उन्हें व्यवस्थाएं सामान्य मिली। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र घुरौना में डॉ. हुमा कौशर व डॉ. फहीम अख्तर द्वारा कुल 63 मरीजों का उपचार किया गया एवं 42 आयुष्मान कार्ड बनाए गए। इसके अलावा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरदोई में डॉ. नरेंद्र और डॉ. कुशा मलिक द्वारा 43 मरीजों का उपचार किया गया। जिसमें 14 महिलाएं, 12 बच्चे व 12 पुरुष शामिल रहे। साथ ही यहां भी 22 आयुष्मान कार्ड बनाए गए।



स्वास्थ्य केंद्र में अभिलेख जांचते सीएमओ डॉ. नवीन चंद्रा।

### पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के मोन गांव निवासी नैतिक साहू (14) पुत्र पवन कुमार शनिवार सुबह योग शिविर में शामिल होने आया था। छात्र नैतिक साइकिल से घर जा रहा था तभी पूरे सुखई तिराहे पर हैदरगढ़ रोड की ओर से आ रही तेज़ रफ़्तार स्कॉर्पियो ने जोरदार टक्कर मार दी थी। प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी तेज थी कि छात्र 10 मीटर दूर जा गिरा। जबकि उसकी साइकिल स्कार्पियो में फंस गई। घटना में छात्र को गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद चालक स्कॉर्पियो लेकर मौके से भाग निकला। घटना में छात्र का बायां पैर फैक्चर हो गया। रविवार को छात्र के पिता पवन कुमार ने चालक को नामजद करते हुए पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर में बताया कि पूरे रानी चंदापुर निवासी चालक रमन हलोर की तरफ से तेज़ रफ़्तार स्कॉर्पियो चलाते हुए आया और घर लौट रहे उसके बेटे नैतिक को टक्कर मार दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया है। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है।

# होमगार्ड, तीन महिलाओं समेत अज्ञात पर मुकदमा

महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार। बीते दिनों होमगार्ड का सरकारी राइफल के साथ गांव के विपक्षियों को गाली-गलौज करने का एक वीडियो वायरल हुआ था। मामले में पुलिस व प्रशासन से सुनवाई न होने पर पीड़िता ने न्यायालय की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने होमगार्ड व तीन महिलाओं और चार-पांच अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के जिह्वा गांव निवासी महिला समीदुन निशा पत्नी समीउल्ला ने तहरीर में बताया कि उसका पति आटो चलाता है। उसके गांव के ईशा मोहम्मद पुलिस होमगार्ड है व एसडीएम महराजगंज की सुरक्षा में तैनात हैं। 14 मई को ईशा मोहम्मद, उनकी पत्नी शाहीन, दोनों बेटियों महजबीं व करीना चार-पांच अज्ञात व्यक्तियों के साथ घर में घुसकर गाली-गलौज करते हुए उसका हाथ पकड़कर घर से निकालने लगे। इतना ही नहीं उसे और उसके पति के साथ मारपीट भी किया।कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर होमगार्ड दंपत्ति व उनकी दो बेटियों सहित चार पांच अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर घटना की जांच की जा रही है।

# 'नन्हीं तूलिका' चित्रकला कार्य पुस्तिका का विमोचन

संवाददाता, राही, रायबरेली

अमृत विचार। होटल 'द सफायर' रायबरेली में 'नन्हीं तूलिका' चित्रकला कार्यपुस्तिका का विमोचन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जयशंकर बाजपेई, पूर्व प्रधानाचार्य, वैदिक इंटर कॉलेज, रायबरेली द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। यज्ञदत्त शुक्ल द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया गया।

मुख्य अतिथि द्वारा बहुप्रतीक्षित नन्हीं तूलिका चित्रकला कार्य पुस्तिका का विमोचन विभिन्न ब्लॉकों के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की उपस्थिति में किया गया। नन्हीं तूलिका चित्रकला कार्य पुस्तिका के संपादक एवं लेखक अजय सिंह राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक ने बताया कि बच्चों का सर्वाधिक रुचिकर विषय चित्रकला है, परन्तु परिषदीय विद्यालयों में इस विषय की न तो कोई पुस्तक है और न ही कार्य पुस्तिका है। अतः बच्चों की रुचि व बालमन के दृष्टिगत कक्षा 1 के बच्चों हेतु नन्हीं तूलिका चित्रकला कार्य पुस्तिका का संपादन किया गया है। नन्हीं तूलिका के माध्यम से परिषदीय विद्यालयों के बच्चे पहली बार चित्रकला विषय में रूचि पूर्वक कार्य कर सकेंगे। मुख्य अतिथि ने अपने वक्तव्य में नन्हीं तूलिका चित्रकला कार्य पुस्तिका के सृजन की सराहना करते हुए कहा कि यह बच्चों हेतु बहुत ही उपयोगी एवं मील का पत्थर साबित होगी। इसी क्रम में राज्य स्तर पर स्टेट आईसीटी अवॉर्ड जीतने वाले आशीष सिंह को सदन की ओर से सम्मानित किया गया। स्वागत भाषण सविता सिंह, राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका द्वारा दिया गया एवं दिलीप कुमार द्वारा उपस्थित अतिथियों एवं शिक्षक, शिक्षिकाओं के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के अंत में सविता सिंह द्वारा हम होंगे कामयाब एक दिन...भावपूर्ण प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का कुशल संचालन यज्ञदत्त शुक्ल द्वारा किया गया। शिवबहादुर, सविता सिंह, आशीष प्रताप सिंह, बंदना, मनोज कुमार गुप्ता, दिलीप कुमार आदि उपस्थित रहे।



नन्हीं तूलिका चित्रकला कार्यपुस्तिका का विमोचन करते मुख्य अतिथि।

# आरटीई एक्ट के खिलाफ है विद्यालयों का मर्जर : वीरेंद्र

संवाददाता, रायबरेली

▸▸ राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ शासन से वार्ता करके जल्द इस आदेश को वापस लेने की करेगा मांग

अमृत विचार। बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों के मर्जर का लगातार विरोध हो रहा है। विभाग की तरफ से शासनादेश निकाले जाने के बाद अनवरत विरोध बढ़ता जा रहा है। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की तरफ से भी इस आदेश का लगातार विरोध किया जा रहा है। इस आदेश के विरोध में संगठन जल्द ही शासन के वार्ता करके इस नीति को वापस लेने की मांग करेगा।

आरएसएम के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश शासन व बेसिक शिक्षा परिषद की तरफ से आरटीई एक्ट में संशोधन किए बिना ही कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों का युग्मन, पेयरिंग, मर्जर किया जा रहा है जो कि पूर्णतः असंवैधानिक तथा छात्र, शिक्षा और समाज सभी के लिए अहितकर है। उन्होंने कहा कि ऐसे किसी भी आदेश व प्रस्ताव का राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ पुरजोर विरोध करता है। अगर यह आदेश वापस नहीं लिया गया तो इस नीति का विरोध किया जाएगा।

जिला महामंत्री संजय कनौजिया ने कहा कि राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का प्रदेश नेतृत्व अगले सप्ताह विभाग एवं शासन के उच्चाधिकारियों से वार्ता करके इस आदेश वापस लेने की मांग करेगा। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रदेश नेतृत्व एवं बेसिक शिक्षा विभाग व शासन के अधिकारियों में वार्ता होने तथा किसी सार्थक परिणाम के आने तक जनपद में कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों के इंचार्ज प्रधानाध्यापक व प्रधानाध्यापक युग्मन, पेयरिंग, मर्जर से सम्बन्धित किसी भी प्रस्ताव की अपनी एसएमसी की सहमति न दें। जिला संगठन मंत्री मधुकर सिंह ने कहा शिक्षकों को युग्मन, पेयरिंग, मर्जर से क्या-क्या कठिनाइयां छात्रों एवं अभिभावकों तथा समाज के समक्ष उत्पन्न होंगी उससे विद्यालय प्रबंध समिति (एसएमसी), ग्राम प्रधान, स्थानीय जनप्रतिनिधियों व ग्रामवासियों को भी अवगत करायें। शिक्षक किसी भी प्रकार के दबाव में आए बिना यह कार्य निरन्तर करते रहना है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ शिक्षकों कंधे से कंधा मिलाकर चलता रहेगा और शिक्षक समाज के मान, सम्मान एवं स्वाभिमान की लड़ाई सदैव लड़ता रहेगा। शिक्षकों को पेयरिंग के संबन्ध में किसी भी प्रकार से घबराने की जरूरत नहीं है।

संगठन के संयुक्त महामंत्री हरिमोहन यादव ने कहा कि कम नामांकन वाले विद्यालयों के मर्जर का आदेश सरकार को वापस लेकर बेसिक शिक्षा में घटते नामांकन की वास्तविक समस्यों जैसे हर कक्षा के लिए शिक्षक, प्रधानाध्यापकों की कमी, गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्ति, प्रवेश की आयु में छूट, प्री प्राइमरी कक्षाओं का संचालन आदि कि व्यवस्था अनिवार्य रूप से करके ही बेसिक शिक्षा में सुधार हो सकता है।

# संदिग्ध हालात में महिला की मौत

संवाददाता, सरेनी, रायबरेली

अमृत विचार। बीती रात थाना क्षेत्र के एक गांव में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इससे हड़कंप मच गया। मृतका के भाई ने शनिवार को पुलिस को तहरीर देकर ससुराली जनों पर गला दबाकर मार डालने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कानपुर नगर के महाराजपुर थाने के देवसहन खेड़ा मजरे डोमनपुर गांव के रहने वाले शिवकुमार पुत्र राम भरोसे ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि उसने अपनी बहन अनीता देवी की शादी सरेनी थाने के पूरे सुकुरू मजरे कुटिया एहतमाली गांव के रहने वाले संतोष पुत्र बुधई के साथ किया था। पांच दिन पहले ही अनीता का पति संतोष बाहर से कमाकर लौटा और अनीता पर गांव के एक व्यक्ति पर अनैतिक संबंध बनाने का आरोप लगाने लगा। इसी बात को लेकर दोनों में बीती रात विवाद हो गया। तभी पति व उसके परिवार के सदस्यों ने मिलकर अनीता की गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद बहनोई संतोष ने फोन कर बताया कि अनीता मर गई है। शिवकुमार सुबह जब पूरे सुकरू गांव पहुंचा तो देखा अनीता चारपाई पर मृत पड़ी है। उसने पुलिस को जानकारी दी तो पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कोतवाल शिवाकांत पांडे का कहना हैं कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### आरोग्य मेले में 67 मरीजों का किया गया उपचार



जगतपुर पीएचसी में रोगियों का उपचार करते डॉ. सुफैल अहमद।

जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार। रविवार को जगतपुर विकास क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरदी टीकर में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता डॉ. सुफैल अहमद ने की। आरोग्य मेले में 67 मरीजो ने पंजीकरण कराया। जिसमें 33 पुरुष 28 महिलाएं छह बच्चों का उपचार किया गया। आरोग्य मेले में जुखाम, बुखार, शुगर, बीपी, हाइपरटेंशन, एनीमिया आदि रोगों के मरीजों का उपचार किया गया। उपचार के बाद मरीजो को निशुल्क रूप से दवाई वितरण की गई। यह जानकारी पीएचसी के चिकित्सक सुफैल अहमद ने दी।

### इमामबाड़े निर्माण का ग्रामीणों ने जताया विरोध



ऐहार में निर्माणाधीन इमामबाड़ा।

लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार। बिना सरकारी अनुमति के ऐहार गांव में मुस्लिम संप्रदाय के लोगों के द्वारा इमामबाड़ा बनवाया जा रहा है। पक्का चबूतरा और खंभे खड़े हो गए हैं। इमामबाड़ा बनने की सूचना पर ऐहार गांव के लोग मौके पर पहुंचे और जिलाधिकारी व पुलिस को सूचना दी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने इमामबाड़ा बनवा रहे फारुख और शब्बीर को पूछताछ के लिए अपने साथ ले गई। वही ग्रामीणों का कहना है कि ऐहार गांव के उमरा मऊ की तरफ जाने वाले रास्ते पर सड़क के किनारे अवैध ढंग से बिना जिलाधिकारी के अनुमति के इमामबाड़े का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। गांव वालों का तो यह भी कहना है कि इमामबाड़े का निर्माण बंजर की भूमि पर हो रहा है। कच्ची मिट्टी के चबूतरे की जगह पक्के चबूतरे का निर्माण हो गया है। पिलर भी बन गए हैं। इमामबाड़े का निर्माण बंजर भूमि पर हो रहा है या किसी दूसरी जमीन पर इसका भी राजस्व विभाग के द्वारा जांच में खुलासा हो जाएगा। ग्रामीणों ने सोमवार को जिलाधिकारी से मिलकर अवैध निर्माण को हटवाये जाने की बात कही गई है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि लोगों की शिकायत पर कार्य बंद कराया गया है और जांच की जा रही है।

### श्रीराम जानकी मन्दिर का मना स्थापना दिवस, हुआ भंडारा



शिवगढ़ के पूरे पांडेय में आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते भक्त।

शिवगढ़, रायबरेली, अमृत विचार। विकास क्षेत्र के पूरे पाण्डेय स्थित श्री राम जानकी मन्दिर ठाकुरद्वारा का स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। इस विशेष धार्मिक आयोजन पर संगीतमयी सुन्दरकाण्ड पाठ एवं मंत्रोच्चारण के साथ विधि विधान पूर्वक हवन-पूजन किया गया। इसके बाद कन्याभोज के साथ देर रात तक भंडारा चलता रहा। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस आध्यात्मिक आयोजन का नेतृत्व रमेश प्रकाश मिश्रा द्वारा किया गया। इस मौके पर धर्म प्रकाश मिश्रा, राजेंद्र प्रकाश, राकेश प्रकाश, अजय कुमार, योगेश, जयप्रकाश, अनुज, नंदकिशोर तिवारी, गोविंद नारायण शुक्ला, राजकुमार शुक्ला, दिनेश शुक्ला, राजकुमार अवस्थी, अरुण अवस्थी, गिरधारी लाल, शिव मोहन, पंडित पुष्कर त्रिवेदी, अमन मिश्रा, घनश्याम, पिंकू सिंह, कसीदीन यादव, रामपाल यादव, उमाशंकर अवस्थी, प्रवीण शुक्ला, हरि प्रसाद आदि लोग मौजूद रहे।

### गंगा को स्वच्छ बनाने का चलाया अभियान



गंगा नदी से कूड़ा कचरा निकालते लोग। अमृत विचार

डलमऊ, रायबरेली, अमृत विचार। गंगा नदी को साफ सुथरा व स्वच्छ बनाने के लिए गंगा सेवकों के द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। पंचामृत गंगा समूह के द्वारा डलमऊ के पथवारी घाट पर रविवार को गंगा सेवकों ने घाट की साफ-सफाई की। तीर्थ पुरोहित संदीप मिश्रा की अगवाई में बड़ी संख्या में गंगा सेवको ने गंगा किनारे फैली हुई गंदगी को साफ किया और गंगा को साफ बनाने का संकल्प लिया। पंचामृत गंगा समूह के द्वारा प्रत्येक रविवार को स्वच्छता अभियान चलाया जाता है, जिसमें घाटों की साफ-सफाई की जाती है। तीर्थ पुरोहित संदीप मिश्रा ने बताया कि गंगा नदी को साफ करने के लिए प्रत्येक रविवार को स्वच्छता अभियान चलाया जाता है, जिसमें डलमऊ कस्बे के विभिन्न गंगा सेवक इस अभियान में प्रतिभाग करते हैं।

### दबंगों ने युवक को लाठी डंडों व बेल्ट से पीटा

महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार। घर से महराजगंज आ रहे एक युवक को रास्ते में रोककर पीटने का मामला सामने आया है। मारपीट की घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मामले में भुक्तभोगी युवक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। घटना महराजगंज-चंदापुर मार्ग की बीते शुक्रवार की है। चंदापुर थाना क्षेत्र के ओया गांव निवासी सत्येंद्र यादव पुत्र जगदीश ने महराजगंज कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह शुक्रवार की शाम करीब साढ़े छह बजे घर से महराजगंज जा रहा था। मौर्या बाग के पास पहुंचते ही चंदापुर थाना क्षेत्र के हसनगंज मजरे ओया गांव निवासी विजय प्रकाश पुत्र दयाराम, बिक्की पुत्र पिता व पता अज्ञात, महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के कस्बा निवासी अब्दुल्ला पुत्र असलम व एक अज्ञात ने रास्ते में रोककर लाठी डंडों व बेल्ट से पिटाई कर दी। राहगीरों के बीच बचाव करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। मामले का सीसीटीवी फुटेज भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल फुटेज में चार युवक बेल्ट व लात घूसों से एक युवक को पीटते हुए दिखाई दे रहे हैं। हालांकि अमृत विचार वायरल फुटेज की पुष्टि नहीं करता है। मामले में कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि भुक्तभोगी युवक की तहरीर पर शनिवार की देर रात चार के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### धार्मिक स्थल पर हो रहे कब्जे की शिकायत

लालगंज, रायबरेली,अमृत विचार। पसन खेड़ा गांव में धार्मिक स्थल पर हो रहे कब्जे की शिकायत तहसील दिवस में हुई है। लालगंज क्षेत्र के पसनखेड़ा गांव में आस्था से जुड़े हनुमान मंदिर और वट वृक्ष की भूमि पर बाउंड्री वॉल बनाकर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। कई फीट लंबी बाउंड्री वाल बना भी लिया है। अब मंदिर और वट वृक्ष की जमीन को हड़पने के चक्कर में लगे हुए हैं, जिससे नाराज गांव के संजीव कुमार, निखिल तिवारी, मीना देवी, अनीता, धरनी धर शुक्ला, संतोष कुमार आदि ने तहसील दिवस में पहुंचकर मामले की शिकायत मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय से की है। गांव के लोगों का कहना है कि अगर अवैध कब्जा हो गया तो मंदिर और वट वृक्ष की पूजा करना असंभव हो जाएगा। जिस स्थान पर प्रतिपक्षी गण अवैध कब्जा कर रहे हैं वहां पर सरकारी नाली भी बनी हुई है। इंडिया मार्का नल भी लगा है। उसको भी बाउंड्री वॉल के अंदर किए जाने का प्रयास हो रहा है। निखिल तिवारी ने बताया कि प्रतिपक्षी गणो को अवैध निर्माण करने से रोका गया तो गाली गलौज और हाथापाई पर उतर आते हैं। सीडीओ ने कहा है कि अवैध निर्माण नहीं होने दिया जाएगा।

### ई रिक्शा की बैट्री चोरी

लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के राजपति नगर मजरे धनाभाद गांव में राहुल शुक्ला पुत्र अनिल शुक्ला के दरवाजे खड़े ई रिक्शा से अज्ञात चोरों ने चार बैट्री पार कर दी। मामले की शिकायत पीड़ित राहुल शुक्ला ने कोतवाली में की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

क्षिप्रं विजानाति चिरं शृणोति विज्ञाय चार्थं भते न कामात्।
नासम्पृष्टो व्युपयुङ्क्ते परार्थे तत् प्रज्ञानं प्रथमं पण्डितस्य ॥

ज्ञानी लोग किसी भी विषय को शीघ्र समझ लेते हैं, लेकिन उसे धैर्यपूर्वक देर तक सुनते रहते हैं। किसी भी कार्य को कर्तव्य समझकर करते है, कामना समझकर नहीं और व्यर्थ किसी के विषय में बात नहीं करते।

## संपादकीय

# अमेरिकी हमलों के बाद

इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध में अमेरिका भी कूद पड़ा है। अमेरिका ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकने के मकसद से इजराइल की ओर से शुरू किए गए हमलों में शामिल होते हुए रविवार तड़के तीन ईरानी परमाणु केंद्रों पर हमले किए। बमबारी से क्षेत्रीय तनाव और बढ़ गया। चिंता की बात है कि वर्तमान भू-राजनीतिक तनाव बड़े पैमाने पर संघर्ष को जन्म दे सकते हैं। ईरान को कमजोर करने के लिहाज से अमेरिका का यह एक जोखिम भरा कदम है, जिससे बड़े पैमाने क्षेत्रीय संघर्ष छिड़ने की आशंका है। विशेषज्ञों के मुताबिक दुनिया के तीसरे विश्व युद्ध के कगार पर होने की बात एक जटिल और चिंताजनक स्थिति है। क्योंकि मध्य पूर्व में सैन्य हस्तक्षेप अक्सर अनपेक्षित परिणाम और क्षेत्रीय अस्थिरता का कारण बनते हैं। इसलिए मध्य पूर्व में शांति और स्थिरता न केवल क्षेत्र के लिए बल्कि वैश्विक स्तर पर भी महत्वपूर्ण है। ऐसे में विभिन्न देशों ने कूटनीतिक समाधान तलाशने और संयम बरतने की अपील की। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा है कि वह ईरान के परमाणु केंद्रों पर अमेरिका के बम हमलों से चिंतित हैं। इस बात का जोखिम है कि यह संघर्ष तेजी से नियंत्रण से बाहर जा सकता है जिसके नागरिकों, क्षेत्र और दुनिया के लिए विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बढ़ते तनाव पर ईरान के राष्ट्रपति पेजेशकियान से बात करके चिंता जताई। यह अब तक का सबसे गंभीर संकट है और इसे आगे बढ़ने से रोका जा सकता है। मध्य पूर्व में शांति और सुरक्षा स्थापित करने के लिए कूटनीति ही एकमात्र रास्ता है, यह एक व्यापक रूप से स्वीकृत विचार है। कूटनीति, जो आपसी समझ और सहयोग पर आधारित है, स्थायी शांति और स्थिरता लाने में अधिक प्रभावी साबित हो सकती है। सैन्य हस्तक्षेपों के बजाय, बातचीत और राजनयिक प्रयासों के माध्यम से संघर्षों को सुलझाने पर जोर दिया जाता है। यह आवश्यक है कि दुनिया के देश कूटनीति और बातचीत के माध्यम से इन तनावों को कम करने के लिए मिलकर काम करें और यह सुनिश्चित करें कि परमाणु हथियारों का उपयोग न किया जाए। कूटनीति के माध्यम से ही शांति और सुरक्षा के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। जरूरी है कि सहयोग और विश्वास-निर्माण के प्रयासों को बढ़ावा देकर बहुपक्षीय कूटनीति का उपयोग हो। निःसंदेह मध्य पूर्व में शांति और सुरक्षा स्थापित करने के लिए। कूटनीति को एक महत्वपूर्ण और प्रभावी साधन के रूप में अपनाया जाना चाहिए।

# दुनिया जल रही है, मगर पहरेदार मौन है



वीरेंद्र कुमार
स्वतंत्र लेखक

उधर भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से चला आ रहा विवाद- विशेष रूप से जम्मू-कश्मीर को लेकर- संयुक्त राष्ट्र के लिए एक चुनौतीपूर्ण परीक्षण रहा है। लेकिन यह स्पष्ट रूप से कहा जाना चाहिए कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है, और रहेगा।

बीते कुछ वर्षों में अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर जिस गति से युद्ध, टकराव और राजनयिक असंतुलन की घटनाएं बढ़ी हैं, उसने पूरी दुनिया को एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र की भूमिका पर सोचने को मजबूर कर दिया है। विशेष रूप से 24 फरवरी 2022 को शुरू हुआ रूस-यूक्रेन युद्ध अब तीसरे वर्ष में प्रवेश कर चुका है, और इसके प्रभाव केवल पूर्वी यूरोप तक सीमित नहीं हैं। लाखों नागरिक विस्थापित हुए, हजारों मारे गए, और यूक्रेन का बुनियादी ढांचा - स्कूल, अस्पताल, जल और बिजली संयंत्र -बर्बाद हो चुका है। वैश्विक खाद्य संकट गहराया है क्योंकि रूस और यूक्रेन, दोनों गेहूं और तेल बीजों के बड़े निर्यातक रहे हैं। इस भयावहता के बावजूद संयुक्त राष्ट्र की भूमिका बेहद सीमित और प्रतीकात्मक रही है। रूस, जो सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य है, हर निर्णायक प्रस्ताव पर वीटो का प्रयोग करता है। यूएन महासभा ने युद्ध की निंदा करते हुए कई प्रस्ताव पारित किए, लेकिन वे केवल 'अनुशंसा' हैं, बाध्यकारी नहीं। संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अध्याय VI के अंतर्गत शांतिपूर्ण समाधान की अपील और अध्याय VII के अंतर्गत दबावयुक्त कार्रवाई -दोनों ही कानूनी रूप से संभव हैं, लेकिन स्थायी सदस्य देशों की राजनीतिक सहमति के अभाव में कभी प्रभावी रूप से लागू नहीं हो पाते। यह स्थिति संयुक्त राष्ट्र की सबसे गंभीर विफलताओं में गिनी जा सकती है।

उधर भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से चला आ रहा विवाद - विशेष रूप से जम्मू-कश्मीर को लेकर-संयुक्त राष्ट्र के लिए एक चुनौतीपूर्ण परीक्षण रहा है। लेकिन यह स्पष्ट रूप से कहा जाना चाहिए कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है, और रहेगा। यह कोई विवादित क्षेत्र नहीं, बल्कि भारतीय गणराज्य की एक संवैधानिक और ऐतिहासिक इकाई है, जिसे पाकिस्तान बार-बार आतंकवाद के माध्यम से अस्थिर करने की कोशिश करता रहा है। वास्तव में, पाकिस्तान दशकों से आतंकवाद को राज्य नीति के रूप में इस्तेमाल करता आया है- वह लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद, हिजबुल

**2024 में जब ईरान और इज़रायल के बीच अप्रत्यक्ष युद्ध खुलकर सामने आया - जिसमें इज़रायल ने दमिश्क में ईरान के कांसुलेट पर हमला किया, और ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड के वरिष्ठ कमांडर मारे गए -तब यह स्पष्ट था कि प्रतिक्रिया गंभीर होगी।**

मुजाहिदीन जैसे संगठनों को पनाह और प्रशिक्षण देता है, जो भारत में निर्दोष नागरिकों की हत्याएं करते हैं। 26/11 से लेकर पुलवामा तक और उरी से लेकर पठानकोट तक, हर हमले की जड़ें पाकिस्तान में पाई गई हैं। और यह सब तब है जब पूरी दुनिया जानती है कि ओसामा बिन लादेन जैसे वैश्विक आतंकी को भी पाकिस्तान ने अपने सैन्य अड्डों के पास वर्षों तक छिपा रखा था। फिर भी संयुक्त राष्ट्र, जो आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई का दावा करता है, इन गंभीर तथ्यों पर खामोश रहता है। पहलगाम में हुए हमले, जिसमें यात्रियों को धर्म पूछकर मारा गया, यह दिखाता है कि यह लड़ाई सीमा की नहीं, सभ्यता और बर्बरता की है। मगर एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र ने वही ढुलमुल बयान दिया -'दोनों पक्ष संयम बरतें'। क्या अब भी यह स्वीकार किया जाएगा कि आतंकवाद के शिकार और पोषक को एक ही तराजू में तौला जाए? इसी प्रकार, इज़राइल और हमास के बीच का संघर्ष भी संयुक्त राष्ट्र की 'सामर्थ्यहीनता' को उजागर करता है। अक्टूबर 2023 में जब हमास ने इज़राइल पर रॉकेट हमले किए और इज़राइल ने जवाबी हमले में गाज़ा पट्टी को लगभग खंडहर बना दिया, तब भी संयुक्त राष्ट्र केवल 'गंभीर चिंता' और 'संयम बरतने' की अपीलों तक सीमित रहा। गाज़ा में संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) के स्कूलों और शरणार्थी शिविरों पर हमले हुए, जिनमें महिलाओं और बच्चों की जान गई। फिर भी सुरक्षा परिषद कोई निर्णायक प्रस्ताव पारित नहीं कर सकी क्योंकि अमेरिका ने इज़राइल के खिलाफ किसी भी प्रस्ताव पर वीटो का प्रयोग किया। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या मानवाधिकारों का उल्लंघन भी अब राजनीतिक संबद्धता के आधार पर मापा जाएगा? यूएन चार्टर के अनुच्छेद 1(3) में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि "मानवाधिकारों और मूल स्वतंत्रताओं के लिए सम्मान को प्रोत्साहित और बढ़ावा देना" संयुक्त राष्ट्र के प्रमुख उद्देश्यों में शामिल है। लेकिन जब फिलिस्तीनी बच्चे मलबों में दफन हो जाएं और विश्व संस्था केवल 'चिंता व्यक्त' करे, तो यह लक्ष्य एक खोखला आदर्श बन जाता है। यही नहीं, कई स्वतंत्र मानवाधिकार समूहों ने संयुक्त राष्ट्र की निष्क्रियता पर गंभीर सवाल उठाए और इसे 'नैतिक दिवालियापन' तक कहा।

2024 में जब ईरान और इज़रायल के बीच अप्रत्यक्ष युद्ध खुलकर सामने आया - जिसमें इज़रायल ने दमिश्क में ईरान के कांसुलेट पर हमला किया, और ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड के वरिष्ठ कमांडर मारे गए -तब यह स्पष्ट था कि प्रतिक्रिया गंभीर होगी। अप्रैल 2024 में, पहली बार ईरान ने सीधे मिसाइल और ड्रोन हमलों के माध्यम से इज़राइल की ओर जवाबी कार्रवाई की, जिससे दोनों देशों के बीच दशकों पुरानी छाया-लड़ाई एक खुले युद्ध में बदल गई। यह स्थिति जून 2025 तक और गहराती गई, जब तीन दिनों तक मिसाइलें, ड्रोन, साइबर अटैक और वायुसेना हमले दोनों ओर से चलते रहे। इस पूरे घटनाक्रम के दौरान संयुक्त राष्ट्र केवल आपात बैठकें बुलाता रहा और "क्षेत्रीय स्थिरता बनाए रखने" जैसी सामान्य अपीलें जारी करता रहा। अमेरिका और रूस की भिन्न रणनीतियों के चलते कोई भी ठोस प्रस्ताव पारित नहीं हुआ। यह प्रतिक्रियाएं तब और भी निराशाजनक लगती हैं जब यह संघर्ष पूरी मध्य-पूर्व की स्थिरता और वैश्विक तेल आपूर्ति को संकट में डाल चुका था। क्या यह वह स्थिति नहीं थी जब संयुक्त राष्ट्र को ठोस, निष्पक्ष और साहसिक निर्णय लेना चाहिए था? संयुक्त राष्ट्र के पास ताक़त की कमी नहीं है, लेकिन उसके अंदर निर्णय लेने की संरचना ही सबसे बड़ी बाधा है। यूएन चार्टर का अध्याय VII स्पष्ट रूप से कहता है कि अगर कोई देश अंतर्राष्ट्रीय शांति को खतरे में डालता है, तो उसके खिलाफ आर्थिक प्रतिबंध से लेकर सैन्य हस्तक्षेप तक की कार्रवाई की जा सकती है। मगर व्यवहार में, सुरक्षा परिषद के पाँच स्थायी सदस्य -अमेरिका, रूस, चीन, फ्रांस और ब्रिटेन -अपने-अपने राजनीतिक और आर्थिक हितों के आधार पर वीटो का प्रयोग करते हैं। यह वीटो किसी प्रस्ताव को पारित होने से रोक सकता है, भले ही वह प्रस्ताव बाकी सभी देशों द्वारा समर्थित हो। यही कारण है कि चाहे रूस का यूक्रेन पर हमला हो, या इज़राइल का गाजा में सैन्य अभियान, या फिर चीन का दक्षिण चीन सागर में सैन्य विस्तार -यदि कोई स्थायी सदस्य उस देश का मित्र है, तो संयुक्त राष्ट्र केवल बयान तक सीमित रह जाता है। यह ढांचा अब न्याय की बजाय सत्ता के समीकरणों को प्राथमिकता देता है। यहीं से संयुक्त राष्ट्र की नैतिकता पर प्रश्नचिह्न लगने लगते हैं, और वैश्विक जनमत में इसकी साख गिरती चली जाती है।

आज जब दुनिया जल रही है- कहीं युद्ध, कहीं दमन, कहीं मानवाधिकारों का संहार -तब सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिस संस्था को द्वितीय विश्व युद्ध के बाद शांति स्थापना के उद्देश्य से बनाया गया था, वह अपने मौलिक कर्तव्यों से विमुख क्यों हो गई है। संयुक्त राष्ट्र की सबसे बड़ी विफलता यह है कि वह निष्पक्ष न्याय के बजाए कूटनीतिक संतुलन के पीछे छिप गया है। क्या अब समय नहीं आ गया कि इसके ढांचे में आमूलचूल बदलाव हो? क्या यह जरूरी नहीं कि वीटो की व्यवस्था पर पुनर्विचार हो, और अंतर्राष्ट्रीय न्याय को सदस्य देशों की मर्जी पर न छोड़ा जाए? वरना आज जो चुप्पी हम देख रहे हैं, वही कल किसी और देश की तबाही की गूंज में बदल सकती है- और तब शायद कोई भी संस्था इतनी विश्वसनीय न रह पाए कि उस पर भरोसा किया जा सके। अगर संयुक्त राष्ट्र को प्रासंगिक बनाना है, तो उसे मौन दर्शक की भूमिका से बाहर आना ही होगा।

## प्रसंगवश

# विधवाओं को आर्थिक सुरक्षा की जरुरत

**दिवस विशेष**

आज अंतर्राष्ट्रीय विधवा दिवस है। यह दिन विधवाओं के लिए पूर्ण अधिकार और मान्यता प्राप्त करने के लिए कार्यवाही का अवसर का भी दिन है। गत वर्ष पहले सर्वोच्च न्यायालय ने वृंदावन सहित देश के अन्य शहरों में रह रही विधवाओं के मसले पर सुनवाई करते हुए गंभीर टिप्पणी की थी। उसने कम उम्र की विधवाओं के आश्रमों में रहने पर चिंता जताते हुए सरकार से जानना चाहा था कि विधवा विवाह को कल्याणकारी योजनाओं का हिस्सा क्यों नहीं होना चाहिए। न्यायमूर्ति मदन बी लोकुर व न्यायमूर्ति दीपक गुप्ता की पीठ ने कहा था कि विधवाओं के पुनर्वास की बात तो की जाती है लेकिन उनके विवाह के बारे में कोई बात नहीं करता। सर्वोच्च अदालत ने दो टूक कहा था कि सामाजिक बंधनों से मुक्त होकर विधवाओं के पुनर्वास से पहले उनके विवाह को प्रोत्साहन देने की जरुरत है। सर्वोच्च न्यायालय ने सरकार के सॉलिसिटर जनरल के इस आश्वासन पर कि विधवाओं के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना है और विधवा गृहों में रहने वाली महिलाओं के लिए वोकेशनल ट्रेनिंग की योजना है पर नाराजगी जताते हुए कहा था कि आपकी योजनाएं सिर्फ कागजों पर दिखती हैं। जबकि जमीनी हकीकत कुछ और ही है। तब न्यायालय ने सुझाव दिया था कि विधवा गृहों में रह रही महिलाओं को पास के बाल सुधार गृह और वृद्धा आश्रमों में मौका दिया जाना चाहिए।



अरविंद जयतिलक
वरिष्ठ पत्रकार

उल्लेखनीय है कि देश में सर्वाधिक विधवाएं राधा-कृष्ण की नगरी वृंदावन में रहती हैं। उन्हें अपनी जीविकोपार्जन के लिए मंदिरों में भजन-कीर्तन करने के अलावा अन्य कई कार्य करने पड़ते हैं। ध्यान दें तो भजन-कीर्तन के एवज में उन्हें महज पांच रुपए से पचास रुपए तक मिलते हैं और वे इन पैसों से बमुश्किल अपनी जरुरतें पूरी कर पाती हैं। कई स्वयंसेवी संगठनों ने अपने सर्वेक्षण में पाया है कि विधवाएं अपनी भूख मिटाने के लिए न सिर्फ भीख मांगती हैं बल्कि कुछ विधवाएं तो अपनी जरुरत पूरा करने के लिए कई घरों में चौका-बर्तन भी करती हैं। भरपेट भोजन न मिलने से वे एक जिंदा लाश के रुप में तब्दील होती जा रही हैं। इसी का कुपरिणाम है कि उन्हें कई तरह की गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है।

फोग्सी फेडरेशन ऑफ ओब्स्टेट्रिक एंड गायनकोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इंडिया द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में पाया गया कि वृंदावन में वास कर रही विधवा माताओं में तकरीबन 25 प्रतिशत महिलाओं में कैल्सियम की भारी कमी है और उनकी हड्डियां खोखली हैं। 10 प्रतिशत विधवाएं डायबिटिज और 60 प्रतिशत एनेमिक की शिकार हैं। 98 प्रतिशत विधवाएं रक्तचाप से पीड़ित हैं और 60 प्रतिशत विधवाएं पेट संबंधी गंभीर बीमारियों की चपेट में हैं। वृंदावन धार्मिक नगरी है और मंदिरों के लिए प्रसिद्ध है। वृंदावन का शाब्दिक अर्थ है तुलसी का वन। यहां आश्रमों में हजारों की तादाद में विधवाएं रहती हैं। यहां के प्रसिद्ध बांके बिहारी मंदिर का इलाका हो अथवा इस्कॉन मंदिर का इलाका, माथे पर तिलक और गले में कंठी धारण किए कम उम्र व उम्रदराज विधवाएं देखी जा सकती हैं। आमतौर पर माना जाता है कि यहां रह रही विधवाएं कृष्ण भक्त हैं और मोक्ष के लिए आई हैं। लेकिन एक सच यह भी है कि इनमें से कई विधवाएं ऐसी भी हैं जो स्वयं से यहां नहीं आई हैं। अधिकांश परित्यक्ताएं हैं जो या तो अकेले होने के कारण या घरवालों के खराब व्यवहार के कारण परेशान होकर यहां आकर बस गई हैं। ज्यादतर विधवाओं के परिवार में या तो कोई सदस्य नहीं बचा है या उनके परिवार वाले उनकी देखभाल को तैयार नहीं हैं। समाज के रिश्ते-नातों और दुनिया के रंगों से अलग कर दी गयी ये विधवाएं बदलते वक्त के साथ समाज की मुख्य धारा में लौटना चाहती हैं। इन विधवाओं में कई के मन में विवाह बंधन में बंधने की लालसा भी है। लेकिन समाज की दकियानुसी बेड़ियों के कैद से मुक्त हो पाना इनके लिए पहाड़ लांघने जैसा है। आज जरूरत इस बात की है कि सरकार के साथ-साथ समाज भी विधवाओं के प्रति मानवीय और उदार बने। विधवाओं के जीवन को सुगम बनाने की जिम्मेदारी सिर्फ सरकार के कंधे पर ठेलकर निश्चिंत नहीं हुआ जा सकता।

# कबाड़ और विरासत में भेद करने का विवेक

हर जीवन प्रणाली-जैविक हो या सांस्कृतिक-स्वयं के भीतर एक अपशिष्ट-निर्माण तंत्र रखती है। यह एक्सक्रीटा केवल शारीरिक नहीं, बौद्धिक और सांस्कृतिक भी होता है। कोई भी प्रणाली यदि अपने ही उत्पादित एक्सक्रीटा को न पहचान सके, न अलग कर सके, न निष्कासित कर सके-तो वह जड़, अस्वस्थ और अंततः आत्म-घाती हो जाती है।

भारत की मौजूदा सभ्यता इस रोग से ग्रस्त है। हम पुरातन के मोह और पश्चिम के परजीवित्व के द्वंद्व में फंसे हुए हैं, जहां हम न तो अपना कबाड़ फेंक पा रहे हैं, न बाहर का कबाड़ पहचान पा रहे हैं। हमारी सोच में अपशिष्ट-बोध का अभाव है। इस पूरे ढांचे में हमारी संस्कृति, हमारी तकनीकी नीति, और हमारी बौद्धिकता-सब एक सांस्कृतिक जंकयार्ड में बदल गई हैं।

भारतीय समाज में एक विशेष प्रवृत्ति देखी जाती है - अतीत का व्यामोह। यह उस स्मृति-विन्यास का हिस्सा नहीं है जो परंपरा को जीवित रखता है, बल्कि वह अंधा मोह है जो कबाड़ को विरासत समझ बैठता है। सांस्कृतिक संस्थाएं-संग्रहालय, अकादमियां, विश्वविद्यालय-इन सबमें यह व्यामोह व्याप्त है। वे विचारों और प्रतीकों के कूड़े को 'स्मृति' और 'गौरव' के नाम पर सहेजते हैं। कबाड़ और एंटीक के बीच का अंतर ग़ायब हो चुका है। फलस्वरूप, हमारी संस्कृति गतिशील परंपरा के बजाय एक स्थिर, दुर्गंधयुक्त संस्कृति-वस्त्रालय बन गई है - जहां वस्त्र नहीं, उनके चिथड़े हैं।

भारतीय विकास की एक मूलभूत समस्या है -टेक्नोलॉजी का जुगाड़ आयात। जब कोई तकनीक पश्चिम में पुरानी हो जाती है, जब वहां उसका मूल्यह्रास हो चुका होता है, तब हम



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

**भारतीय समाज में एक विशेष प्रवृत्ति देखी जाती है - अतीत का व्यामोह।**

उसे 'नई' मानकर भारत में अपनाते हैं। यह स्पिलओवर इफेक्ट भारत के लिए 'आयातित विकास' का आधार बन चुका है।

लेकिन मशीनें अपने आप नहीं चलतीं। उन्हें प्रशिक्षित मानव चाहिए। तकनीकी साक्षरता, कार्य संस्कृति, रखरखाव की नीतियां, और प्रयोग में उद्देश्यबोध। परंतु भारत इस दिशा में बेहद खोखला है। हमारे पास तकनीकें तो हैं, पर आदमी नहीं हैं। जुगाड़ से केवल कुछ मशीनें चलती हैं, सभी नहीं और समाज तो कतई नहीं। नतीजा यह होता है कि भारत जंक टेक्नोलॉजी का कब्रिस्तान बन जाता है - उन मशीनों का संग्रहालय जो चली नहीं, और उन तकनीकों का स्मारक जो समझी नहीं गईं।

हमारे विश्वविद्यालयों और पाठ्यक्रमों में वही यूरो-अमेरिकन विचार पढ़ाए जाते हैं, जिन्हें वहां के समाजों ने 30-40 साल पहले त्याग दिया था। पोस्टमॉडर्निज़्म, डेरीदा, फ्रायड, मार्क्स, हबर्मास, कींस, सैमुएल्सन-इन सबका अध्ययन वहां आलोचनात्मक ढंग से हो चुका है, पर यहां उन्हें धर्मग्रंथों की तरह पढ़ाया जाता है।

वहीं भारतीय ज्ञान परंपरा-न्याय, सांख्य, योग, मीमांसा, लोक-कथाएं, दार्शनिक आख्यान-या तो गायब हैं या उन्हें रूढ़िवादी कैदी के रूप में दिखाया जाता है। आधुनिक भारतीय शिक्षा नीति में न तो पश्चिम की आधुनिकता का विवेक है, न भारत की परंपरा की आत्मा।

आज के सोशल मीडिया-प्रेरित बौद्धिक वर्ग में विचारों की गहराई नहीं, ट्रेंड की सतही व्याकुलता है। एक विचार वायरल होता है, फिर सड़ जाता है। बिना संदर्भ, बिना समीक्षा, बिना परिपक्वता-केवल बौद्धिक टिक-टॉक बनकर रह जाता है।

ट्विटर थ्रेड्स, इंस्टाग्राम रील्स, यूट्यूब शॉर्ट्स- इन माध्यमों ने सोचने के समय और स्थान को छीन लिया है। वे विचारों को उपभोक्ता-सामग्री बनाते हैं, न कि बौद्धिक अनुशासन का साधन। और इसी कचरे से हमारा नव-बौद्धिक वर्ग पनप रहा है-ज्ञान नहीं, राय का साम्राज्य।

एक स्वस्थ सभ्यता वही होती है जो यह जानती हो कि कब क्या छोड़ना है। आत्म-शुद्धि, आत्म-आलोचना, और परंपरा की समयोचित संधियों के बिना कोई भी संस्कृति जीवित नहीं रहती। इसके लिए जरूरी है-कबाड़ और विरासत में भेद करने का विवेक। पुरातनता के मोह से बाहर निकलने की ईमानदारी। विदेशी विचारों को आत्मसात करने की बजाए उनकी जांच-परख मूल्यहीन हो चुकी टेक्नोलॉजी को केवल 'नई' मानने की प्रवृत्ति का त्याग शिक्षा को बौद्धिक स्वराज की दिशा में मोड़ना

हमें सांस्कृतिक अपशिष्ट-बोध की आवश्यकता है-ऐसा विवेक जो कबाड़ को कबाड़ समझ सके, और असली चीज़ को संरक्षित कर सके। बिना इसके हम केवल कबाड़ संग्रहकर्ता रहेंगे, निर्माता नहीं।

## सोशल फोरम

# डरा हुआ मध्यम वर्ग

द ग्रेट इंडियन मिडिल क्लास आजकल थोड़ा हिला हुआ है। थोड़ा डरा हुआ भी है। एयर इंडिया के प्लेन क्रैश ने उसे अंदर से हिला दिया है। उसका भरोसा दरका है इस सिस्टम से... कि कहीं न कहीं कुछ प्रॉब्लम तो है। और, अब वह डर गया है युद्ध से। दुनिया अचानक से अशांत हो उठी है और भारत का मिडिल क्लास भविष्य की डरावनी संभावनाओं से आशंकित है। वह युद्ध से इसलिए डर गया है कि तमाम विशेषज्ञ आशंकाएं जता रहे हैं कि युद्धों के इस सिलसिले और अंतर्राष्ट्रीय तनावों के गहराते जाने से वैश्विक जीडीपी के लुढ़कने का खतरा सामने आ गया है, भारत भी इस लपेटे में आएगा ही आएगा और...इन सबके कारण पहले से ही आर्थिक चुनौतियों से जूझते भारतीय मिडिल क्लास की परेशानियां और अधिक बढ़ेंगी।



डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

ईरान इजरायल युद्ध और मध्यपूर्व में बढ़ते तनावों ने तेल की कीमतों के बढ़ने की आशंकाएं पैदा कर दी हैं, इधर महंगाई भी कुलांचें भरने को तैयार ही है। निवेश की प्राथमिकताएं तय करने में अब सरकारें नए सिरे से सोच रही हैं। भारत भी सोच विचार की मुद्रा में है। भारतीय वायुसेनाध्यक्ष ने वायुसेना के आधुनिकीकरण की प्रक्रिया के मंद रहने को लेकर क्षोभ व्यक्त किया है और रक्षा विशेषज्ञों का समूह भी चेतावनी दे रहा है कि भारत को अपनी रक्षा प्रणाली को चाक चौबंद करने के लिए बड़े पूंजी निवेश के बारे में गंभीरता से सोचना ही होगा। युद्ध और मध्य वर्ग की आर्थिक आकांक्षाओं के बीच भारी अंतर्विरोध हैं। हाल में युद्धों के बढ़ते सिलसिलों ने उसके मन में इस अंतर्विरोध को अधिक स्पष्ट रूप से रेखांकित किया है। वह चाहता है कि अब यह सब खत्म हो और नेता लोग उसकी बेहतरी के लिए अपने दिमाग और देश के संसाधनों को लगाएं। लेकिन, मुश्किल यह है कि नवउदारवाद के हिलोर में भारतीय ही नहीं, दुनिया के अनेक हिस्सों में मध्य वर्ग के जिस मानस का विकास हुआ है, उसने जिन और जैसे नेताओं को राजनीति के रंगमंच पर प्रतिष्ठापित किया है, उनमें "कंस्ट्रक्टिव थिंकिंग" का अभाव है। उनकी डोर लोकतांत्रिक आकांक्षाओं से अधिक कॉरपोरेट के हितों से संचालित होती है।

**-फेसबुक वॉल से**

# कूनो में चीता पुनर्वास पर वैज्ञानिक अध्ययन

प्रकृति और जीवों के विकास क्रम में मॉलिक्यूलर और जेनेटिक स्तर पर क्या घटित होता है और किस प्रकार से जीव अपने परिवेश के प्रति एक समयावधि में अनुकूलन कर लेते हैं यह बात भारत में मध्यप्रदेश के कूनो अभयारण्य में चीते की पुनर्स्थापना से साबित होती है। अफ्रीका के नामीबिया और साउथ अफ्रीका से लाए गए चीतों को कूनो में स्थापित करने से पहले वहां के चीतों के बारे में दो किस्म का डाटा जुटाया गया था- परिवेश और चीतों का आनुवंशिक विकास। कूनो में चीतों के पुनर्वास की दो वर्ष की अवधि में जीव विज्ञानियों ने बारीकी से किए गए अवलोकन से मिली जानकारी के आधार पर कुछ खास पहलुओं को ध्यान में रखते हुए तीन स्टडीज को डिजाईन किया और कूनों में छोड़े गए चीतों के बारे में नया डाटा जुटाया। ये तीनों अध्ययन फ्रंटियर्स इन कंज़र्वेशन साइंस जर्नल के 9 जून 2025 के अंक में प्रकाशित हुए हैं जो एनवायरनमेंटल और जूलॉजिकल साइंस में अभी तक किए गए अध्ययनों में जानकारी के हिसाब से आश्वस्त करने वाले अधिक हैं।

1952 में भारत से चीता विलुप्त घोषित किया गया। 75 वर्ष बाद नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से भारत में 20 चीतों का स्थानांतरण और पुनर्वास एक समग्र पारिस्थितिकीय पहल है जिसका उद्देश्य देश में चरागाहों और खुले वन पारिस्थितिकी तंत्रों में शिकार प्रजातियों



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

**दक्षिणी अफ्रीका में चीतों के अवलोकन से दर्ज किए गए अनुभवों से पता चलता है कि नए परिवेश में अनुकूलन की प्रक्रिया चीता के व्यक्तिगत व्यवहार पर निर्भर करती है।**

की सुरक्षा और अन्य लुप्तप्राय जीवों की रक्षा करते हुए चीता की आबादी को पुनर्जीवित करना है। सन 2022 और 2023 में भारत में नामीबिया से आठ और साउथ अफ्रीका से 12 चीते लाए गए थे। प्रारंभ में चीतों के लिए कूनो अभ्यारण्य के परिवेश में खुद को ढालना चुनौती रहा।

नामीबिया से लाए गए बीस चीतों में से मरने वाले दस की ऑटोप्सी रिपोर्ट में मौत का कारण कार्डियोवैस्कुलर फैल्योर, मादा से हुई झड़प में घायल होना, अंतरंगों की कमजोरी, मैगॉट्स के पर्याक्रमण से उत्पन्न माइयासिस रोग बताया गया। फ्रंटियर्स जर्नल में प्रकाशित तीन पेपर्स में चीता पुनर्वास से संबंधित विस्तृत जानकारी के विश्लेषण से निकाले गए निष्कर्षों में लिखा है कि प्रोजेक्ट चीता की आलोचनाएं वैचारिक पूर्वाग्रहों, अति सरलीकृत अनुमानों और सनसनीखेज कथाओं पर आधारित थीं न कि विज्ञानविधि के अनुसार गहन अवलोकन और निरीक्षण पर आधारित की गईं। दो शोधपत्रों में इशेंदु जोशी, स्टेफ़नी क्लारमैन, लुई वाल, जेम्स डिमेल्बी, बोगडान क्रिस्टेस्कु, कथम बंद्योपाध्याय, निकोला जेन रूनी और लॉटरी मार्कर शामिल रहे। शनाह मुलिया, वैभव माथुर, हेमंत सिंह, अभिषेक, संजयन कुमार और गोबिंद भारद्वाज और अन्य आठ द्वारा प्रस्तुत शोध एवं समीक्षा पत्रों में दिए गए निष्कर्षों से पता चलता है कि कूनो अभ्यारण्य की पारिस्थितिकी में चीतों द्वारा अनुकूलन करने की क्षमता है। भारत में चीतों के लिए कूनो की सीमाओं के भीतर की पारिस्थितिकी और चीतों द्वारा विस्तृत भू-भाग में विचरण करते समय उपयोग में लाए जाने वाले तौर-तरीकों के पारिस्थितिकीय प्रभाव को वैज्ञानिक बारीकियों के रूप से परिभाषित करना अभी जल्दबाजी होगी, ऐसा भी कहा गया।

दक्षिणी अफ्रीका में चीतों के अवलोकन से दर्ज किए गए अनुभवों से पता चलता है कि नए परिवेश में अनुकूलन की प्रक्रिया चीता के व्यक्तिगत व्यवहार पर निर्भर करती है। कूनो के स्थानीय संदर्भ यथा, भू-दृश्य, जलकुंड और प्रवाहित जल-धाराएं, वर्षाकाल की आर्द्रता, वर्षभर के तापमान में उतार-चढ़ाव, शिकारी जंतुओं और चीता के लिए शिकार की उपलब्धता, छाया और सूखा, जंगल में वृक्षों, घास और झाड़ियों का घनत्व, मनुष्य आबादी की निकटता, सूर्य रश्मियों और अल्ट्रावायलेट किरणों की प्रखरता जोकि चीता के चमड़ी और बालों में रंग परिवर्तन कर सकती है, आदि के बारे में डाटा जुटाया गया। अनुभवजन्य पिछला डाटा और इस नए डाटा से उन्नत और सूक्ष्म समझ पैदा हुई जिससे परियोजना का अध्ययन करने वालों द्वारा चीतों के पुनर्वास और संरक्षण प्रयास का मूल्यांकन किया गया। परियोजना अभी प्रारंभिक चरण में है और, निश्चित निष्कर्ष तब निकलेंगे जब कूनों में चीतों की पांच-छः पीढ़ियां विकसित हो जाएंगी और इनकी संख्या बढ़ेगी। कूनो नेशनल पार्क के मुख्य क्षेत्र से परे पड़ोसी संरक्षित क्षेत्रों को शामिल करते हुए एक भूदृश्य-स्तरीय विस्तार रणनीति लागू की जा रही है जिसके लिए गुजरात में बन्नी घास के मैदान और मध्य प्रदेश में गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य में चीतों के अतिरिक्त विचरण एवं प्रजनन क्षेत्र तैयार किए जा रहे हैं। इस प्रकार भारत में तीन स्थलों से चीतों के संरक्षण सम्बन्धी डाटा जुटा कर इनके पुनर्वास की कारगरता की परीक्षा इंसानी पहल किए जाने से कुदरत ही एक बार पुनः तय करेगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत* 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## एक नजर

### पांच दिनों से ठप है विद्युत आपूर्ति, ग्रामीण परेशान

**माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार।** विकास खण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत पिपरावां में प्राथमिक विद्यालय के पास रखें ट्रांसफार्मर से विद्युत लाइन फाल्ट होने के कारण चार दिनों से 100 घरों की बिजली आपूर्ति बाधित हैं। शनिवार को ग्रामीणो ने चंदा जमा करके लाइन सही कराईं है। जिसके बाद शाम को ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी आ गई है। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली न होने से उमस भरी गर्मी से बच्चे व बुजुर्ग बेहाल हो रहें हैं। अंधेरे घरों व गलियों में ज़हरीले कीड़ों का डर बना रहता है। पढ़ने वाले बच्चों की पढ़ाई में रोड़ा लग गया है। ग्राम प्रधान नन्हीं देवी ने बताया कि गांव की विद्युत लाईने जर्जर हो चुकी है आये दिन फाल्ट बनी रहती है। पंचायत भवन के पास में रखें ट्रांसफार्मर से आंधी आने से केबल टूट गया है जिसकी पावर हाउस शिकायत नम्बर पर दर्ज शिकायत से आज तक जोड़ नहीं गया है। जिससे पंचायत भवन के सारे काम बाधित हैं। जेई व एसडिओ फोन से सम्पर्क किया गया फ़ोन रिसीव नहीं हुआ है।

### युवक पर बेटी को भगा ले जाने आरोप, केस दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र से युवती के लापता होने के मामले में पिता की तहरीर के आधार पर आरोपी युवक पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित पिता के अनुसार उसकी 18 वर्षीय पुत्री 18 जून को दवा लेने के लिए निकली थी, लेकिन लौट कर घर नहीं आई। पीड़ित ने बताया कि खोजबीन के दौरान पता चला कि थाना क्षेत्र के ग्राम बरखेरा निवासी आलोक पाल उसकी पुत्री को फुसलाकर भगा ले गया है। पीड़ित पिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है।

### फ्लाई ओवर के पास फंदे से लटका मिला युवक का शव

**हरदोई, अमृत विचार।** रात में घर से निकले युवक का शव पिहानी रोड फ्लाई ओवर के पास एक पेड़ पर फंदे से लटका मिला। कोतवाली देहात के खेड़ा मजरा अनंग बेहटा निवासी राजू (36) पुत्र सुंदरलाल शहर में ट्रेडिंग कंपनी में ट्रैक्टर ड्राइवर था। शनिवार की शाम वह घर पहुंचा, उसके बाद रात के लगभग 12 बजे बाहर निकला, उसके बाद वापस नहीं लौटा। पत्नी पूनम उसका काफी देर रास्ता देखती रही, बाद में उसी के कहने पर जेठ मिथिलेश, राजेश व देवर मुकेश सारी रात राजू को ढूंढते रहे। रविवार की सुबह पिहानी रोड फ्लाई ओवर के पास उसका शव फंदे से लटका मिला।

# कुंए में गिरकर बेटे की मौत, सदमा लगने से बीमार पिता ने भी दम तोड़ा

## पिता-पुत्र की एक साथ उठी अर्थी, पिहानी कोतवाली क्षेत्र की घटना

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई,

**अमृत विचार।** पिहानी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम टनडौना में रविवार सुबह जवान पुत्र की मौत का समाचार सुन बीमार पिता ने भी दम तोड़ दिया। एक ही घर से पिता पुत्र की दो अर्थियां निकाली गई। गांव के बाहर दोनों का अंतिम संस्कार किया।

थाना क्षेत्र के टनडौना निवासी यदुवीर कैंसर की बीमारी से पीड़ित थे।डाक्टरों ने उसे चौथे स्तर का कैंसर बता इलाज से मना कर दिया था। तब से वह चारपाई पर ही लेटा रहता था। उसका मझिला पुत्र 25 वर्षीय शोभित ही बटाई पर खेती कर परिवार का भरण पोषण किया करता था। शनिवार की रात शोभित घर से खाना खाकर फसल की रखवाली के लिए खेत पर गया था। खेत पर सोते समय किसी तरह वह खेत में बने कुएं में गिर गया। उसके शोर मचाने पर जब तक ग्रामीण पहुंचे उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कुएं से निकलवाया। फोरेंसिक टीम ने भी घटना स्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए। सुबह करीब 7 बजे शोभित का शव उसके घर पहुंचा। पुत्र की मौत की खबर सुन सदमे में पिता यदुवीर ने भी दम तोड़ दिया। पिता पुत्र की एक साथ मौत से गांव में कोहराम मच गया। पुलिस ने शोभित का शव बिना पोस्टमार्टम के ही उसके परिजनों को सौंप दिया। मृतक शोभित तीन भाई है। बड़ा भाई अपने परिवार के साथ कहीं बाहर रहता है। उसने घर से रिश्ता तोड़ लिया है। सूचना पर भी उसने गांव आने से मना कर दिया। छोटा भाई मंद बुद्धि है। ग्रामीणों ने मृतक पिता पुत्र की एक साथ अंतिम यात्रा निकाल कर गांव के बाहर दोनों का अंतिम संस्कार कर दिया।

### माइनर में डूबकर छात्र की मौत, शव बरामद

**हरदोई, अमृत विचार।** उच्च प्राथमिक विद्यालय का छात्र खेत के पास से निकले शारदा नहर के माइनर के पास खड़ा था, उसी बीच पैर फिसलने से वह गिर पड़ा। इसका पता होते ही उसे काफी दूर तक ढूंढा गया, करीब डेढ़ घंटे बाद उसका शव पानी से बाहर निकाला जा सका। इसका पता होते ही वहां गांव वालों की भीड़ इकट्ठा हो गई। मझिला थाने के पाण्डेय तारा मजरा चठिया धनवार निवासी सुशील रविवार की सुबह अपने खेत पर था, उसका 13 वर्षीय बड़ा बेटा प्रभात भी वहां पहुंच गया, प्रभात खेलते-खेलते पास से निकले शारदा नहर के माइनर के पास पहुंचा, उसी बीच पैर फिसलने से वह गिर कर पानी में डूब गया। इसका पता होते ही सुशील के साथ तमाम गांव वाले दौड़ पड़े, सभी प्रभात को ढूंढने लगे, करीब डेढ़ घंटे बाद 500 मीटर दूर से उसका शव माइनर से बरामद किया जा सका। पिता सुनील ने बताया कि प्रभात उच्च प्राथमिक विद्यालय धनवार में कक्षा 6 का छात्र था। उससे छोटी दो बेटी दिव्यांशी, रियांशी और उससे छोटा बेटा आशुतोष है। हादसे की खबर सुनते ही प्रभात की मां रेखा देवी बेहोश हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।



जर्जर सड़क। अमृत विचार

### साड़ी खेड़ा मार्ग बहा रहा बदहाली का आंसू

**पाली, हरदोई, अमृत विचार।** सरकारें आई चली गई, लेकिन रामलीला गेट से साड़ी खेड़ा जाने वाला सड़क मार्ग आज तक नहीं बना। इस सड़क मार्ग को बनाए जाने के लिए बड़ी-बड़ी बातें की गई। इसके बावजूद सड़क मार्ग अपनी बदहाली के आंसू बहा रहा है। क्षेत्र के दर्जनों गांव के लोग इस मार्ग को पार करके नगर की बाजार करने आते हैं, उन्हें यह मार्ग पार करने पर अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर गड्ढे और उसमें भरा कीचड़ राहगीरों के लिए जान की आफत बना हुआ है जो इस गंभीर समस्या के जिम्मेदार है वह कुछ बोलने से परहेज कर रहे हैं।


### ट्रैक्टर से नीचे गिरे बच्चे की कुचलकर मौत

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** पिता अपने खेत पर ट्रैक्टर चला रहा था, उसी बीच उसका 5 साल का बेटा अपनी बड़ी बहन के साथ वहां पहुंच गया। पिता ने दोनों को अपने साथ ट्रैक्टर पर बैठा लिया, उसी बीच बच्चा अचानक नीचे गिर पड़ा और ट्रैक्टर का पिछला पहिया उसके ऊपर से निकल गया। जिससे वह घायल हुआ, उसे सीएचसी से मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। बिलग्राम कोतवाली के तेरवा चांदपुर निवासी राहुल रविवार की सुबह अपने खेत पर धान की रोपाई के लिए ट्रैक्टर चला रहा था, उसी बीच उसकी 9 वर्षीय बेटी माही अपने 5 वर्षीय छोटे भाई नैमिष के साथ वहां पहुंच गई। उन्हे वहां देख कर राहुल ने दोनों को अपने साथ ट्रैक्टर पर बैठा लिया, कुछ दूर चल कर अचानक नैमिष ट्रैक्टर से नीचे गिरा और उसका पिछला पहिया ऊपर से निकल गया, जिससे नैमिष घायल हो गया, उसे सीएचसी से मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। राहुल के तीन बच्चों में बड़ी बेटी माही, उससे छोटा नैमिष और एक सबसे छोटा बेटा है। इस तरह हुए हादसे से नैमिष के घर कोहराम बरपा हो गया।

# गंदगी से पटी पड़ी हैं नालियां अधिकारी नहीं उठा रहे फोन

संवाददाता, पिहानी, हरदोई

**अमृत विचार।** मोहल्ला पूर्वी दक्षिणी नगर में वार्ड नंबर 11 नगर वासियों ने पिहानी नगर पालिका सफाई कर्मियों पर आरोप लगाया। नाले में गंदगी अपने चरम पर है। नगर पालिका परिषद को पत्र लिखकर उठाई कार्रवाई की मांग की है। नगर वासियों का कहना है नगर पालिका सफाई कर्मियों को फोन लगाओ फोन उठाते हैं, लेकिन सफाई करने नहीं आते मोहल्ला वासियों का कहना है बीते दिनों नगर पालिका द्वारा हमारे मोहल्ले में नाला की सफाई कराई गई थी, लेकिन यह कार्य बहुत ही लापरवाही पूर्ण ढंग से किया गया। सफाई के दौरान कार्यरत कर्मचारियों ने जेसीबी मशीन को सीधे नाले के ऊपर चढ़ा दिया, जिससे नाले के दीवारों में लगे पत्थर ढीले और कमजोर हो गए परिणाम स्वरूप हाल ही में हुई बारिश में पूरा नाला टूट गया जिससे जल निकासी पूरी तरह बाधित हो गई जिससे गंदगी और बढ़ गई।



पिहानी के मोहल्ला पूर्वी दक्षिणी नगर में वार्ड नंबर 11 में गंदगी से पटी नाली।

# पुलिस की निगरानी में तीनों बच्चों का हुआ अंतिम संस्कार

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** भतीजे के जन्म पर मायके पहुंचीं दो बहनों को ऐसा गम मिला जो उन्हें पूरी उम्र रुलाता रहेगा। एक हादसे ने न सिर्फ उनकी गोद से उनके लाडले छीन लिए बल्कि एक भतीजा भी हमेशा के लिए सभी से दूर चला गया। शनिवार को गौराडांडा में गड्ढे में डूबकर तीन बच्चों की मौत के बाद परिजनों के अलावा उनके गांवों में भी मातम पसरा रहा। रविवार को तीनों बच्चों का अलग-अलग अंतिम संस्कार किया गया।

बताते चलें कि शनिवार की शाम को टड़ियावां थाने के गौराडांडा में मिट्टी खनन के लिए गड्ढे में गिरने से उसी गांव निवासी नरेंद्र के बेटे पवनीश और उसके दो भांजे कार्तिक व दुर्गेश की दर्दनाक मौत हो गई थी। दरअसल 11 जून को नरेंद्र के छोटे भाई शत्रुध्न के घर बेटे का जन्म हुआ था। उसकी बहन महेश्वरी पत्नी रतिराम निवासी चंदेली पिहानी अपने इकलौते बेटे कार्तिक और अंबेश्वरी पत्नी पिंटू निवासी लालपुर भैंसरी टड़ियावां अपने इकलौते बेटे दुर्गेश के साथ अपने भाई की खुशी में शामिल होने पहुंची थी। शनिवार को घर में हंसी-ठिठोली हो रही थी, कार्तिक और दुर्गेश अपने ममेरे भाई पवनीश के साथ खेलते हुए गांव के किनारे पहुंच गए। वहीं तीनों पानी से भरे गड्ढे में गिर गए। काफी देर तक तीनों घर न पहुंचने पर उन्हे ढूंढा जाने लगा। शत्रुध्न उसी गड्ढे के पास पहुंचा और उसे वहां पैरों के निशान दिखाई दिए। खुद शत्रुध्न का कहना था कि कीचड़ में पैरों के निशान दिखाई पड़ने पर उसने गड्ढे में झांका, जहां तीनों बच्चे पड़े हुए थे। अचानक ऐसे हादसे की खबर सुनते ही पूरे गांव में भगदड़ मच गई। हर तरफ चीख-पुकार होने लगी। उधर पिंटू और रतिराम अपने घर पहुंच चुके थे, हादसे की खबर सुनते ही दोनों उल्टे पांव वापस लौट आए। रविवार को तीनों बच्चों के शवों का पोस्टमार्टम हुआ, उसके बाद पुलिस की निगरानी में पवनीश का गौराडांडा, दुर्गेश का लालपुर भैंसरी और कार्तिक का उसके गांव चंदेली में अंतिम संस्कार किया गया।



बच्चों की फाइल फोटो।



परिजनों से जानकारी लेते डीएम अनुनय झा व एसपी नीरज कुमार जादौन। अमृत विचार

### घटना की वजह अवैध खनन है तो होगी कार्रवाई : डीएम

**हरदोई, अमृत विचार।** जिलाधिकारी ने कहा कि परिवार की नियमानुसार यथा संभव सहायता उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि शासन व प्रशासन पूरी तरह से शोक संतप्त परिवार के साथ है। यदि घटना का कारण किसी प्रकार का अवैध खनन है तो सम्बंधित की जवाबदेही तय करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल त्रिपाठी, प्रभारी सीएमओ धीरेन्द्र कुमार व सीएमएस अनिल कुमार शुक्ल आदि मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री ने जताया शोक अधिकारियों को दिए निर्देश


**हरदोई, अमृत विचार।** गौराडांडा में पानी से भरे गड्ढे में गिरने से तीन बच्चों की दर्दनाक मौत होने की खबर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा दु:ख जताया है। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा ट्विटर पर जारी एक कथन में मृतकों के परिजनों को ढांढस बंधाते हुए जिला स्तरीय अधिकारियों को तत्काल पीड़ित परिजनों को सहायता राशि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। सीएम ने अधिकारियों से सख्ती से कहा है कि हादसे के जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही हताहत बच्चों के घर वालों को हर मुमकिन मदद दी जाए।

# बाग में मिला युवती का शव, दुष्कर्म की आशंका

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** लाल रंग की साड़ी पहने एक युवती का शव बाग में पड़ा मिला। उसकी आंखों के पास चोट के निशान पाए गए हैं। ग्रामीणों ने दुष्कर्म के बाद हत्या कर शव फेंकने की आशंका जाहिर की है। मामले की सूचना पर एसपी नीरज कुमार जादौन भी मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की।

जानकारी के अनुसार शनिवार की देर शाम बेनीगंज कोतवाली के छोटी ढ़किया गांव में बेला बाबा पुल के पास यूकेलिप्टस के बाग में लाल साड़ी में लिपटा हुआ युवती का शव पड़ा था। युवती की उम्र करीब 25 वर्ष के आसपास बताई गई है। ग्रामीणों की सूचना पर बेनीगंज पुलिस मौके पर पहुंची। एसपी नीरज कुमार जादौन और सीओ हरियावां अजीत चौहान भी घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने ग्रामीणों से आवश्यक पूछताछ के बाद शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। लोगों का कहना है कि युवती की आंखो के पास चोट के निशान थे, जिससे माना जा रहा है कि उसके सिर में गहरी चोट पहुंची होगी। नाक के अलावा चेहरे पर कई और चोंट थी। उसका हुलिया दुष्कर्म किए जाने की गवाही दे रहा था। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इस बारे में आगे कुछ कहा जा सकता है।



युवती का शव मिलने पर शनिवार देर शाम मौके पर जांच करते एसपी नीरज कुमार जादौन।

# एमएलसी संडीला ने सीएचसी अधीक्षक पर लगाया भ्रस्टाचार करने का आरोप

**कछौना, हरदोई, अमृत विचार।** एमएलसी अशोक अग्रवाल ने मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर संडीला सीएचसी अधीक्षक व नोडल अधिकारी डॉ. मनोज कुमार सिंह के विरूद्ध दीन नगर निवासी भाजपा नेता दुर्गेश सिंह ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित शिकायती पत्र दिया है। श्री सिंह लेवल 1 के अधिकारी है और जिले में लेवल 3व 4 लेवल के डॉक्टर मौजूद जिन्हें नोडल अधिकारी बनाया जाना चाहिए। नोडल अधिकारी के पद का दुरपयोग कर अबैध वसूली जैसे गंभीर आरोप लगाए है। शिकायत का संज्ञान लेकर मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर जांच कराने का अनुरोध किया है। श्री अग्रवाल ने बताया कि सरकार की मंशा के विरुद्ध किसी भी अधिकारी को भ्रष्टाचार में लिप्त पाए जाने पर बक्सा नहीं जायेगा। शिकायत के बाद डॉ. मनोज सिंह ने बताया कि शिकायत गलत व राजनीति से प्रेरित है। जांच में यदि आरोपों की पुस्टि होगी तो वह स्वम सभी पदों से त्याग पत्र दें देंगे।

## सार-संक्षेप

### सीओ के आवास में करंट लगने से क्लर्क झुलसा

**हरदोई, अमृत विचार।** सीओ बिलग्राम के क्लर्क ने आवास से बाहर निकलने के लिए जैसे ही गेट खोला, उसी बीच उसमें उतरे करंट की चपेट में आ कर झुलस गया। इसका पता होते ही वहां हड़कंप मच गया। करंट से झुलसे क्लर्क को सीएचसी से मेडिकल कालेज पहुंचाया गया। बताया गया है कि सीओ बिलग्राम का क्लर्क रोहित नागर निवासी बिजनौर रविवार को उनके आवास पर था, बारिश थमने के बाद रोहित ने वहां से बाहर निकलने के लिए आवास का गेट खोला, उसे हाथ लगाते ही क्लर्क करंट की चपेट में आ गया और उसके हाथ झुलस गए। इस तरह का हादसा होते देख वहां हड़कंप मच गया। सीओ के क्लर्क को सीएचसी बिलग्राम से मेडिकल कालेज पहुंचाया गया। इसका पता होते ही एसएचओ कोतवाली शहर संजय त्यागी मेडिकल कालेज पहुंचे और वहां के डाक्टरों से करंट लगने से झुलसे क्लर्क का हाल-चाल पूछा।



भंडारे में प्रसाद वितरित करते यश अग्रवाल। अमृत विचार

### डायरेक्टर के जन्मदिवस पर भंडारे का हुआ आयोजन

**हरदोई, अमृत विचार।** कांसेप्ट कार की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया। मैनेजिंग डायरेक्टर सूर्यवर्धन अग्रवाल ने भंडारे का शुभारंभ किया। कांसेप्ट ग्रुप के लोगों ने डायरेक्टर के जन्मदिवस पर आयोजित इस भंडारे में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। कांसेप्ट ग्रुप के लखनऊ रोड स्थित शोरूम पर भंडारे में दर्जनों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। सूर्य वर्धन अग्रवाल ने कहा कि समय-समय पर ऐसे आयोजन संस्थान द्वारा किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि इस संस्थान इसके अलावा जरूरतमंदों के सेवा सहयोग में लगातार तत्पर रहता है। हर्ष वर्धन अग्रवाल ने कहा कि ऐसे आयोजन से एकता व समर्पण भाव भी बढ़ता है। ऐसे आयोजन समय-समय पर अवश्य होने चाहिए। इस मौके पर जीएम मुनेंद्र सिंह, सुशील कुमार गुप्ता, विकास दीक्षित सहित कांसेप्ट ग्रुप के कर्मचारी मौजूद रहे। नारायण सेवा समूह की ओर से मौनी बाबा मंदिर पर भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर नारायण सेवा समूह के सदस्यों ने पूड़ी सब्जी का प्रसाद वितरित किया। इस मौके पर अनिल भसीन, प्रियम मिश्र, गीता शुक्ला नीतू सिंह, मिथलेश मिश्रा, रामशंकर शुक्ला, ब्रजपाल सिंह, सावित्री कटियार, डीपी सिंह, संदीप अग्रवाल शम्भू दयाल मौजूद रहे।

### बुग्गी चालक ने बाइक सवार को मारी टक्कर, हालत गंभीर

**संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भदासी के निकट बुग्गी से टकराकर बाइक सवार घायल हो गया। पुलिस ने घायल युवक के पिता की तहरीर पर आरोपी बुग्गी चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नरहाई निवासी फूलचंद के अनुसार उसका पुत्र 20 जून को बाइक से शाहाबाद आ रहा था। भदासी के निकट भदासी निवासी शिव कुमार तेज रफ्तार में बुग्गी पर बालू लादकर आ रहा था। उसने बाइक सवार बेटे को टक्कर मार दी। जिससे उसका पुत्र घायल हो गया। एंबुलेंस से उसे सीएचसी शाहाबाद लाया गया जहां से इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हालत गंभीर होने पर उसके पुत्र को हरदोई जिला अस्पताल से ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया।।

### नवीन मण्डी के सामने हुआ हादसा, राहगीर की मौत

**हरदोई।** सड़क पार कर रहे बुजुर्ग को सण्डीला की नवीन मण्डी के सामने तेज़ रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग को लोगों ने सीएचसी पहुंचाया, जहां से रेफर होने पर लखनऊ पहुंचाया जा रहा था, उसी बीच रास्ते में उसकी मौत हो गई। खबर लिखे जाने तक उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी थी।

# दुनिया में युद्धों के बीच शांति व सद्भाव का संदेश दे रहा भारत

संवाददाता, हरदोई

## बयान

- महाराज जूनाअखाड़ा महामंडलेश्वर स्वामी यतींद्रानंद गिरि महाराज ने विभिन्न मुद्दों पर रखे अपने विचार

**अमृत विचार।** विश्व चल रहे युद्ध पर अपने विचार प्रकट किये साथ ही कहा कि आज विश्व युद्ध की आग से घिरा हुआ है रशिया व यूक्रेन, इजराइल व ईरान में युद्ध हो रहा है। इस पर अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प नित्य नए ब्यान पेश कर रहे है। ऐसे समय में भारत देश ही एक देश है जो शांति व सद्भाव बात करता है। यह बातें महामंडलेश्वर स्वामी यतींद्रानंद गिरि महाराज ने रविवार को यहां व्यक्त कीं। वह यहां एक निजी कार्यक्रम में पहुंचे थे।

पिछले दिनों पाकिस्तान की हरकत पर महामंडलेश्वर ने कहा कि पाकिस्तान सहित कुछ देश भारत की तरक्की से ईर्ष्यागत हैं, इसलिए यह आतंकवाद के माध्यम से तथा युद्ध के माध्यम से विकास अवरुद्ध करना चाहते हैं। संभल में गिराई जा रही मस्जिद पर कहा कि उन्हें ध्यान है कि भारत के पूर्व सेना अध्यक्ष स्व. विपिन रावत जी ने ढाई मोर्चा पर बात की थी, जब उनसे ढाई मोर्चा पूछा गया था, तब उन्होंने कहा था कि एक पकिस्तान, दूसरा चीन है तथा आधा मोर्चा अपना देश है जहां पर इस्लामिक तकते हैं, इस्लामिक ताकतों से अपने देश को नहीं बल्कि पूरे विश्व को ललकारता है। भारत में वह कहीं लव-जेहाद कर रहे हैं, कहीं धर्मांतरण जेहाद तो कहीं पर गैर तरीके से मदरसा संचालित कर रहे हैं, सरकारी भूमि पर कब्ज़ा कर अवैध मदरसा, मस्जिद, घर, दुकान बना रहे हैं। आज कम से कम जहां जहां भाजपा की सरकारें हैं वह उन सभी मुख्यमंत्रियों को साधुवाद देना चाहूंगा कि वह बड़ी नैतिकता के साथ अतिक्रमण हटाने का काम कर रहे हैं, इसको हटाना अतिआवश्यक है इसको हटना चाहिए इससे जिहादियों की ताकतों पर प्रतिबंद लगेगा, तभी हमारा देश प्रगतिशील हो सकेगा। श्रीकृष्ण जन्म भूमि के सौदर्णीय करण पर अपने विचार प्रकट किए। इस अवसर पर कीर्ति सिंह प्रबंधक आरआर इंटर कालेज, शिव शंकर पांडेय कोषाध्यक्ष प्रार्थमिक शिक्षक संघ, त्रिलोकी सिंह गौर अधिवक्ता, इन्द्रेश्वर नाथ गुप्ता मौजूद रहे।



जानकारी देते महामंडलेश्वर स्वामी यतींद्रानंद गिरि महाराज।



### तालाब पर मिट्टी डाल कर कब्जा करने का प्रयास

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** अवैध रूप से तालाब पर मिट्टी डालकर कब्जा करने की शिकायत पर पुलिस व राजस्व विभाग ने पहुंचकर काम रुकवाया। कस्बे के मिर्जापुर में पठान टोला मोहल्ले में लम्बे समय से एक तालाब है जिसमें बारिश और घरों का पानी जाता है। बीते शुक्रवार को ट्रैक्टर-ट्राली से मिट्टी डालकर तालाब पाटा जा रहा था। जिसकी शिकायत इन्द्र भूषण अस्थाना ने पुलिस से की। जिसपर लेखपाल और पुलिस मौके पर पहुंची तो अवैध रूप से कब्जा करने वाले लोग भाग निकले।

### सड़क पर जा रही कार बनी आग का गोला

**हरदोई, अमृत विचार।** तेज़ रफ्तार में आ रही कार में अचानक आग लग गई। कोई कुछ समझ पाता, उससे पहले कार से आग की लपटें उठने लगी, ड्राइवर की सूझबूझ से बड़ा हादसा होने से टल गया। रविवार की शाम को पिहानी रोड पर तेज़ रफ्तार में आ रही कार जैसे ही कोतवाली देहात के भूराटीकुर के पास पहुंची, उसमें आग लग गई, कुछ ही देर में पूरी कार आग के गोले में बदल गई। लेकिन ड्राइवर की सूझबूझ से एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया।

## आयोजन

श्री बांके बिहारी सरकार के वार्षिक उत्सव में भक्तिभाव व उल्लास का संगम

# श्री बांके बिहारी का हुआ अलौकिक श्रृंगार

**हरदोई, अमृत विचार।** मंगली पुरवा फाटक स्थित श्री राम जानकी हनुमत धाम में श्री बांके बिहारी सरकार का वार्षिक उत्सव शुक्रवार को अत्यंत श्रद्धा, उल्लास और दिव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। पूरे परिसर में भक्ति और आनंद की गूंज रही। मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया था और श्रद्धालु भक्तों की भीड़ में उत्साह देखते ही बनता था। भव्य उत्सव का मुख्य आकर्षण श्री बांके बिहारी सरकार का अलौकिक श्रृंगार और 56 भोग अर्पण रहा। श्रृंगार कार्य में राधा रानी की अनन्य भक्त शिल्पी गुप्ता, अर्पिता सिंह, कविता गुप्ता, भूमिका सिंह व मथुरा धाम वासी वशिष्ठ भारद्वाज का विशिष्ट योगदान रहा, वहीं मंदिर के पुजारी आचार्य श्याम पाल ने श्रृंगार और पूजन कार्य को संपन्न कराया। सभी भक्तों ने "श्री बांके बिहारी तेरी आरती गाऊं, आरती गाऊं मैं तुमको रिझाऊं जैसे भजनों से वातावरण को भक्तिमय कर दिया। अखिलेश सिंह ने प्रस्तुत रामराज हमारे हम उनकी प्रजा भजन पर भक्त भाव विभोर हुए।



बांके बिहारी की आरती करते श्रद्धालु। अमृत विचार

# सड़क हादसों में बच्ची समेत चार लोगों की हुई मौत

## बांगरमऊ, हसनगंज व आसीवन थाना क्षेत्रों में हुई दुर्घटनाएं, परिचालक को तेज रफ्तार डीसीएम ने रौंदा

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचारः** अलग-अलग कोतवाली क्षेत्र में हुए सड़क हादसों में बच्ची समेत चार लोगों की मौत हो गई। सूचना पर उनके परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी पर पहुंची संबंधित क्षेत्र की पुलिस ने जांच के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।




बांरगमऊ कोतवाली क्षेत्र में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर राजस्थान प्रांत के जिला झुंझुनूं के थाना सूरज घाट अंतर्गत गांव डोला निवासी गजे सिंह पुत्र काशीराम अपने परिचालक ललित पुत्र राजेन्द्र निवासी गांव लोहानी थाना जूही जिला भिवानी हरियाणा के साथ ट्रक में अररिया बिहार से मक्का लादकर राजस्थान जा रहा था। तभी रास्ते में रविवार सुबह साढ़े तीन बजे कोतवाली क्षेत्र के आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे स्थित गांव गहरपुरवा के सामने रस्सी ढीली होने पर चालक ने ट्रक सड़क किनारे रोक दिया और चालक ट्रक के बाईं ओर और परिचालक दाहिनी ओर से बोरियों पर बंधी रस्सी कसने लगे। तभी आगरा की ओर से आ रहे तेज रफ्तार डीसीएम ने परिचालक को रौंद दिया और चालक डीसीएम समेत फरार हो गया। हादसे में में परिचालक लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़ा। चालक की सूचना पर पहुंची यूपीडा की रेस्क्यू टीम ने आनन-फानन एंबुलेंस से परिचालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल भेज दिया। चालक द्वारा परिचालक की अचानक मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

**आगे चल रही डीसीएम में पीछे से टकराई दूसरी डीसीएम, एक की मौत, हसनगंजः** कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे स्थित शाहपुर तोदा गांव के पास आगरा से आलू लाद कर आ रही तेज रफ्तार डीसीएम आगे जा रही डीसीएम से टकरा गई। इसमें चालक विधिचंद्र पाल पुत्र तोताराम निवासी खड़ामऊ थाना एरोल कानपुर नगर की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। यूपीडा कर्मियों ने क्रेन से क्षतिग्रस्त वाहनों को एक्सप्रेस-वे से हटवाकर टोल पर खड़ा कराया है। कोतवाल संदीप शुक्ल ने बताया कि हादसे में चालक की मौत हुई है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। आगे की कार्यवाही की जा रही है।

**ऑटो में कार ने मारी टक्कर, तीन गंभीर, बांगरमऊः** कन्नौज जिले के गांव मौसमपुर निवासी मो. शाहिद (55) पुत्र महबूब अपने बेटे अजीम (21) व परिवार के अरशद (18) पुत्र चांद बाबू के साथ ऑटो से आम खरीदने बांगरमऊ की फल मंडी आ रहे थे। तभी रविवार सुबह 6 बजे कोतवाली क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर बहलोलपुर गांव के पास पीछे से तेज गति से आ रही कार ने ऑटो में टक्कर मार दी। इसमें ऑटो के परखच्चे उड़ गए और उस पर सवार तीनों लोग गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची यूपीडा की रेस्क्यू टीम ने तीनों को आटो से निकालकर एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां चिकित्सकों ने तीनों लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

### ट्रैक्टर ने बाइक सवार को मारी टक्कर, बच्ची की मौत

**उन्नाव, अमृत विचार :** हरदोई जिला के थाना टड़ियावां के गांव अहरोरी निवासी सलमान (25) अपनी पत्नी आरजू (22), तीन साल के बेटा शायान व एक साल की बेटी अनाया के साथ बाइक से आसीवन थानाक्षेत्र के कस्बा रसूलाबाद के मोहल्ला फिरोज नगर निवासी ममिया ससुर कय्यूम के घर जा रहे थे। तभी उन्नाव-संडीला मार्ग पर हैदराबाद कस्बा के पास सामने से आई ट्रैक्टर-ट्राली ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें दंपती व दोनों बच्चे घायल हो गए। घायलों को मियागंज सीएचसी लाया गया। जहां डॉक्टर ने अनाया को मृत बता दिया और सलमान को जिला अस्पताल भेज गया। आरजू व उसके बेटे शायान को मामूली चोट आने से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेजा गया। एसओ आसीवन अजय सिंह ने बताया कि चालक ट्रैक्टर लेकर भाग गया है। उसकी तलाश की जा रही है। बच्ची के शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

### एक्सप्रेस-वे पर युवक को बाइक ने मारी टक्कर

**बांगरमऊ, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव रघुरामपुर निवासी किसान बाबू ने अपने गांव के सामने स्थित आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे की सर्विस रोड पर धूप में सुखाने के लिए मक्का की फसल फैला रखी थी। बीती शनिवार देररात बाबू का 22 वर्षीय बेटा संदीप आसमान में काले घने बादल देख सड़क पर फैली मक्का समेटकर इकट्ठा कर रहा था। तभी तेज रफ्तार बाइक ने संदीप को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद बाइक फिसल गई और चालक बाइक वहीं छोड़कर भाग गया। इसमें संदीप लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़ा। यह देख वहां मौजूद परिजन एंबुलेंस से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा व अविवाहित था। कोतवाल चंद्रकांत सिंह ने बताया कि टक्कर मारने वाले बाइक चालक का पता लगाया जा रहा है। बाइक को सीज कर कार्यवाही की जारही है। शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है।

## सार-संक्षेप

### युवक की अचानक हालत बिगड़ने से हुई मौत

**उन्नाव, अमृत विचार :** इटावा जिले के सरैंया थानांतर्गत भरथना का मूल निवासी कमलेश (30) उर्फ जनमेद करीब 20 साल से पीतांबरनगर निवासी बहन गीता के यहां रह रहा था। वह पड़ोसी सोनू के आवास विकास स्थित आईसक्रीम फैक्ट्री में काम करता था। बीती शनिवार रात वह फैक्ट्री में ही रुका था। रविवार सुबह करीब छह बजे वह उठा और वहां काम करने लगा। तभी अचानक उसकी हालत बिगड़ी और वहीं गिर गया। साथी उसे जिला अस्पताल लाए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बहन गीता ने बताया कि उसके माता-पिता की मौत हो चुकी है। दही एसओ संजीव कुशवाहा ने बताया कि अगर परिजन तहरीर देते हैं तो पीएम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### घर से निकली महिला का शव रेलवे स्टेशन के पास मिला

**सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार :** कोतवाली सफीपुर क्षेत्र के गांव जगदीश खेड़ा के मजरा सफीपुर ग्रामीण निवासी भैया लाल राजपूत की 45 वर्षीय पत्नी राम सरोजनी का शव संदिग्ध परिस्थिति में रेलवे स्टेशन के पास मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त कराने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मृतका के पति भैया लाल पुत्र जुग्गीलाल ने बताया कि पत्नी घर से करीब 10 बजे निकल गई थी। काफी खोजबीन की परंतु पता नहीं लग सका था। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि एक महिला का शव रेलवे स्टेशन के पास पड़ा मिला है। यह सुनकर वह दंग रह गया और तुरंत रेलवे स्टेशन पहुंचा तो वहां पता चला कि शव को पहचान न होने पर पुलिस सरकारी अस्पताल ले गई है। जहां पहुंचकर उसने अपनी पत्नी का शव देखा। मृतका का बेटा पवन खेती करता है। उसका विवाह हो चुका है। मां की मौत बेटे पवन व पुत्र वधू प्रेमा का रो-रोकर बुरा हाल है।

### ई-रिक्शा की टक्कर से गेटबूम हुआ टेढ़ा, मुकदमा दर्ज

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** गंगाघाट रेलवे स्टेशन की मुख्य क्रासिंग 41सी पर शनिवार रात एक ईरिक्शा की टक्कर से अप लाइन की तरफ का गेटबूम टेढ़ा हो गया। घटना के बाद गेट का सेंसर फेल हो गया और गेटबूम खुल नहीं सका, जिससे रेल संचालन पर संकट खड़ा हो गया। घटना की जानकारी गेटमैन ने स्टेशन अधीक्षक को दी, जिसके बाद आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंची। ईरिक्शा चालक को हिरासत में लेकर वाहन को जब्त किया गया। आरपीएफ ने आरोपी के खिलाफ रेलवे एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कोर्ट भेज दिया। मामले में आरोपी की पहचान थाना आरौस क्षेत्र के हाथीखेड़ा गांव निवासी शंकर पुत्र झम्मन के रूप में हुई, जो मिश्रा कॉलोनी में रहकर ईरिक्शा चलाता है। शनिवार रात लगभग 12 बजे वह ईरिक्शा से मिश्रा कॉलोनी जा रहा था, तभी ट्रेन आने के कारण 41सी क्रासिंग का गेट बंद होने लगा। जल्दबाजी में उसने तेजी से ईरिक्शा भगाया और गेटबूम से टकरा गया। आरपीएफ ने समय रहते कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ा और रेलवे संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप में कानूनी कार्रवाई की।

### करंट की चपेट में आने से दो महिलाएं झुलसीं, रेफर

**संवाददाता, बांगरमऊ, उन्नाव, अमृत विचार :** नगर व क्षेत्र के एक गांव की एक वृद्धा सहित दो महिलाएं तेज़ करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गईं। सरकारी अस्पताल से दोनों को गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। नगर के मोहल्ला पुर्विया टोला निवासी बदरुन्निसा (60) पत्नी मो. आलम बीती शनिवार देरशाम घर की विद्युत लाइन के कटे तार की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गई। परिजन आनन-फानन उसे सीएचसी लाए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाज़ुक देख उसे जिला अस्पताल भेज दिया। वहीं, कोतवाली क्षेत्र के गांव गौरा निवासी अंबरलाल की पत्नी अंबिका देवी बीती शनिवार देररात घर की विद्युत लाइन में प्लग लगा रही थी। तभी अचानक वह करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गई। परिजन उसे सीएचसी लाए। जहां चिकित्सक ने महिला को गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# पति के बच्चों को पीटने का विरोध करने पर महिला ने की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचारः** दही थानांतर्गत गांव टीकरगढ़ी निवासी विभा (40) पत्नी मुकेश ने शनिवार दोपहर बच्चों को पीट दिया। जब शाम को पिता घर पहुंचा तो बच्चों ने मां की शिकायत की। इस पर वह फिर बच्चों को पीटने लगी। इसे लेकर पति-पत्नी में विवाद हो गया और महिला ने कुछ कपड़ों में आग लगा दी और आत्महत्या करने की धमकी देने लगी। पति ने बताया कि वह रात भर पत्नी को समझाता रहा। भोरपहर जब उसे नींद आ गई। सुबह उठा तो कमरे में पत्नी का शव फंदे से लटकता मिला। घटना के बाद परिजनों में हड़कंम मच गया। मृतका के तीन बेटी व तीन बेटे हैं। जिसमें रुचि की शादी हो चुकी है।

# पोनी रोड नाले में गिरने से युवक की मौत, मचा हड़कंप

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

**अपने बहनोई के साथ गंगानगर में रह रहा था युवक**

**अमृत विचारः** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के पोनी रोड मुख्य मार्ग पर रविवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब शिवराज गेट के सामने एक युवक का शव नाले में पड़ा देखा गया। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराई और जांच-पड़ताल के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पीएम रिपोर्ट में युवक की मौत डूबने से होने की पुष्टि हुई है।



शिव प्रकाश की फाइल फोटो।

युवक की पहचान आसीवन थाना क्षेत्र के कुरसठ गांव निवासी रामभजन चौरसिया के 28 वर्षीय पुत्र शिव प्रकाश चौरसिया के रूप में हुई है। वह वर्तमान में गंगाघाट क्षेत्र के गंगानगर में अपने बहनोई सत्यनारायण के साथ रह रहा था और राजधानी मार्ग पर मोमोज बेचने का कार्य करता था। परिजनों के अनुसार शिव प्रकाश शराब का लती था और शनिवार को घर से निकलने के बाद वापस नहीं लौटा। रविवार सुबह उसका शव नाले में मिलने से परिवार में कोहराम मच गया। स्थानीय लोगों का अनुमान है कि नशे की हालत में संतुलन बिगड़ने से युवक नाले में गिर गया, जिससे उसकी डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पीएम रिपोर्ट में डूबने से मौत की पुष्टि हुई। वहीं युवक की मौत पर उसके परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

# कविता सुनने से जैसे मन को शांति मिलती है वैसे ही योग से शरीर स्वस्थ रहता : डा. कपिल

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** साहित्य और संस्कृति की महक बिखेरती एक यादगार काव्य गोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसमें स्थानीय कवियों और शायरों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं का दिल जीत लिया। यह गोष्ठी नगर के प्रख्यात शायर अली शफी हुजूर बिलग्रामी के आवास पर आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता डॉ. कपिल देव त्रिपाठी ने की और संचालन असगर बिलग्रामी ने बखूबी निभाया।


काव्य पाठ प्रस्तुत करते कवि। अमृत विचार

गोष्ठी का आगाज असगर बिलग्रामी ने नबी की स्तुति से किया, जिसने माहौल को आध्यात्मिक रंग दिया। इसके बाद कमर बिलग्रामी ने अपनी भावपूर्ण प्रस्तुति से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। कवयित्री स्वाती कुशवाहा ने प्रेम और संवेदना से भरी कविता सुनाकर श्रोताओं को भावविभोर किया। अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. कपिल देव त्रिपाठी ने "जैसे कविता सुनने से मन को शांति मिलती है, वैसे ही योग से शरीर स्वस्थ रहता है। इसलिए सभी को नियमित योग अपनाना चाहिए।" यह काव्य गोष्ठी न केवल साहित्य प्रेमियों के लिए एक सुखद अनुभव थी, बल्कि बिलग्राम की सांस्कृतिक विरासत को जीवंत रखने का एक प्रेरणादायक प्रयास भी साबित हुई।

# योग से जीवन होता है समृद्ध : डॉ. नरेश

**संवाददाता, हरदोई।** उ.प्र.वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति का त्रैमासिक अधिवेशन रविवार को सीएसएन पीजी कॉलेज में सम्पन्न हुआ। जिसमें योगदर्शन का समग्र-रूप में अनुशीलन विषम पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, तथा जनपद के पूर्व आदर्श प्रवक्ता एवं माध्यमिक शिक्षक संघ, उ.प्र. के प्रान्तीय उपाध्यक्ष सुरेश मित्तल को संस्था द्वारा श्रेष्ठता सम्मान से सम्मानित भी किया गया। विषय का प्रवर्तन करते हुए संस्थाध्यक्ष डा. ईश्वर चन्द्र वर्मा ने कहा कि योग एक सम्पूर्ण दर्शन है और उसका उसी रूप में अनुशीलन कल्याणप्रद है। वस्तुतः 'योग' शारीरिक व्यायाम/आसन एवं अतिपय रोगों की तथाकथित चिकित्सा पद्धति मात्र नहीं है, अपितु ये सभी तो योग-


अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट करते आयोजक। अमृत विचार

मार्ग के सतत तथा गम्भीर अभ्यास की तैमारी भर है। योग न केवल शारीरिक, मानसिक, नैतिक तथा आध्यात्मिक विकास के लिए आवश्यक है, अपितु शरीर, मन और आत्मा की शक्तियों का समन्वय कर आत्म-चेतना की पराकाष्ठा हासिल करने में सहायक भी है। डा. नरेश चन्द्र शुक्ल ने कहा कि पतञ्जति का 'अष्टांग-योग' अध्यात्म को नितान्त विज्ञान-सम्मत सिद्धान्त है। योग से जीवन समृद्ध होता है। प्राणायाम शरीर के तंत्रिकातन्त्र को सशक्त करता है। विशिष्ट अतिथि सुरेश मित्तल के सम्मान में संस्था के सदस्यों के साथ-साथ जनपद के माध्यमिक शिक्षकों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

## शिक्षकों को मिलेगा शिशु वाटिका का प्रशिक्षण

**हरदोई, अमृत विचार।** पिहानी के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में आयोजित 6 दिवसीय शिक्षकों को अभ्यास वर्ग शिशु वाटिका सत्र पर चर्चा की जाएगी। सत्र में शिशु वाटिका प्रमुखों की रविवार से 28 जून तक शिशु वाटिका का प्रशिक्षण दिया जायेगा। राज्य में नई शिक्षा नीति-2020 (एनईपी) 2020 के तहत 'शिशु वाटिका' नामक पहल की शुरुआत अखिल भारती विद्या भारती प्रशिक्षण देकर कर रही है। इसका उद्देश्य 3-6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को प्री-स्कूल शिक्षा प्रदान करना है। बता दें कि इस पहल की शुरुआत सरस्वती शिशु मंदिर में प्रवेश उत्सव के दौरान की जाएगी, जहां नन्हे-मुन्नों बच्चों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया जाएगा, उन्हें फूलों से सजाया जाएगा और माथे पर पारंपरिक चंदन का टीका भी लगाया जायेगा। इसके बाद बच्चों को 'खादी छूआन' (चॉक छूना) कार्यक्रम में भाग लेने का मौका मिलेगा, जिसमें उन्होंने अपनी पहली बार स्लेट पर कुछ लिखने का प्रयास कराया जाएगा।

# दो चोरियों का खुलासा, आरोपी दबोचा

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** नौ माह पूर्व एक मकान में घुसकर अलमारी से नगदी चोरी के मामले का पुलिस ने खुलासा कर एक अभियुक्त को चोरी के दो लाख 20 हजार रूपये की नगदी के साथ गिरफ्तार कर कार्यवाही की।

मल्लावां कोतवाली के मुचुवापुर गांव निवासी सुरेश पाल राठौर के घर में घुसकर अज्ञात चोर ने 26 नवंबर 2024 को अलमारी में रखी नगदी चोरी कर ले गए थे। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। रविवार को पुलिस व क्राइम ब्रांच की टीम ने मुचुवापुर निवासी राजीव उर्फ़ राजू को चोरी के 2 लाख 20 हजार रुपये के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने अभियुक्त को जांच पड़ताल के बाद कोर्ट भेजा, जहां से उसे जैल भेज दिया गया।

इसके अलावा बिलग्राम में सिंचाई विभाग से सामान चोरी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी गिरफ्तार किया है। सिंचाई विभाग से चोरी हुए सामान के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। 21 जून 2025 को अवर अभियंता अमित कुमार ने थाना बिलग्राम में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि अज्ञात चोरों ने सिंचाई विभाग के पंचम उपखंड बिलग्राम मुख्यालय से एमएस पाइप और बाउल असेंबली चुरा ली है। पुलिस ने मामले में तत्काल कार्रवाई करते हुए मोहल्ला नटपुरवा निवासी गौरव को गिरफ्तार किया है।



पाली बाजार में निष्प्रयोज्य सामुदायिक शौचालय। अमृत विचार

### सफेद हाथी बना सामुदायिक शौचालय

**पाली, हरदोई, अमृत विचार।** सामुदायिक शौचालय बनने के बावजूद संचालन न होने लोगों को इनका लाभ नहीं मिल रहा है। यह शौचालय सफेद हाथी बनकर रह गए हैं, पाली कस्बे की बाजार में भी बना सामुदायिक शौचालय बंद है। जिससे दूर दराज से आने वाले लोगों को शौचालय जाने के लिए भटकना पड़ रहा है। नगर के लोगों ने शौचालय चालू करने की मांग की है।

# मोहर्रम के जुलूस को लेकर दिए निर्देश

**हरियावां, हरदोई, अमृत विचार।** स्थानीय थाने में रविवार को मोहर्रम के मद्देनज़र शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय थाना प्रभारी बीर बहादुर सिंह ने की। इसमें नायब तहसीलदार तहसीलदार, नगर व ग्राम स्तर के गणमान्य नागरिक, सभी धर्मों के प्रतिनिधि, इमाम, मौलवी, समाजसेवी संगठनों के सदस्य तथा पत्रकारों ने भाग लिया। बैठक में मोहर्रम के दौरान निकलने वाले जुलूसों के मार्ग, समय निर्धारण, सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक प्लान और ध्वनि सीमा (ध्वनि विस्तारक यंत्रों) पर विशेष चर्चा की गई। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि सभी ताजियादारों को पहले से निर्धारित मार्ग से ही जुलूस निकालना होगा और निर्धारित समयसीमा का पालन करना अनिवार्य रहेगा। उन्होंने कहा कि सभी जुलूसों की वीडियोग्राफी की जाएगी, जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे और ड्रोन से निगरानी की जाएगी। शरारती तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी और किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया पर निगरानी रखने के लिए एक विशेष सेल गठित किया गया है। बैठक में उपस्थित सभी समुदायों के प्रतिनिधियों ने प्रशासन को आश्वासन दिया कि वे पूर्ण सहयोग करेंगे और मोहर्रम का पर्व शांति, एकता और भाईचारे के साथ मनाया जाएगा।

# सांडी के लोगों को नहीं मिल रही प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं

सावन कुमार सैनी, सांडी (हरदोई)

**अमृत विचार।** देहात व ग्रामीण क्षेत्र में प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ही लोगों इलाज के माध्यम हैं, लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही से कई क्षेत्रों में यह बदहाल हैं। कई दवाएं नहीं तो कहीं चिकित्सक नदारद हैं। सुविधाएं भी नाममात्र की ही हैं। मजबूर होकर ग्रामीणों को निजी चिकित्सकों व अस्पतालों में जाकर ज्यादा पैसे खर्चकर इलाज कराना पड़ रहा है।



जर्जर भवन में तब्दील हो रही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन। अमृत विचार

हरदोई के सांडी में इसका उदाहरण देखने को मिल रहा है। यहां पूर्व में स्थापित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बदहाली का शिकार है, पीएचसी की बिल्डिंग जर्जर हो चली है, और चिकित्सक तक नहीं तैनात है। यह बदहाली तब से शुरू हुई जब ग्राम आदमपुर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शुरू हुआ। उसी के बाद सांडी के पीएचसी की उपेक्षा होने लगी। इससे सांडी के लोगों से सरकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की सेवाएं दूर हो गईं। आदमपुर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने के लिए मरीजों को कम से कम 40 रुपये किराया खर्च करना पड़ रहा है। इतने पर भी जब मरीज लंबी दूरी तय कर अस्पताल पहुंचते हैं तो वहां चिकित्सक नहीं मिलते, चिकित्साकर्मी बीमारी सुनकर मरीजों को कुछ गोलियां व टैबलेट थमा देते हैं। पूर्व में जब प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सांडी में संचालित हो रहा था तो मरीज़ों को स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने में दिन या रात में आसानी रहती थी।

कई बार क्षेत्र की जनता ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को लिखित एवं मौखिक रूप से अवगत कराया था कि यदि सांडी में पूर्व में संचालित हो रहे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में यदि कोई चिकित्सक तैनात कर दिया जाए तो मरीजों को किसी भी समय उपचार के लिए इधर-उधर भागना नहीं पड़ेगा। लेकिन जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों ने इस समस्या पर भी ध्यान नहीं दिया। शासन व प्रशासन को उक्त समस्या को लेकर ठोस कदम उठाना चाहिए ताकि आर्थिक रुप से कमजोर लोगों को राहत मिल सके।

### पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दिनेश चंद्र गुप्ता ने कहा



पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सान्डी दिनेश चंद्र गुप्ता ने बताया तीन साल पूर्व नगर पालिका परिषद की बिल्डिंग के उद्घाटन कार्यक्रम में आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमवती को ज्ञापन देकर आग्रह किया था प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सान्डी पीएचसी पुनः संचालित कर दिया जाए तो इससे मरीजों को उपचार मिल सके।


किशोर सैनी।


शिवम वर्मा।


विजय कश्यप।

### कस्बावासी बोले

कस्बा निवासी किशोर सैनी का कहना है कि सांडी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज की सुविधाएं नहीं हैं। पीएचसी काफी दूर है। रात्रि में किसी की तबियत खराब होने पर पहले तो वाहन का इंतजार करना पड़ता है। इलाज के अभाव में तड़पते मरीज को जब तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाओ, इससे अच्छा निजी वाहन कर हरदोई जिला अस्पताल ही ले जाएं, क्योंकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे तो कहीं डॉक्टर या कहीं व्यवस्था नहीं होती आखिरकार मरीज को हरदोई रेफर किया जाता है। मुंशीगंज निवासी शिवम वर्मा का कहना है रात्रि मे इलाज के लिए प्राइवेट अस्पतालों का ही सहारा लेना पड़ता है अगर सान्डी स्वास्थ्य केंद्र में कोई चिकित्सक बैठता तो ऐसा न करना पड़े। कस्बा निवासी विजय कश्यप ने बताया कि रात में मरीज को अस्पताल ले जाने के लिए वाहन नहीं मिलता, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आदमपुर हमारे यहां से तीन किलोमीटर दूर है।

# पुलिस लाइन में लगाया गया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर


नि :शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण देते विशेषज्ञ।

**हरदोई, अमृत विचार।** पुलिस लाइन में पुलिस कर्मियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें 78 पुलिस कर्मियों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। पुलिस लाइन में लगे इस शिविर में पुलिस कर्मियों को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधा मेदांता हास्पिटल द्वारा उपलब्ध कराई गई। साथ ही प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूटों को सीपीआर कैसे देना है, सीपीआर देते समय क्या-क्या सावधानी देनी चाहिए। यह भी विशेषज्ञों द्वारा बताया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी अंकित मिश्रा तथा मेदांता के चिकित्सकों की टीम मौजूद रहीं।

# झमाझम बारिश से कहीं 'राहत' तो कहीं 'आफत'

## जिलेभर में बीती रात हुई तेज बारिश से पॉश इलाके तक हुए लबालब, अधिकांश गली-मोहल्लों में जलभराव से लोग हुए परेशान

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव



तेज बारिश के चलते गली में हुए जलभराव के बीच से निकलती महिला।। अमृत विचार

**अमृत विचार:** शनिवार रात से रविवार को पूरे दिन जिले भर में हुई झमाझम बारिश ने कहीं पर लोगों को राहत दी तो कहीं यह आफत बनकर आई। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भीषण जलभराव हो गया। जिससे आने-जाने वालों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी बारिश के चलते लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बारिश से लोगों को गर्मी और उमस से जरूर राहत मिली लेकिन बीच-बीच में चटक धूप निकलने से उमस बढ़ गई। जिससे लोग गर्मी में परेशान दिखे।

शनिवार रात से शुरू हुई झमाझम बारिश ने जहां लोगों को गर्मी से राहत दी, वहीं नगर और ग्रामीण इलाकों में जलभराव की गंभीर समस्या पैदा कर दी। रविवार को रुक-रुक कर हुई तेज बारिश ने नगर पालिका की सफाई व्यवस्था की पोल खोल दी। अधिकांश गली-मोहल्लों में पानी भर गया, जिससे लोग दिन भर परेशान होते रहे। राजधानी मार्ग के दोनों ओर बने नाले उफनाने लगे। फोरलेन के किनारे ऊंचा नाला बनने के कारण पॉश कॉलोनियों की गलियां उफना गईं। कृष्णा नगर, सर्वोदयनगर, कंचन नगर, आदर्श नगर और पोनी रोड जैसे मोहल्लों में घरों के अंदर तक गंदा पानी घुस गया। कई जगहों पर सीवर का पानी सड़कों और घरों में भर गया, जिससे लोग पूरी रात घरों से पानी निकालते नजर आए। गांधी नगर, साकेत पुरी, नेहरू नगर, अंबिका पुरम, गोपीनाथपुरम समेत ग्रामीण क्षेत्र के पीपरखेड़ा, श्रीनगर, ब्रह्म नगर, मंशाखेड़ा, नाथूखेड़ा और राम नगर तक भी भारी जलभराव से लोग परेशान हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में गलियों में घुटने तक पानी भर गया। बारिश के कारण आवागमन भी बाधित हो गया। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि नगर पालिका ने समय रहते नालों और नालियों की सफाई नहीं कराई, जिससे दूसरी ही बारिश में संकट खड़ा हो गया।

**बारिश में पेड़ गिरने से फीडर एक की बिजली साढ़े छह घंटे रही बंद:** रविवार दोपहर हुई बारिश के दौरान मसवासी गांव में एक पेड़ हाईटेंशन लाइन पर गिर गया, जिससे फीडर एक की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। सूचना मिलते ही बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पेड़ हटाकर मरम्मत कार्य शुरू किया। करीब साढ़े छह घंटे बाद शाम को सप्लाई बहाल हो सकी। इस दौरान फीडर एक से जुड़े दर्जनों मोहल्लों में बिजली गायब रही, जिससे उमस भरी गर्मी में लोग परेशान नजर आए।

### पहाड़ों पर बारिश होने से तेजी से बढ़ने लगा गंगा का जलस्तर



गंगा का जलस्तर बढ़ने से डूबी रेती। अमृत विचार

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार हो रही भारी बारिश और बांधों से छोड़े जा रहे पानी के चलते गंगा का जलस्तर तेजी से बढ़ने लगा है। बीते एक सप्ताह से मानसून के सक्रिय होते ही पहाड़ी इलाकों में झमाझम बारिश का सिलसिला जारी है, जिससे विभिन्न बांधों के गेट खोलने पड़े हैं। इसका सीधा असर अब मैदानी क्षेत्रों की नदियों पर दिखाई देने लगा है।रविवार को गंगा बैराज कानपुर से छोड़े गए पानी के कारण नगर में बह रही गंगा के जलस्तर में लगातार वृद्धि दर्ज की गई। रविवार सुबह 8 बजे जलस्तर 107 .390 मीटर था, जो दोपहर 1 बजे तक 11 सेंटीमीटर बढ़कर 107 .500 मीटर और शाम 4 बजे तक 107 .800 मीटर तक पहुंच गया। हालांकि चेतावनी बिंदु 112 मीटर से यह अभी लगभग 5 मीटर नीचे है, लेकिन जल स्तर में लगातार हो रही बढ़ोत्तरी से गंगा के तटीय इलाकों में रहने वाले लोगों में बेचैनी का माहौल बन गया है। केंद्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार को जलस्तर के 108 मीटर तक पहुंचने की संभावना है। क्योंकि पश्चिम के बांधों से लगातार रुक-रुक कर पानी छोड़ा जा रहा है।

### पॉश इलाकों की गलियां उफनाईं



बारिश होने से रोड पर हुए जलभराव के बीच से निकलता बाइक सवार।

नगर के नेहरू नगर, ऋषि नगर और गोपीनाथपुरम पॉश इलकों की गलियां पहली बारिश में ही जलमग्न हो गईं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पालिका ने नालों की समय पर सफाई नहीं कराई, जिससे बरसात का पानी सड़कों पर बहता नजर आया।

# चंपापुरवा में ट्रांसफार्मर फुंका लगातार 16 घंटे गुल रही बिजली

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)



चंपापुरवा में फुंके ट्रांसफार्मर की मरम्मत करता विद्युत कर्मी।

**अमृत विचार:** बारिश और उमस भरी गर्मी के बीच बिजली आपूर्ति में लगातार आ रही दिक्कतों ने नगरवासियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। शनिवार रात से रविवार देर रात तक बिजली फॉल्ट की घटनाओं से शहर के कई मोहल्लों की सप्लाई प्रभावित रही, जिससे हजारों लोग गर्मी में बेहाल रहे।

चंपापुरवा में स्थित सर्वोदय स्कूल के पास लगे 400 केवीए के ट्रांसफार्मर का एक फेज रात करीब 3 बजे फुंक गया। इससे इलाके के लगभग 100 घरों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। सूचना पर पहुंचे बिजली कर्मी मरम्मत में जुटे, लेकिन जब समस्या हल नहीं हुई, तो रविवार सुबह 6 बजे ट्रांसफार्मर का फ्यूज खोल दिया गया। इसके बाद पूरे इलाके की आपूर्ति बंद हो गई और करीब 400 घरों में 16 घंटे तक अंधेरा पसरा रहा। विभाग ने शाम को नया ट्रांसफार्मर मंगवाया और रात 10 बजे के बाद ही सप्लाई बहाल हो सकी। इसी तरह गंगाघाट कॉलोनी में रविवार सुबह 4 बजे एबीसी केबल जल गई, जिससे लगभग 100 घरों की बिजली सप्लाई दोपहर 2 बजे तक बाधित रही। वहीं, शनिवार रात 8 बजे श्रीनगर में एचटी लाइन की डिश पंचर हो गई, जिससे फीडर-4 की आपूर्ति रात 12 बजे तक बंद रही। इसके अलावा अन्य क्षेत्रों में छोटे-छोटे फॉल्ट और शेड्यूल रोस्टिंग के कारण आपूर्ति बार-बार बाधित होती रही।

# ग्लूट प्वाइंट शॉर्ट होने से अप सिग्नल फेल, संचालन बाधित

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)



ब्लॉक लेकर ग्लूट प्वाइंट बदलते रेल कर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** बारिश के मौसम में रेलवे के सिग्नल सिस्टम पर भी असर देखने को मिल रहा है। शनिवार रात गंगाघाट स्टेशन के पास अप मेन लाइन पर ग्लूट प्वाइंट शॉर्ट हो जाने के कारण सिग्नल फेल हो गया। इससे कानपुर की ओर जाने वाली अप ट्रेनों का संचालन प्रभावित हो गया और उन्हें मेमो देकर गंतव्य की ओर रवाना किया गया।

जानकारी के अनुसार, शनिवार रात लगभग 11:10 बजे अप मेन लाइन पर ग्लूट प्वाइंट में तकनीकी खराबी आने से सिग्नल फेल हो गया। सूचना पर सिग्नल एंड टेलीकॉम विभाग की टीम मौके पर पहुंची और रातभर मरम्मत कार्य में जुटी रही। सुबह लगभग 4:14 बजे सिग्नल सेवा बहाल की जा सकी। इस दौरान अप ट्रैक पर आने वाली ट्रेनों को मेमो देकर निकाला गया और अस्थायी व्यवस्था से संचालन जारी रखा। रेलवे की अनुसार सिग्नल फेल होने के कारण तीन ट्रेनों को मेमो देकर मेन लाइन से गुजारा गया। वहीं अन्य सभी ट्रेनों को लूप लाइन से गुजारा गया। रेल सुरक्षा की दृष्टि से विभाग ने दोपहर 2:50 बजे से 70 मिनट का ब्लॉक लेकर खराब ग्लूट प्वाइंट को बदलने का काम शुरू किया, जो शाम 4 बजे तक चला। ब्लॉक अवधि में अप ट्रेनों को लूप लाइन से गुजारा गया, जिससे रेल संचालन को सुचारु किया जा सके। बता दें कि तीन दिनों से लगातार सिग्नल फेल होने के कारण दिल्ली और लखनऊ के एसएनटी अधिकारी भी पहुंच चुके हैं।

**बारिश से रेलवे के सिग्नल सिस्टम पर भी पड़ रहा असर**

**इंजन फेल होने से मेन लाइन पर 8 घंटे खड़ी रही मालगाड़ी, शुक्लागंज (उन्नाव):** रविवार रात गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर एक मालगाड़ी का इंजन फेल हो जाने से डाउन की मेन लाइन पर करीब आठ घंटे तक ट्रेनों का संचालन बाधित रहा। यह मालगाड़ी कानपुर से उन्नाव की ओर जा रही थी, तभी तकनीकी खराबी के चलते रात करीब 2:10 बजे लोको पायलट ने गंगाघाट स्टेशन की मेन लाइन पर ट्रेन रोक दी और स्टेशन अधीक्षक को सूचना दी। इसके बाद कंट्रोल रूम को वैकल्पिक इंजन की मांग भेजी गई। मालगाड़ी के मेन लाइन पर खड़े होने से लखनऊ की दिशा में जाने वाली सभी ट्रेनों का संचालन डाउन की लूप लाइन से किया गया। रविवार सुबह करीब 7:15 बजे दूसरा इंजन गंगाघाट स्टेशन पहुंचा, जिसके बाद करीब 8:30 बजे मालगाड़ी को रवाना किया जा सका। जिसके बाद मेन लाइन से ट्रेनों को रवाना किया गया।

# सड़क पर सिल्ट जमा होने से लोगों की बढ़ी परेशानी

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव



नाला सफाई के बाद रोड पर फैली सिल्ट। अमृत विचार

**बारिश आने पर शुरू हुई कृष्णा नगर में नाला सफाई**

**अमृत विचार:** बीती रात हल्की बूंदाबांदी हुई तो सड़कों पर पानी भर गया। जब शहर के मोहल्ला कृष्णा नगर वासियों ने विरोध किया तो नाला सफाई शुरू हुई। पूरी गर्मी बीत गई लेकिन, किसी ने सुध नहीं ली। अब सफाई के बाद नालों से निकालकर बाहर डाली गई सिल्ट पूरी रोड पर फैल गई है। जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

कृष्णा नगर मोहल्ला निवासी जगपाल सिंह का कहना है कि क्षेत्र में नाला सफाई का कार्य कई वर्षों से नहीं हुआ। जिससे क्षेत्रीय लोगों के घरों में नाले का गंदा पानी भरता है। काफी विरोध के बाद बीते दिन शिक्षक विधायक राज बहादुर सिंह चंदेल के सामने वाले नाले की सफाई का कार्य शनिवार से शुरू किया गया तो नाले की सिल्ट निकालकर बाहर डाल दी गई। जिससे वहां चलने वालों को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। सफाई कर्मियो ने नाला सफाई के बाद पत्थरों को भी नाले पर नहीं रखा। खुले नालों और रोडपर सिल्ट पड़ी होने से बारिश में राहगीरों का निकलना दूभर हो गया है। वहीं, खुला पड़ा नाला मौत को दावत दे रहा है। ईओ संजय कुमार गौतम ने बताया कि अगर क्षेत्रीय लोगों को परेशानी हो रही है तो कल सुबह ही इसे दिखवाकर समस्या का समाधान कराया जाएगा।

# पोल पर चढ़कर फाल्ट ठीक कर रहा लाइनमैन नीचे गिरा, मौत

संवाददाता, बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार:** विद्युत पोल पर मरम्मत करते समय अचानक लाइनमैन असंतुलित होकर नीचे आ गिरा और गंभीर घायल हो गया। एंबुलेंस से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाने पर चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

कोतवाली क्षेत्र के गांव जगटापुर निवासी 38 वर्षीय सुघर लाल पुत्र माता प्रसाद क्षेत्र के विद्युत उपकेंद्र में संविदा लाइनमैन है। रविवार दोपहर करीब 3 बजे वह नगर स्थित विद्युत उपकेंद्र में एक डबल खंभे पर चढ़कर लाइन दुरुस्त कर रहा था। तभी वह अचानक असंतुलित होकर खंभे से नीचे आ गिरा और गंभीर घायल हो गया। सहकर्मियों ने आनन-फानन उसे नगर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने हालत नाजुक देख उसे रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान संविदा कर्मी की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं कर्मियों में शोक की लहर दौड़ गई है।

**आस्था** | खाटू श्याम के मनोहारी श्रृंगार के साथ भव्य आयोजन में भजन गायकों ने अपनी प्रस्तुति से भक्तों को कर दिया भाव-विभोर

# एकादशी पर खाटू श्याम महोत्सव में भक्तिरस में झूमे भक्तजन

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)



महोत्सव में खाटू श्याम बाबा का किया गया भव्य श्रृंगार। अमृत विचार

**अमृत विचार:** एकादशी के शुभ अवसर पर गायत्री नगर भातूफार्म में नवयुवक कमेटी द्वारा शनिवार रात बाबा श्री श्याम महोत्सव एक दिन खाटू वाले के नाम का भव्य आयोजन हुआ। बाबा खाटू श्याम के अलौकिक श्रृंगार, अखंड ज्योति, इत्र वर्षा व छप्पन भोग के बीच पूरा परिसर भक्ति रस में सराबोर हो उठा।

कार्यक्रम की शुरुआत गणेश व हनुमान वंदना से हुई, जिसके बाद प्रसिद्ध भजन गायकों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। भजन गायक अभिषेक शुक्ला, प्रामांशु मिश्रा, छोटू बाजपेयी, रोहित सिंह और भजन गायिका पिंकी गुप्ता ने और कहते हो खाटू सब काम हो रहा है जैसे भजनों से श्याम भक्तों को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आनंदेश्वर धाम से विवेक पुरी महाराज, अतिवन महाराज और सदर विधायक पंकज गुप्ता मौजूद रहे। आयोजन को सफल बनाने में अनिल श्रीवास्तव लाला, मोहित पांडे, राहुल पांडे, शुभम सैनी, शोभित त्रिवेदी सहित समस्त नवयुवक कमेटी का विशेष योगदान रहा।

### भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा की तैयारियों को लेकर हुई अंतिम बैठक




बैठक में जानकारी देते समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्र शुक्ला।

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** आगामी 27 जून को नगर में भगवान श्री जगन्नाथ जी की भव्य रथ यात्रा का आयोजन होगा। इसे लेकर रविवार को श्रीमद भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा समिति की तृतीय एवं अंतिम बैठक समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्र शुक्ला के आवास पर सम्पन्न हुई। बैठक में रथ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। अध्यक्ष ने पदाधिकारियों संग रथ यात्रा मार्ग का निरीक्षण कर बताया कि यात्रा दोपहर 3 बजे स्व. मां बालेस्वरी स्मृति भवन, नेहरू नगर स्थित मंदिर से प्रारंभ होकर अम्बिका प्रसाद मेमोरियल स्कूल, दुर्गा मंदिर, पोनी रोड, लकी गारमेंट, गंगाघाट थाना, मिश्रा कॉलोनी, झंडा चौराहा होते हुए कमल ज्वैलर्स, सब्जी मंडी पर विश्राम लेगी। इससे पूर्व दोपहर 1 बजे प्रभु की मूर्तियों का पूजन गोपीनाथ पुरम स्थित राधा कृष्ण मंदिर में होगा। बैठक का संचालन महामंत्री अंजनी कुमार अग्निहोत्री ने किया। बैठक में कमल वर्मा, प्रदीप शुक्ला, मिथलेश बाजपेयी, श्याम नारायण मिश्रा, अनूप मिश्रा, सूर्य कुमार बाजपेई, प्रमोद बाजपेयी, आशुतोष शुक्ला, ओम नारायण मिश्रा, अनुज तिवारी, अरुण शुक्ला, डा. तारकेश्वर पाण्डेय, दीपेन्द्र अवस्थी, निशान्त गुप्ता, सन्तोष कुमार तिवारी सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### स्वास्थ्य मेले में 74 मरीजों का हुआ परीक्षण, दीं दवाइयां



स्वास्थ्य मेले में मरीज का परीक्षण करते डॉक्टर। अमृत विचार

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** रविवार को न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जहां नगर व आस पास रहने वाले मरीज पहुंचे। इस दौरान मेले में मौजूद डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया और उन्हें दवाइयां दी। राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में एलोपैथिक के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया गया। मरीजों को दवा बांटी गई। इसके अलावा डॉ. राजेश चंद्रा, डॉ. अल्तमश खान, होम्योपैथिक डॉ. गौरव, डॉ. अर्चना गुप्ता, विमल किशोर सिंह ने भी मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां बांटी। वहीं अन्य डॉक्टरों ने आये मरीजों का परीक्षण किया। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि पीएचसी में 74 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां बांटी गई। इस मौके पर अवनीश मिश्रा, सिद्धार्थ अवस्थी, अमित कुशवाहा, अभिषेक अवस्थी रहे।

### विद्यालयों के समायोजन पर शिक्षकों ने दर्ज कराई आपत्ति

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग से संचालित परिषदीय विद्यालयों को समायोजित करने की तैयारी शासन की ओर से की जा रही है। इसमें खंड शिक्षाधिकारी को कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों को चिन्हित कर विलय पर मंथन के निर्देश दिए गए हैं। बेसिक शिक्षा विभाग की तरफ से शिक्षक छात्र अनुपात बेहतर करने के लिए कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों के बच्चों को पास के विद्यालयों में शिफ्ट करने के निर्देश जारी किए गए थे। इसे लेकर जिले में कवायद चल रहीं है। विद्यालयों के समायोजन पर शिक्षक संगठनों व ग्रामीणों ने आपत्ति दर्ज कराई है। प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष संजीव संखबार ने कहा कि अनुच्छेद 21 में 6 से 14 वर्ष के बच्चों को मुफ्त व अनिवार्य शिक्षा का अधिकार है। ये समायोजन अधिकारों का हनन है। जिला कोषाध्यक्ष अमित तिवारी ने इस समायोजन अव्यावहारिक बताया। शिक्षकों द्वारा इस विलय के विरुद्ध प्रदेश स्तर पर आंदोलन चलाने का निर्णय लिया गया। शिक्षकों में प्रमुख रूप से संजीव संखबार, प्रदीप वर्मा, अमित तिवारी, शिव वर्मा, संतोषी देवी, देवेंद्र त्रिपाठी, कृपा शंकर, अनूप साहू, अमित नागी, कमलदीप, ममता देवी, राजवीर यादव, राहुल सिंह, नीरज प्रजापति, अमरेंद्र सिंह, ज्ञानेन्द्र कुशवाहा, सपना देवी आदि शिक्षक मौजूद रहे।

### 3 करोड़ की सरकारी जमीन पर हुए कब्जे पर चला बुल्डोजर

**संवाददाता, बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार :** जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी के नेतृत्व में रविवार को नगर के माढ़ापुर मार्ग स्थित राजस्व ग्राम भिखारीपुर क़स्बा की सरकारी जमीन पर तहसील प्रशासन का बुल्डोजर गरजा। तहसील प्रशासन ने करीब तीन करोड़ की सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाया। अपर मुख्य अधिकारी वर्तिका सिंह के अनुसार राजस्व ग्राम भिखारीपुर कस्बा तीन करोड़ की सरकारी जमीन पर अवैध प्लॉटिंग की जा रही थी। रविवार को जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला पंचायत व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने बुल्डोजर से सरकारी जमीन पर किए गए अवैध कब्जे को ढहा दिया। इस कार्यवाही में उपजिलाधिकारी शुभम सिंह, नायब तहसीलदार अशोक शुक्ला, राजस्व निरीक्षक प्रवीण श्रीवास्तव, लेखपाल कुलदीप कुमार व सौरभ सिंह शामिल रहे।

### घरेलू कलह में युवती ने निगला जहरीला पदार्थ, रेफर

**बांगरमऊ, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव मुर्तजापुर निवासी हरिशंकर की 18 वर्षीय बेटी चंचल ने घरेलू कलह के चलते बीती शनिवार देररात घर में रखा जहरीला पदार्थ निगल लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। यह देख परिजन आनन-फानन उसे सीएचसी लाए। जहां चिकित्सक ने हालत गंभीर देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### जूनियर शिक्षक संघ की बैठक आज

**उन्नाव, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ की जनपदीय कार्यकारिणी की बैठक 23 जून को 1 बजे से जिलाध्यक्ष अनुपम मिश्र की अध्यक्षता में शहर के प्रकाश गेस्ट हाउस में आहूत की गई है। जिसमें जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी, मंडल कार्यकारिणी के जनपदीय सदस्य, सभी ब्लॉक अध्यक्ष, मंत्री व कोषाध्यक्ष प्रतिभाग करेंगे। जिला महामंत्री रामजन्म सिंह ने कहा कि बैठक में प्रान्तीय निर्देशों के पालन, पेयरिंग के नाम पर मर्जर के विरुद्ध 27 जून को होने वाले ज्ञापन कार्यक्रम की योजना पर विचार किया जाएगा। इसके अतिरिक्त शिक्षकों की समस्याओं, शिक्षा उन्नयन तथा अधिकतम नामांकन और ठहराव पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

### विश्व संगीत दिवस पर बजा 'मिले सुर मेरा तुम्हारा'




कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार

**उन्नाव, अमृत विचार :** भारतीय संगीत महाविद्यालय आवास विकास कॉलोनी में विश्व संगीत दिवस पर कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसका शुभारंभ संस्था प्रमुख क्षेत्र इब्राहिम ने आए हुए अतिथियों व कलाकारों को बधाई व शुभकामनाएं देकर किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विशेष गीत रचना मिले सुर मेरा तुम्हारा, तो सुर बने हमारा से हुआ। जिसमें निशि, नेहा, मानसी, हिमांशी, जीविका, यशी, अथर्व, अंशिका, आरुषि, सोना व आदित्य ने अपनी आवाज दी। वहीं, वाद्य यंत्र राम कुंडली पर अंश यादव, हुड़का पर दिव्यांशी व अक्षत, ड्रम व स्नेयर पर सिराज अहमद, क्लेरीयोनेट पर देवी प्रसाद, तबला पर कमल गुप्ता ने सहयोग किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से विवेक दुबे, प्रियांशु पांडे, सुषमा, अरुण मिश्रा सम्राट, राजकुमार, रंजना पटेल, दीप्ति, संजीव सिंह आदि ने कलाकारों का उत्साह वर्धन किया।

### आत्मशांति के लिए श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण ही उपाय

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार :** अचलगंज कस्बे में शुरू हुई श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन रविवार को आचार्य ने भागवत की महिमा बताई। उन्होंने जीवन में प्रगति के लिए ईश्वर, गुरु, माता पिता व अपने अधिकारी से निरंतर जुड़े रहने की सीख दी। कथावाचक पंडित राम शरण शास्त्री ने भागवत की महिमा बताते हुए कहा कि एक बार ब्रह्मा ने भगवान विष्णु से पूछा कि आप तो हजारों फन वाले शेषनाग पर लेटकर भी निर्विकार व शांत हैं। देवताओं व मनुष्य को शांत चित्त रहने के लिए क्या उपाय करना चाहिए। तब विष्णु भगवान ने कहा कि संसार में आत्मशांति के लिए श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण ही एक मात्र उपाय है। इस दौरान पुत्तन मिश्रा, ललित मिश्रा, राजेश शुक्ल, शंभू शुक्ल, जयप्रकाश मिश्रा, पुनीता मिश्रा, उमा मिश्रा, मनीषा मिश्रा, गायत्री मिश्रा, डाली, प्रज्ञा मिश्रा, राम बोध शुक्ल व मधुर अवस्थी आदि रहे।

### मेराज ने 217.5 किलो भार उठाकर जिले का नाम किया रोशन

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार :** हिमांचल प्रदेश स्ट्रेंथ लिफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा बीती 13-14 जून को बेंच प्रेस चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता में बांगरमऊ के मेराज खान ने मास्टर वर्ग की 80 किलो की कैटेगिरी में सबसे अधिक 217 .5 किलो भार उठाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि दूसरे स्थान पर हिमांचल प्रदेश के परमवीर सिंह व तीसरे स्थान पर सीतापुर के डॉ. कुलदीप वर्मा रहे। बांगरमऊ के मेराज खान ने प्रथम स्थान पाकर कस्बा ही नहीं बल्कि जिला व प्रदेश का नाम रोशन किया है। उनके शानदार प्रदर्शन के लिए मेराज खान को राष्ट्रीय रेफरी इंद्रभान ने सम्मानित किया गया। उत्तर प्रदेश की सेक्रेटरी पूनम तिवारी, उपाध्यक्ष डॉ. राजधर मिश्रा, राष्ट्रीय रेफरी राकेश तिवारी, रमाकांत मिश्रा, प्रेसिडेंट दारुण सिंह, जनरल सेक्रेटरी बबलू विकास रहे।

### पुलिस ने विवाद के चलते अलग रह रहे 41 जोड़ों को मिलाया

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार :** एसपी दीपक भूकर के निर्देश पर जिले के सभी थानों में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया। परिवार परामर्शदाताओं व महिला हेल्पडेस्क की टीम ने उनकी काउंसिलिंग कर उनके विवाद खत्म कराए और खुशी-खुशी उनके घर भेजा। इसके बाद परिवार परामर्श केंद्र से 17, महिला थाना से 7, थाना औरास व हसनगंज से 3-3, सोहरामऊ, बारासगवर, बांगरमऊ, अचलगंज से 2-2, कोतवाली सदर, आसीवन व थाना से 1-1 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। इस में शिल्पी श्रीवास्तव परिवार परामर्श केंद्र समिति प्रभारी व सलाहकार डॉ. अवसार अली, डॉ. सगीर अहमद, अबरार हुसैन, संजय चौरसिया, डॉ. एसके पाण्डेय, डॉ. मनीष सिंह सेंगर, डॉ. शशिरंजन अग्निहोत्री, सबीहा उमर व सहयोगियों में शिवेन्द्र चौहान व पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक परिवार परामर्श केंद्र संतोष कुमारी सिंह, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना रेखा सिंह, महिला दरोगा मिथिलेश कुमारी, महिला सिपाही दीपा, प्राची चौहान, श्वेता, लक्ष्मी वर्मा आदि रहीं।

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ में नक्सलियों ने की दो ग्रामीणों की हत्या

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों ने दो ग्रामीणों की हत्या कर दी। पुलिस ने रविवार को बताया कि उसे सूचना मिली कि पामेड थाना क्षेत्र के सेंड्राबोर और आमपुर गांवों में नक्सलियों ने दो निर्दोष ग्रामीणों की हत्या कर दी। पुलिस घटना की पुष्टि कर रही है। यह घटना केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के छत्तीसगढ़ दौरे से पहले हुई है। बीजापुर जिले के पेद्दाकोरमा बीजापुर गांव में 17 जून को नक्सलियों ने 13 वर्षीय लड़के सहित तीन ग्रामीणों की रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी थी।

### खालिस्तानियों के सहयोगी के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल

**नई दिल्ली।** एनआईए ने पंजाब आतंकी साजिश में बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के आतंकी लखबीर सिंह उर्फ लांडा और गैंगस्टर पवित्र बटाला के प्रमुख सहयोगी जतिंदर सिंह उर्फ जोती के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि शुक्रवार को मोहाली में विशेष एनआईए अदालत के समक्ष आरोपपत्र दाखिल किया गया। पंजाब के गुरदासपुर जिले के जतिंदर सिंह को एनआईए ने पिछले साल 23 दिसंबर को मुंबई से गिरफ्तार किया था।

### कुपवाड़ा में दिल का दौरा पड़ने से डीएसपी की मौत

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के युवा पुलिस अधिकारी की रविवार को दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) आमिर अमीन भट को कुपवाड़ा जिले के लंगेट इलाके के उजरू स्थित उनके घर में दिल का दौरा पड़ा। भट (30) को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन मौत हो चुकी थी। भट ने 2024 में जम्मू-कश्मीर प्रशासनिक सेवा परीक्षा उत्तीर्ण की थी।

# मानसून में भी चलेगा नक्सल विरोधी अभियान

## शाह ने छत्तीसगढ़ में एनएफएसयू परिसर और केंद्रीय न्यायालयिक प्रयोगशाला की रखी आधारशिला

रायपुर, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को दोहराया कि देश को मार्च 2026 तक नक्सलवाद से मुक्ति मिल जाएगी, और इसको खत्म करने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए मानसून में भी नक्सल विरोधी अभियान जारी रखा जाएगा। शाह ने नक्सलियों से हिंसा छोड़ने और मुख्यधारा में शामिल होने का अनुरोध करते हुए कहा कि बातचीत की कोई जरूरत नहीं है, बस हथियार छोड़ दें, विकास की यात्रा में शामिल हों और आकर्षक आत्मसमर्पण नीति का लाभ उठाएं।

गृह मंत्री छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर अटल नगर में राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू) परिसर और केंद्रीय न्यायालयिक प्रयोगशाला की आधारशिला के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। शाह ने कहा कि डेढ़ वर्ष में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ ने तेजी से प्रगति की है, लेकिन साय की सरकार और छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री विजय शर्मा की उपलब्धि यह है कि उन्होंने रुके हुए नक्सल विरोधी अभियान को तेज गति से शुरू किया है और छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त बनाने की दिशा में आगे बढ़े हैं। उन्होंने सुरक्षा बलों का मनोबल बढ़ाने और नक्सल विरोधी अभियान तेज करने के लिए साय और शर्मा को धन्यवाद दिया। शाह ने कहा, मैंने पहले भी नवा रायपुर के अटल नगर में कहा था कि यह देश 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा। शाह ने कहा, हर बार बारिश के मौसम में नक्सली थोड़ा आराम करते थे (क्योंकि घने जंगल के अंदर उफनती नदियां और नाले नक्सल विरोधी अभियानों में बाधा डालते हैं), लेकिन इस बार, हम उन्हें मानसून के दौरान सोने नहीं देंगे और हम 31 मार्च के लक्ष्य को हासिल करने के लिए और आगे बढ़ेंगे।



नवा रायपुर में कई राज्यों के डीजीपी/एडीजीपी और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और विष्णु देव साय। एजेंसी

### बातचीत की जरूरत नहीं हथियार डालें: गृहमंत्री शाह

शाह ने कहा कि नक्सलवाद की राह पर चले गए युवाओं से हथियार छोड़ने की अपील करना चाहते हैं। विष्णु देव साय ने आकर्षक आत्मसमर्पण नीति बनाई है, हथियार डालें और छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा में शामिल हो जाए। शाह ने कहा कि बातचीत की जरूरत नहीं है, हथियार डाल दीजिए और मुख्यधारा में शामिल हो जाइए और आप अपने आप छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा में शामिल हो जाएंगे। जिन लोगों ने हथियार डाले हैं उनका भी मैं सामाजिक जीवन में वापस आने पर स्वागत करता हूं और विश्वास दिलाता हूं कि छत्तीसगढ़ की सरकार और केंद्र की सरकार ने जो वादा आपके साथ किया है उस वादे को हम पूरा करेंगे और उससे अधिक भी आपकी सहायता करने का प्रयास करेंगे।

# दलित किशोरी से दो साल तक सामूहिक दुष्कर्म, 13 पकड़े गए

अमरावती (आंध्र प्रदेश), एजेंसी

- आंध्र प्रदेश की 15 वर्षीय किशोरी के गर्भवती होने पर मामला आया सामने

आंध्र प्रदेश के श्री सत्य साई जिले में 15 वर्षीय दलित लड़की से दो साल तक कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह घटना नौ जून को तब प्रकाश में आई जब पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई। दुष्कर्म की घटना से पीड़िता गर्भवती हो गई है।

पुलिस के अनुसार मामले में अचंपल्ली वर्धन (21), तलारी मुरली (25), बदागोरला नंदवर्धन राज (23), अरेंचेरू नागराजू (51), बोया संजीव (40) और बुदिदा राजन्ना (49) को नौ जून को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद 10 जून को 7 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि मुख्य आरोपी अब भी फरार है। श्री सत्य साई जिले की पुलिस अधीक्षक (एसपी) वी रत्ना ने कहा, इस जघन्य अपराध के आरोपियों की पहचान कर ली गई है, उनका पता लगाया गया और धर्मावरम उपखंड क्षेत्र की विशेष टीम द्वारा उन्हें गिरफ्तार किया गया। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि अपराधियों द्वारा पीड़िता को उसकी कुछ आपत्तिजनक तस्वीरों और वीडियो के जरिए कथित तौर पर ब्लैकमेल किया गया।

पीड़िता आठ माह की गर्भवती है और वर्तमान में अनंतपुर जिले के एक सरकारी अस्पताल में उसका उपचार किया जा रहा है। चिकित्सक और जिला अधिकारियों ने पीड़िता की गर्भावस्था को देखते हुए गर्भपात न कराने का फैसला किया है। पुलिस प्रसव के बाद लड़की को सुरक्षित स्थान पर ले जाने के लिए बाल कल्याण समिति के साथ समन्वय कर रही है। अजन्मे शिशु के डीएनए परीक्षण के लिए अनुमति मांगी गई है क्योंकि यह कानूनी कार्यवाही के लिए महत्वपूर्ण होगा। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए कुछ लोगों का आपराधिक रिकॉर्ड है।

# बिहार चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग मतदाता सूची में संशोधन के दौरान घर-घर जाकर करेगा सत्यापन

नई दिल्ली, एजेंसी

- राजनीतिक दलों की चिंता और विरोध को देखते हुए भारत निर्वाचन आयोग उठाएगा कदम

बिहार में मतदाता सूची में अधिक सटीकता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग राज्य में मतदाता सूची के पुनरीक्षण के दौरान घर-घर जाकर गहन सत्यापन करने पर विचार कर रहा है। प्रदेश में इस वर्ष के अंत में विधानसभा के चुनाव होने हैं। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी।

नागरिक संस्थाओं, राजनीतिक दलों और अन्य लोगों द्वारा मतदाता सूची में नाम शामिल करने या हटाने पर चिंता के साथ विरोध किया जा रहा है। कांग्रेस समेत कई दलों ने आयोग पर भाजपा की मदद करने के लिए आंकड़ों में हेराफेरी करने का आरोप लगाया है। अधिकारियों ने अफसोस जताया कि विस्तृत प्रोटोकॉल के बावजूद आयोग पर मतदाता सूची में नाम बढ़ाने के लिए आरोप लगाए जाते हैं, जबकि यह प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ और राजनीतिक दलों की निगरानी के तहत की जाती है। निर्वाचन आयोग बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची की जांच करते समय हर घर जाकर पूरी सावधानी से सत्यापन करना चाहता है। उन्होंने बताया कि इसका मकसद यह है कि मतदाता सूची में कोई गलती न रह जाए और यह पूरी तरह सही हो। उन्होंने बताया कि मतदाता सूचियों का ऐसा गहन और कठोर संशोधन पहले भी किया जा चुका है और आखिरी बार 2004 में ऐसा किया गया था।

# आतंकियों को पनाह देने के आरोप में दो गिरफ्तार

पहलगाम हमला

**श्रीनगर।** एनआईए ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए पहलगाम हमले को अंजाम देने वाले आतंकियों को पनाह देने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एनआईए के अनुसार, बटकोट के परवेज अहमद जोथर और पहलगाम के हिल पार्क के बशीर अहमद जोथर ने हमले में संलिप्त तीन आतंकियों की पहचान का खुलासा किया है। एनआईए ने कहा कि उन्होंने यह पुष्टि की कि हमलावर प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े पाकिस्तानी नागरिक हैं। परवेज और बशीर ने हमले से पहले तीन आतंकियों को हिल पार्क में ढोक (झोपड़ी) में पनाह दी थी।

## घाटी में घुड़सवारी का रोमांच



पहलगाम आतंकी हमले के बाद घाटी में फिर से चहल पहल बढ़ने लगी है, लोग जम्मू-कश्मीर के गंदेरबल जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सोनमर्ग में घुड़सवारी का आनंद लेते हुए नजर आए। एजेंसी

# सबूत छिपाने में संपत्ति कारोबारी गिरफ्तार

इंदौर/अशोकनगर, एजेंसी

राजा रघुवंशी हत्याकांड



- पुलिस ने एक सुरक्षा गार्ड को भी पकड़ा, दोनों पर आरोपी सोनम के बैग गायब करने का आरोप

राजा रघुवंशी हत्याकांड के सबूत छिपाने के आरोप में मेघालय पुलिस ने मध्यप्रदेश के अलग-अलग इलाकों से संपत्ति कारोबारी और सुरक्षा गार्ड को गिरफ्तार किया है। स्थानीय पुलिस अधिकारी ने रविवार को बताया कि दोनों की गिरफ्तारी के बाद राजा हत्याकांड में गिरफ्तार आरोपियों की संख्या बढ़कर सात हो गई है।

इंदौर के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश दंडोतिया ने बताया, मामले के सबूत छिपाने के मामले में मेघालय पुलिस के विशेष जांच दल (एसआईटी) ने इंदौर के रियल एस्टेट कारोबारी शिलोम जेम्स और शहर की एक इमारत के सुरक्षा गार्ड बलबीर अहिरवार उर्फ बल्ला को गिरफ्तार किया है। जेम्स और अहिरवार पर हत्याकांड की मुख्य आरोपी सोनम का वह बैग गायब करने का आरोप है जो उसने इस वारदात के बाद इंदौर के देवास नाका क्षेत्र के फ्लैट में छिपाया था। इस बैग में अहम सबूत थे। मीडिया की खबरों के अनुसार बैग में पांच लाख नकद और महंगे आभूषणों के साथ देशी तमंचा भी था। पुलिस ने फिलहाल बैग में रखे सामान का विवरण नहीं दिया है। सूत्रों ने बताया कि यह बैग शहर के जिस फ्लैट में था उसे जेम्स ने हत्याकांड के पांच गिरफ्तार आरोपियों में शामिल विशाल चौहान को किराये पर दिलाया था। जेम्स ने 13 जून को खुद यह दावा किया था कि चौहान ने 30 मई को उससे मुलाकात करके देवास नाका क्षेत्र में 17,000 रुपये प्रति माह पर फ्लैट किराए पर लिया था और चौहान ने इसके लिए अनुबंध पर दस्तखत भी किए थे।

# पंजाब : सैन्यकर्मी समेत दो लोग जासूसी के आरोप में गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) से जुड़ी जासूसी गतिविधियों में संलिप्तता के लिए जम्मू में तैनात सैन्यकर्मी और उसके सहयोगी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि एक आरोपी अमृतसर के धारीवाल निवासी गुरप्रीत सिंह है, जो जम्मू में सेना में कार्यरत है। फौजी का सहयोगी साहिल मसीह है, जो धारीवाल का निवासी है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि सिंह आईएसआई के सीधे संपर्क में था और उस पर पेन ड्राइव के माध्यम से गोपनीय जानकारी साझा करने का संदेह है। पुलिस प्रमुख ने बताया कि खुफिया जानकारी पर चलाये अभियान में पुलिस ने गुरप्रीत और मसीह को उस समय गिरफ्तार किया, जब वे संवेदनशील जानकारी को फिर से सौंपने का प्रयास कर रहे थे। मामले में शामिल आईएसआई के आका की पहचान राणा जावेद के रूप में हुई है।

# न्यायाधीशों के लिए आचार संहिता पर होगी चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

- हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग लाने की तैयारी में संसदीय समिति

संसद की एक समिति उच्च न्यायपालिका में न्यायाधीशों के लिए आचार संहिता पर चर्चा करने को तैयार है। साथ ही सरकार दिल्ली हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने की तैयारी में है। न्यायमूर्ति वर्मा राष्ट्रीय राजधानी स्थित अपने आवास से बेहिसाबी नकदी की बरामदगी के कारण जांच के घेरे में हैं।

संसद की कार्मिक, लोक शिकायत, विधि एवं न्याय संबंधी स्थायी समिति मंगलवार को होने वाली बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा करेगी तथा न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति के बाद की नियुक्तियों पर भी विचार-विमर्श करेगी। समिति सचिवालय द्वारा भेजे गए एक नोटिस में समिति के सदस्यों को अवगत कराया गया, समिति उच्च न्यायपालिका के न्यायाधीशों के लिए आचार संहिता और सेवानिवृत्ति के बाद न्यायाधीशों के पद ग्रहण करने के मुद्दों से संबंधित 'न्यायिक प्रक्रियाएं और उनके सुधार' विषय पर न्याय विभाग के सचिव से बात करेगी। राज्यसभा की इस समिति के अध्यक्ष भाजपा सांसद बृजलाल हैं और इसमें भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई (जो एक मनोनीत सांसद हैं), पूर्व कानून राज्य मंत्री पी पी चौधरी, तृणमूल कांग्रेस सांसद सुखेंदु शेखर राय और कल्याण बनर्जी, कांग्रेस के विवेक तन्खा और द्रमुक के पी विल्सन तथा ए राजा इसके प्रमुख सदस्य हैं। जहां न्यायमूर्ति वर्मा पर महाभियोग चलाए जाने की संभावना है, वहीं विपक्ष इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति शेखर यादव के खिलाफ भी इसी तरह की कार्रवाई के लिए पहले ही नोटिस दे चुका है। नकदी बरामद होने के बाद न्यायमूर्ति वर्मा को उनकी मूल अदालत इलाहाबाद उच्च न्यायालय में वापस भेज दिया गया। उन्होंने अपने खिलाफ लगे आरोपों से इनकार किया है।

राज्यसभा सचिवालय उन सांसदों के हस्ताक्षरों का भी सत्यापन कर रहा है, जिन्होंने न्यायमूर्ति यादव के खिलाफ कथित नफरती भाषण को लेकर महाभियोग नोटिस पर हस्ताक्षर किए थे। सचिवालय पहले ही सांसदों को उनके हस्ताक्षरों की पुष्टि के लिए पत्र लिख चुका है।

## कारोबार/कृषि

# कच्चे तेल की दर तय करेगी बाजार की चाल

## इजराइल-ईरान संघर्ष से वैश्विक आपूर्ति पर प्रभाव पड़ने की आशंका बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी



- वैश्विक रुख और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से भी बाजार होगा प्रभावित

शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह इजराइल-ईरान संघर्ष और इसके वैश्विक आपूर्ति पर पड़ने वाले प्रभाव से तय होगी। वहीं, कच्चे तेल की कीमतों पर भी सभी की निगाह रहेगी।

विश्लेषकों का कहना है कि वैश्विक रुख और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों से भी बाजार की धारणा प्रभावित होगी। एक विशेषज्ञ ने कहा कि बीते सप्ताह पश्चिम एशिया के संघर्ष और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल को नजरअंदाज करते हुए स्थानीय शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष-शोध अजित मिश्रा ने कहा, इस सप्ताह वैश्विक संकेतक बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेंगे। इसमें ईरान और इजराइल के बीच भू-राजनीतिक तनाव, अमेरिकी आर्थिक आंकड़े और फेडरल रिजर्व के अधिकारियों की टिप्पणियों पर सभी की निगाह रहेगी। घरेलू स्तर पर निवेशक मानसून की प्रगति, मासिक अनुबंधों के निपटान से संबंधित अस्थिरता, कच्चे तेल की कीमतों और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की गतिविधियों पर नजर रखेंगे।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, निवेशक अमेरिका के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर और पीसीई (व्यक्तिगत उपभोग खर्च) के आंकड़ों पर भी नजर रखेंगे। उनकी निगाह भारत के खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) पर भी रहेगी।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के प्रमुख-शोध, संपदा प्रबंधन सिद्धार्थ खेमका ने कहा, आगे की ओर देखें तो वैश्विक संकेतकों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। निवेशक अमेरिका के विनिर्माण और सेवा पीएमआई आंकड़ों के अलावा भू-राजनीतिक मोर्चे पर नजर रखेंगे। एफपीआई की गतिविधियों पर वॉटरफील्ड एडवाइजर्स के वरिष्ठ निदेशक विपुल भोवार ने कहा, अप्रैल में विदेशी निवेश की प्रवृत्ति में उलटफेर हुआ तथा मई में मजबूती आई। मई में निवेश सबसे अधिक रहा, जो भारतीय बाजारों में विदेशी निवेशकों की बढ़ती रुचि को दर्शाता है।

### शीर्ष छह कंपनियों की पूंजी 1.62 लाख करोड़ बढ़ी

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से 6 की पूंजी (मार्केट कैप) पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 1,62,288.06 करोड़ रुपये बढ़ी है। सबसे अधिक लाभ में भारती एयरटेल और रिलायंस इंडस्ट्रीज रहीं। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,289.57 अंक या 1.58 प्रतिशत चढ़ गया। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण बढ़ गया। वहीं टीसीएस, एलआईसी, बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत घट गई।

# दो खदान से इस वर्ष उत्पादन शुरू करेगा कोल इंडिया

**रांची।** कोल इंडिया लि. (सीआईएल) की सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) ने चालू वित्त वर्ष में दो नई कोयला खदानों से उत्पादन शुरू करने की योजना बनाई है। इससे कंपनी की उत्पादन क्षमता में सालाना 1.2 करोड़ टन की बढ़ोतरी होगी। सीसीएल का लक्ष्य चालू वित्त वर्ष में 11 करोड़ टन और 2030 तक 15 करोड़ टन उत्पादन को पार करना है। सीसीएल के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक नीलेन्दु सिंह ने कहा, इस साल दो नई खदानें खोलने की योजना है। अक्टूबर तक 50 लाख टन की क्षमता वाले कोटरे बसंतपुर ब्लॉक (कोकिंग कोयला खान) में उत्पादन शुरू करने की है। वहीं 1.5 करोड़ टन सालाना क्षमता की खुली चंद्रगुप्त खान परियोजना (गैर-कोकिंग कोयला) में उत्पादन मार्च, 2026 तक शुरू होने की उम्मीद है। कंपनी ने 2024-25 में 8.75 करोड़ टन कोयले का उत्पादन किया।

# रेटेड डिबेंचर : उच्च रेटिंग अधिक सुरक्षित



रेटेड डिबेंचर ऐसे ऋण उपकरण होते हैं जिन्हें क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों द्वारा रेटिंग दी जाती है, जैसे- क्रिसिल, आईसीआरए, केयर आदि। ये रेटिंग इस बात का संकेत देती है कि कंपनी डिबेंचर पर समय पर ब्याज और मूलधन चुकाने में कितनी सक्षम है। उच्च रेटिंग (जैसे एएए) वाले डिबेंचर अपेक्षाकृत सुरक्षित माने जाते हैं, जबकि कम रेटिंग वाले डिबेंचर जोखिम भरे होते हैं, लेकिन उच्च रिटर्न का वादा कर सकते हैं। निवेशकों को रेटिंग देखकर यह तय करने में सुविधा होती है कि निवेश कितना सुरक्षित है। यह उन लोगों के लिए अच्छा विकल्प हो सकता है जो निश्चित रिटर्न चाहते हैं परंतु जोखिम के स्तर को भी समझना जरूरी है।

### रेटेड डिबेंचर का अर्थ

- रेटेड डिबेंचर एक प्रकार का फिक्स्ड-इनकम निवेश उपकरण है जिसे रेटिंग एजेंसियों द्वारा मूल्यांकन किया जाता है। रेटिंग यह बताती है कि कंपनी अपनी वित्तीय प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में कितनी सक्षम है।

### निवेशकों को लाभ

- **सुरक्षा का संकेत:** रेटिंग से निवेशकों को यह पता चलता है कि डिबेंचर निवेश करने के लिए कितना सुरक्षित है।
- **निश्चित रिटर्न:** ये निश्चित ब्याज दर पर नियमित आय प्रदान करते हैं।
- **डायवर्सिफिकेशन:** पोर्टफोलियो में विविधता लाने में मदद करते हैं।
- **कम जोखिम:** एएए या एए रेटेड डिबेंचर अपेक्षाकृत सुरक्षित होते हैं।

### संभावित जोखिम

- **क्रेडिट रिस्क:** यदि रेटिंग कम हो जाती है या कंपनी दिवालिया हो जाती है तो निवेशक को नुकसान हो सकता है।
- **ब्याज दर जोखिम:** बाजार में ब्याज दर बढ़ने पर पुराने डिबेंचर का मूल्य घट सकता है।
- **तरलता की कमी:** कई बार डिबेंचर बाजार में आसानी से बेचे नहीं जा सकते।

### अन्य महत्वपूर्ण बातें

- निवेश से पहले रेटिंग की वैधता और कंपनी की वित्तीय स्थिति की जांच करनी चाहिए।
- लंबी अवधि के लिए निवेश करने वाले और निश्चित आय चाहने वालों के लिए यह उपयुक्त हो सकता है।
- कर लाभ की उपलब्धता कुछ मामलों में मिल सकती है, लेकिन यह निर्भर करता है कि डिबेंचर किस प्रकार का है।

# भारत ने रूस से कच्चे तेल का आयात बढ़ाया

नई दिल्ली, एजेंसी

ईरान-इजराइल युद्ध



- सऊदी अरब व इराक से अधिक रूस से जून में खरीदा गया तेल

इजराइल-ईरान युद्ध के बाद बाजार में आए उतार-चढ़ाव के बीच भारत ने जून में रूस से कच्चे तेल की खरीद बढ़ा दी है। भारत की जून में रूस से तेल खरीद पश्चिम एशिया के आपूर्तिकर्ताओं... सऊदी अरब और इराक से आयातित मात्रा से अधिक रही है।

अमेरिकी सेना ने रविवार सुबह ईरान में तीन स्थलों पर हमला किया। वह इस युद्ध में सीधे इजराइल के साथ है। इजराइल ने 13 जून को ईरानी परमाणु केंद्रों पर हमला किया था। वैश्विक व्यापार विश्लेषक कंपनी केपलर के आंकड़ों से पता चलता है कि भारतीय रिफाइनरी कंपनियां जून में रूस से प्रतिदिन 20 से 22 लाख बैरल कच्चा तेल खरीद रही हैं। यह दो साल का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। साथ ही यह इराक, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और कुवैत से खरीदी गई कुल मात्रा से अधिक है।

### 51 लाख बैरल कच्चा तेल विदेश से खरीदता है भारत

मई में रूस से भारत का तेल आयात 19.6 लाख बैरल प्रतिदिन (बीपीडी) था। जून में अमेरिका से भी आयात बढ़कर 4,39,000 बीपीडी हो गया। पिछले महीने यह आंकड़ा 2,80,000 बीपीडी था। केपलर के अनुसार, पश्चिम एशिया से आयात के लिए पूरे महीने का अनुमान 20 लाख बैरल प्रतिदिन है, । भारत विदेश से 51 लाख बैरल कच्चा तेल खरीदता है। यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद भारत ने रूस से कच्चे तेल का आयात करना शुरू कर दिया था। इसका कारण था कि यूरोपीय देशों के परहेज पर रूसी तेल अंतर्राष्ट्रीय बेंचमार्क की तुलना में सस्ते दाम पर उपलब्ध था।

# 11 साल में कॉफी निर्यात 125% बढ़कर 1.8 अरब डॉलर पहुंचा

बेंगलुरु, एजेंसी

- देश के कॉफी निर्यात के लिए यूरोप शीर्ष स्थान बना

भारतीय कॉफी बोर्ड द्वारा उठाए गए कई कदमों से 11 वर्षों में देश का कॉफी निर्यात 125 प्रतिशत बढ़कर 1.8 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। केंद्र सरकार के अनुसार, 2014-15 में निर्यात 80 करोड़ डॉलर से अधिक था। यह 2023-24 में 1.28 अरब डॉलर और 2022-23 में 1.14 अरब डॉलर था।

देश के कॉफी निर्यात के लिए यूरोप शीर्ष प्रमुख स्थान बना है। भारत से कॉफ़ी आयात करने वाले प्रमुख देशों में इटली, जर्मनी, बेल्जियम, पश्चिम एशिया के देश, दक्षिण कोरिया और जापान हैं। निर्यात को बढ़ाने के लिए भारतीय कॉफी बोर्ड द्वारा की गई प्रमुख पहल में पंजीकरण-सह-सदस्यता प्रमाणपत्र (आरसीएमसी), निर्यात परमिट, उत्पत्ति प्रमाणपत्र को डिजिटल हस्ताक्षर के साथ ऑनलाइन जारी करना, बाधाओं पर चर्चा करने और उन मुद्दों को हल करने के लिए निर्यातकों के साथ नियमित बातचीत, तथा नियमित रूप से वैश्विक बाजार की जानकारी और बाजार आसूचना प्रदान करना शामिल है।

# ईरान और इजराइल में युद्ध बढ़ने से प. एशिया के साथ भारत का व्यापार भी होगा प्रभावित

नई दिल्ली, एजेंसी



- युद्ध ने ईरान-इजरायल को होने वाले भारतीय निर्यात को पहले ही कर दिया है प्रभावित

ईरान-इजराइल में युद्ध बढ़ने से इराक, जॉर्डन, लेबनान, सीरिया और यमन सहित प. एशियाई देशों के साथ भारत के व्यापार पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा। विशेषज्ञों ने कहा कि युद्ध ने पहले ही ईरान और इजराइल को भारत के निर्यात को प्रभावित करना शुरू कर दिया है।

अमेरिका ने ईरान के तीन स्थलों पर हमला किया, जिससे वह इजराइल के युद्ध में शामिल हो गया। उसका उद्देश्य ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नष्ट करना है, ताकि पुराने दुश्मन को कमजोर कर सके, जिससे व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष की आशंका पैदा हो गई है, क्योंकि ईरान ने अमेरिका पर खतरनाक युद्ध शुरू करने का आरोप लगाया है। मुंबई स्थित निर्यातक और टेक्नोक्राफ्ट इंडस्ट्रीज इंडिया के चेयरमैन शरद सराफ ने कहा, इस युद्ध से अब हम बड़ी मुसीबत में फंस गए हैं। इसका प. एशियाई देशों के साथ भारत के व्यापार पर व्यापक असर पड़ेगा। उनकी कंपनी भी इन दोनों देशों को भेजी जाने वाली खेप रोक रही है। अन्य निर्यातक ने कहा कि भारतीय समुदाय पहले से ही इजराइल-हमास संघर्ष और लाल सागर में माल ढुलाई जहाजों पर यमन समर्थित हूतियों के हमले से जूझ रहा है। भारत से माल ढुलाई लाइन अफ्रीकी महाद्वीप को घेरने वाले केप ऑफ गुड होप से खेप ले रही हैं। ईरान-इजराइल युद्ध व व्यापारिक मार्ग- होर्मुज जलडमरूमध्य प्रभावित हो रहा है।

# अनोखा है पंत, उसे वैसा ही रहने दें

लीड्स, एजेंसी

- इंग्लैंड के खिलाफ शतक लगाने के बाद गुलाटी मारते ऋषभ पंत का वीडियो वायरल होने पर बोले पूर्व क्रिकेटर



इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में शतक बनाने के बाद मैदान पर गुलाटी लगाते हुए ऋषभ पंत का वीडियो वायरल होने के बाद पूर्व क्रिकेटरों ने कहा कि यह उनका अनोखा स्टाइल है। पंत ने 178 गेंदों में 134 रन बनाए, जो उनका सातवां टेस्ट शतक है।

भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने कहा कि पंत शायद बहुत कम उम्र से ही जिम्नास्टिक कर रहे हैं। क्रिकेटर से कमेंटेटर बने शास्त्री ने कहा इसमें कुछ गलत नहीं है। वह ऐसा ही है और उसे ऐसा ही रहने दें। वह अलग है। बहुत कम उम्र से ही उसने काफी जिम्नास्टिक किया है। उन्होंने बीसीसीआई द्वारा डाले गए एक वीडियो में मजाकिया लहजे में कहा अगर मैंने भी कोशिश की होता तो शायद सीधे पूल में जाता। पंत 2022 में भयानक कार दुर्घटना का शिकार हो गए थे, जिससे उन्हें गंभीर चोट लगी थी। इसके बाद क्रिकेट के मैदान पर उनकी सफल वापसी उनके जीवट की बानगी देती है। सर्जरी के बाद इस तरह से गुलाटी लगाना हैरान करने वाला है। भारत के बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने कहा ऋषभ तो ऋषभ है। हमेशा कुछ अलग करता है। वह बहुत अच्छे से यह करता है । किसी ने सोचा नहीं था कि वह ऐसा करेगा। मैंने कभी कोशिश नहीं की। पूर्व क्रिकेटर दिनेश कार्तिक ने कहा मैं ऐसा कुछ नहीं कर सकता और न ही उसकी तरह बल्लेबाजी कर सकता हूं। दोनों मोर्चों पर (विकेटकीपिंग और बल्लेबाजी) वह अपेक्षाओं से परे प्रदर्शन करता है।

### ऋषभ ने अपने डिफेंस पर काम किया : कोच देवेंद्र

**नई दिल्ली :** ऑस्ट्रेलिया दौरे में खराब शॉट खेल कर अपना विकेट गंवाने वाले ऋषभ पंत ने इसके बाद अपनी रक्षात्मक तकनीक पर जमकर काम किया। इसका परिणाम यह रहा कि वह इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स में चल रहे पहले टेस्ट मैच में ही शतक जड़ने में सफल रहे। यह खुलासा उनके बचपन के कोच देवेंद्र शर्मा ने किया। शर्मा ने पीटीआई वीडियो से कहा ऑस्ट्रेलिया में असफल होने के बाद उन्होंने अपनी रक्षात्मक तकनीक में काफी बदलाव किए और अपने स्ट्रोक पर लगाम कसी जो आपने इस मैच में भी देखा होगा। पंत मैच विजेता हैं। इंग्लैंड जाने से पहले हमने उनके डिफेंस पर चर्चा की थी, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया दौरा अच्छा नहीं रहा था।

# बुमराह का सामना करना बहुत मुश्किल

लीड्स, एजेंसी

- इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट ने बुमराह को बताया दुनिया का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज





इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट का मानना है कि जसप्रीत बुमराह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं। लाइट चालू होने पर जब वह दोनों तरफ से गेंद को स्विंग कराते हैं तो उनका सामना करना बेहद मुश्किल होता है।

बुमराह ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन 48 रन देकर तीन विकेट लिए, जिसमें जो रूट का विकेट शामिल है। भारत के पहली पारी के 471 रनों के जवाब में इंग्लैंड ने दूसरे दिन तीन विकेट पर 209 रन बना लिए थे। तीसरे नंबर पर उतरे ओली पोप नाबाद 100 रन बनाकर किला संभाले हुए थे। डकेट ने दूसरे दिन के खेल के बाद कहा वह (बुमराह) दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं। उनका सामना करना बेहद मुश्किल है, वह किसी भी परिस्थिति में अच्छे हैं और लाइट चालू होने पर दोनों तरफ स्विंग करते हुए आते हैं तो उन्हें खेलना मुश्किल होता है।

उन्होंने कहा बिना किसी संकेत के तीन या चार अलग-अलग गेंदें फेंकने की उनकी क्षमता कमाल की है। आपको तब तक पता नहीं चलता कि वह बाउंसर, या धीमी गेंद, यॉर्कर, बाहर की ओर जाती स्विंगर या इनस्विंगर डाल रहे हैं, जब तक कि गेंद उनके हाथ से न निकल जाए। आपको उनके साथ गेंद को इतनी बारीकी से देखना पड़ता है कि उन्हें समझना बहुत मुश्किल हो जाता है। पोप की शतकीय पारी के बारे में उन्होंने कहा वह (पोप) मैदान पर आते समय बहुत शांत था। मुझे नहीं पता कि उसके दिमाग में क्या था , लेकिन वह अपने खेलने के तरीके पर कायम रहा। डकेट ने कहा इससे बेहतर कोई अहसास नहीं है कि पहले ओवर में आने के बाद उस आक्रमण के खिलाफ़ शतक बनाना। आप इसे उसके जश्न मनाने के तरीके में देख सकते हैं, और यह सिर्फ़ उसके लिए ही नहीं, बल्कि ड्रेसिंग रूम में भी बहुत मायने रखता था। मेरे रोंगटे खड़े हो गए थे। पिछले महीने जिम्बाब्वे के खिलाफ़ एकमात्र टेस्ट में 171 रन बनाने के बावजूद पोप की टीम में जगह को लेकर अटकलें लगाई जा रही थीं, लेकिन दबाव में और तेज़ गेंदबाज़ बुमराह के खिलाफ़ शतक ने कम से कम कुछ समय के लिए आलोचकों को शांत कर दिया। डकेट ने कहा हम ड्रेसिंग रूम में चीजों को रखने में बहुत अच्छे हैं, लेकिन जाहिर है कि आप इसके बाहर से शोर सुन सकते हैं।

## एक नजर




चेक गणराज्य की मार्केटा वोंद्रोसोवा ने बर्लिन में ग्रास कोर्ट चैंपियनशिप के महिला एकल फाइनल में चीन की वांग झिन्यू को हराकर ट्रॉफी जीती। • एजेंसी

### अलकाराज और लेहेका के बीच होगा क्वींस क्लब में फाइनल मुकाबला

**लंदन :** स्पेन के स्टार कार्लोस अलकाराज और चेक गणराज्य के जिरी लेहेका के बीच एटीपी 500 क्वींस क्लब चैंपियनशिप में पुरुष एकल फाइनल का मुकाबला खेला जायेगा। अलकाराज शनिवार को खेले गये सेमीफाइनल मुकाबले में हमवतन रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुत को 6-4, 6-4 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। एक अन्य मुकाबले में 23 वर्षीय जिरी लेहेक्का ने दूसरे सेमीफाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए जैक ड्रेपर को हराया। घरेलू प्रशंसकों को उम्मीद थी कि अल्काराज और जैक ड्रेपर के बीच फाइनल मुकाबला होगा, लेकिन लेहेक्का ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरे वरीय खिलाड़ी को 6-4, 4-6, 7-5 से हराकर नई पटकथा लिख दी।

### भारत और किर्गिस्तान के बीच अंडर 23 दोस्ताना मैच गोलरहित ड्रॉ

**नई दिल्ली :** भारत की अंडर 23 फुटबॉल टीम ने ताजिकिस्तान के हिसोर में दूसरे दोस्ताना अंतरराष्ट्रीय मैच में किर्गिस्तान के साथ गोलरहित ड्रॉ खेला। इस साल के आखिर में होने वाले एएफसी अंडर 236 एशियाई कप क्वालीफायर और 2026 एशियाई खेलों की तैयारी के लिये भारतीय टीम दो मैत्री मैच खेलने ताजिकिस्तान गई है । पहले मैच में उसे मेजबान टीम ने 3 . 2 से हराया। मुख्य कोच नौशाद मूसा ने पिछले मैच की प्रारंभिक एकादश में आठ बदलाव किए। सिर्फ डिफेंडर परमवीर, बिकास युंनाम और अभिषेक सिंह टेकचाम ही अपनी जगह बरकरार रख सके।

### अमनदीप सहित पांच भारतीयों ने चेक लेडीज ओपन में कट हासिल किया

बेरोन (चेक गणराज्य) : भारत की अमनदीप द्राल ने दूसरे दौर में अंतिम दो होल में बर्डी के साथ ईवन पार का स्कोर बनाया जिससे वह टिपस्पोर्ट चेक लेडीज ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से 12वें स्थान पर हैं। पहले दौर में आठ अंडर 64 का शानदार प्रदर्शन करने वाली अमनदीप के अलावा चार और भारतीय खिलाड़ी कट हासिल करने में सफल रहीं। भारत की हिताशी बक्षी (68-70) छह अंडर के कुल स्कोर से संयुक्त 32वें स्थान पर हैं। दीक्षा डागर (71), त्वेसा मलिक (69) और स्नेहा सिंह (68) भी संयुक्त 61वें स्थान पर रहते हुए कट हासिल करने में सफल रहीं। कुल 71 खिलाड़ियों ने कट हासिल किया जिसमें दो एमेच्योर भी शामिल रहीं। स्विट्जरलैंड की गोल्फर किम मेटरॉक्स करियर के सर्वश्रेष्ठ नौ अंडर 63 के स्कोर से कुल 13 अंडर के स्कोर के साथ शीर्ष पर हैं।

### पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व कप के पहले दिन भारत ने चार पदक जीते

बीजिंग : भारत ने यहां पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व कप के पहले दिन एक स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य सहित चार पदक जीतकर दमदार प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट में 40 से अधिक देशों के शीर्ष पैरा पावरलिफ्टर भाग ले रहे हैं और यह 2026 विश्व चैंपियनशिप और 2028 पैरालंपिक खेलों की क्वालीफाइंग प्रतियोगिता है। गुलफाम अहमद ने बेहद प्रतिस्पर्धी पुरुषों की एलीट 59 किग्रा श्रेणी में कांस्य पदक के साथ भारत का खाता खोला। उन्होंने अपने पहले प्रयास में 145 किग्रा वजन उठाया और इसके बाद अपने दूसरे प्रयास में 151 किग्रा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। गुलफाम का 153 किग्रा का तीसरा प्रयास अस्वीकार कर दिया गया लेकिन उनका दूसरा प्रयास भारत को टूर्नामेंट का पहला पदक दिलाने के लिए पर्याप्त था।

# हैरी ब्रूक शतक से चूके, इंग्लैंड 465 रन पर आउट

## बुमराह ने झटके पांच विकेट, भारत को पहली पारी से मिली 06 रन की लीड, दूसरी पारी में 64/1 रन बने

लीड्स, एजेंसी

हैरी ब्रूक (99) एक रन से शतक से चूक गए जिसके बाद जसप्रीत बुमराह ने पांच विकेट चटकाते हुए इंग्लैंड को पहली पारी में 465 रन पर समेटकर भारत को पहले क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन चाय तक पहली पारी के आधार पर छह रन की मामूली बढ़त दिलाई। दूसरी पारी में भारत 64/1 रन बना लिए है।

इससे पहले बुमराह ने जोश टंग (11) को बोल्ड करके इंग्लैंड की पारी का अंत किया लेकिन इससे पहले निचले क्रम में क्रिस वोक्स (55 गेंद में 38 रन) ने तेजी से रन जुटाकर मेजबान टीम को भारत के 471 रन के स्कोर के करीब पहुंचाया। इंग्लैंड के निचले क्रम ने भारत की मजबूत बढ़त हासिल करने की उम्मीदों पर पानी फेर दिया जिससे अब दोनों टीम की दूसरी पारियां बेहद महत्वपूर्ण हो गई हैं। इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने दूसरे सत्र में भी आसानी से बाउंड्री बटोरी और 23.4 ओवर में पांच विकेट गंवाकर 138 रन जुटाए। प्रसिद्ध कृष्णा (128 रन पर तीन विकेट) ने शॉर्ट गेंद पर जेमी स्मिथ (40) और ब्रूक (99 रन, 112 गेंद, 11 चौके, दो छक्के) को आउट किया लेकिन अपनी 20 ओवर की गेंदबाजी में रन गति पर अंकुश लगाने में नाकाम रहे। गेंदबाजी ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर ने सिर्फ छह ओवर गेंदबाजी की जिससे उनके चयन पर सवाल उठने लगे हैं।

बुमराह (83 रन पर पांच विकेट) पूरी पारी के दौरान भारत के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 14वीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट चटकाए। मैच में अब तक भारत का क्षेत्ररक्षण उसकी सबसे कमजोर कड़ी रही है। ब्रूक को 82 रन पर बुमराह की गेंद पर यशस्वी जायसवाल ने दूसरा जीवनदान दिया।

ब्रूक हालांकि इन मौकों का फायदा उठाकर शतक नहीं बना सके और 88वें ओवर में 99 रन के स्कोर पर प्रसिद्ध की गेंद पर शार्दुल को कैच दे बैठे। भारत ने 80 ओवर के बाद नई गेंद ली थी लेकिन टीम इसका अच्छा इस्तेमाल नहीं कर पाई। टेस्ट शतक (भारत के खिलाफ 2018 में) जड़ चुके वोक्स ने सत्र के अंत में प्रसिद्ध की लगातार गेंदों पर मिड विकेट और थर्ड मैन पर छक्के मारे। उन्हें बुमराह ने बोल्ड किया जबकि मोहम्मद सिराज (122 रन पर दो विकेट) ने ब्राइडन कार्स (22) की पारी का अंत किया। इससे पहले इंग्लैंड ने दिन की शुरुआत तीन विकेट पर 209 रन से की और सुबह के सत्र में 28 ओवर में 118 रन जोड़े। भारत ने सुबह के सत्र में कल के शतकवीर ओली पोप (106 रन, 137 गेंद, 14 चौके) और इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स (20) के विकेट चटकाए। दूसरे दिन की तरह तीसरे दिन भी प्रसिद्ध, शार्दुल ठाकुर और मोहम्मद सिराज की तिकड़ी अपने साथी तेज गेंदबाज बुमराह की तरह सटीक गेंदबाजी करने में नाकाम रही। दूसरे दिन का खेल खत्म होने से पहले बुमराह की नोबॉल पर आउट होने वाले ब्रूक को 46 रन के निजी स्कोर पर जीवनदान मिला जब बाएं हाथ के स्पिनर रविंद्र जडेजा की तेजी से स्पिन होती गेंद पर विकेटकीपर ऋषभ पंत उनका कैच लपकने में नाकाम रहे। इसी ओवर में ब्रूक ने अपना 12वां टेस्ट अर्धशतक पूरा किया जिससे भारतीय टीम की हताशा बढ़ गई जिसने अब तक मैच में कई कैच टपकाए हैं। सुबह का सत्र हालांकि ब्रूक के नाम रहा जिन्होंने कई आकर्षक शॉट खेले। प्रसिद्ध ने दिन के पहले ओवर में दो ढीली गेंद फेंकी जिसमें से एक पर ब्रूक ने प्वाइंट पर चौका और दूसरी पर मिड विकेट के ऊपर से छक्का जड़ा। ब्रूक ने बुमराह सहित तेज गेंदबाजों के खिलाफ आगे बढ़कर खेलने की रणनीति अपनाई और एक्स्ट्रा कवर के ऊपर से ड्राइव लगाए। प्रसिद्ध ने अगले ओवर में पोप को आउट किया जो उनकी शॉर्ट और वाइड गेंद से छेड़छाड़ की कोशिश में पंत को कैच दे बैठे। स्टोक्स भी विकेट पर नजरें जमाने के बाद सिराज की गेंद पर पंत को कैच दे बैठे।



इंग्लैंड के हैरी ब्रूक 99 रन आउट होने पर निराशा जताते हुए। • एजेंसी

**भारत पहली पारी : 471 रन**

**इंग्लैंड पहली पारी**

**465/10** (100.4 ओवर)

| | |
|---|---|
| जैक क्राउली का नायर बो बुमराह | 04 |
| बेन डकेट बो बुमराह | 62 |
| ओली पोप का पंत बो प्रसिद्ध | 106 |
| जो रूट का नायर बो बुमराह | 28 |
| हैरी ब्रूक का शार्दुल बो प्रसिद्ध | 99 |
| बेन स्टोक्स का पंत बो सिराज | 20 |
| जेमी स्मिथ का सुदर्शन बो प्रसिद्ध | 40 |
| क्रिस वोक्स बो बुमराह | 38 |
| ब्राइडन कार्स बो सिराज | 22 |
| जोश टंग बो बुमराह | 11 |
| शोएब बशीर नाबाद | 01 |

अतिरिक्त : 34 रन, गेंदबाजी : बुमराह 24 .4-5-83-5, सिराज 27-0-122-2, प्रसिद्ध 20-0-128-3, जडेजा 23-4-68-0, शार्दुल 6-0-38-0

## भारत के खिलाफ दूसरा टेस्ट खेल सकते हैं आर्चर

**लंदन :** चोटों से प्रभावित तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर भारत के खिलाफ दो जुलाई से शुरू हो रहा दूसरा टेस्ट खेल सकते हैं क्योंकि वह डरहम में ससेक्स के लिये काउंटी चैंपियनशिप मैच खेलने जा रहे हैं। भारत के खिलाफ एंडरसन तेंदुलकर श्रृंखला के पहले टेस्ट में आर्चर और मार्क वुड के बिना इंग्लैंड का गेंदबाजी आक्रमण कमजोर दिखाई दिया।

स्काय स्पोर्टस की एक रिपोर्ट के अनुसार जोफ्रा आर्चर ससेक्स के लिए लाल गेंद के क्रिकेट में वापसी करेंगे। हालांकि उनका नाम काउंटी चैंपियनशिप के इस मैच की टीम में नहीं था। अगर वह मैच खेल पाते हैं, तो भारत के खिलाफ एडबस्टन में दूसरे टेस्ट की टीम में हो सकते हैं। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने पुष्टि की है कि वह इस काउंटी मैच के लिए ससेक्स टीम में होंगे। आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलने वाले आर्चर चोटों के कारण चार साल से प्रथम श्रेणी क्रिकेट नहीं खेले हैं। आर्चर ने 2021 से इंग्लैंड के लिए सिर्फ सफेद गेंद के प्रारूप में खेला है। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने इस महीने की शुरूआत में कहा था कि आर्चर लाल गेंद के क्रिकेट में वापसी करना चाहते हैं। उन्होंने कहा था कई बार वह मुझे मैसेज भेजता है। मैंने उसे यही सलाह दी कि हड़बड़ी नहीं करे। वह चोटों से काफी परेशान रहा है। उसकी वापसी इंग्लैंड के लिए रोमांचक होगी।

## लंबी दूरी के धावकों ने बिखेरा जलवा

**प्रयागराज :** मदन मोहन मालवीय खेल परिसर में रविवार को शुरू हुई तीन दिवसीय 23वीं राष्ट्रीय जूनियर (अंडर-20) फेडरेशन एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन लंबी दूरी के धावकों ने जलवा बिखेरा। सुबह के सत्र में 3000 मीटर दौड़ में आठ पुरुष धावकों ने प्रतियोगिता के पिछले रिकॉर्ड में सुधार किया। तमिलनाडु के कविनराज एस ने भी पुरुषों की पोल वॉल्ट स्पर्धा में कुलदीप कुमार के 5.10 मीटर के प्रतियोगिता के पिछले रिकार्ड को तोड़कर स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 5.11 मीटर के साथ पहला स्थान हासिल किया।

### जीत की जंग



प्रयागराज में रविवारको 23वीं राष्ट्रीय जूनियर (U20) फेडरेशन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लेते एथलीट। • एजेंसी

## भारतीय महिला हॉकी टीम बेल्जियम से हारी

**एंटवर्प (बेल्जियम) :** भारतीय महिला हॉकी टीम रविवार को बेल्जियम से 0-2 से हार गई जो एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में उसकी लगातार छठी हार है और टीम रेलीगेशन की कगार पर पहुंच गई।

दो गोलरहित क्वार्टर के बाद बेल्जियम ने तीसरे क्वार्टर में लगातार दो गोल करके जीत सुनिश्चित की। एंब्रे बेलेनघी ने 40वें मिनट में बेल्जियम को बढ़त दिलाई जबकि लिएन हिलेवार्ट ने इसके तुरंत बाद एक और गोल दागकर बेल्जियम को 2-0 से आगे कर दिया।

## कनाडा ने टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया

**ओंटारियो :** कनाडा की पुरुष क्रिकेट टीम ने अमेरिकी क्वालीफायर में बहामास को सात विकेट से हराकर अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया।



कनाडा की यह लगातार पांचवीं जीत थी। कनाडा ने पिछले साल वेस्टइंडीज और अमेरिका में हुआ टी20 विश्व कप भी खेला था। बीस टीमों के टूर्नामेंट में गत चैंपियन भारत, श्रीलंका, अफगानिस्तान, आस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका, वेस्टइंडीज, आयरलैंड, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान भी खेलेंगे।

आईसीसी ने कहा सात और टीमें अभी इन टीमों से जुड़ेंगी। जिनमें से दो यूरोपीय क्वालीफायर, दो अफ्रीकी क्वालीफायर और तीन एशिया ईएपी क्वालीफायर से आएंगी।

## भारतीय महिला फुटबॉल टीम कल मंगोलिया से भिड़ेगी

चियांग माई (थाईलैंड), एजेंसी

भारतीय सीनियर महिला टीम सोमवार को ग्रुप बी मुकाबले में मंगोलिया की टीम के खिलाफ एएफसी एशियाई कप 2026 क्वालीफायर में अपने अभियान की शुरुआत करेगी। चियांग माई स्टेडियम की 700वीं वर्षगांठ पर 70वीं रैंकिंग वाली भारतीय महिला टीम 126 रैंकिंग पर काबिज मंगोलिया की टीम से मुकाबला करेगी। एएफसी महिला एशियाई कप 2026 क्वालीफायर में भारतीय फुटबॉल की टीम का कार्यक्रम इस प्रकार है। भारतीय टीम 23 जून को मंगोलिया, 29 जून को तिमोर लेस्ते, दो जुलाई को इराक और पांच जुलाई को मेजबान थाईलैंड से मुकाबला करेगी। एएफसी महिला एशियाई कप 2026 फीफा महिला विश्व कप ब्राजील 2027 के लिए क्वालीफायर के रूप में भी काम करेगा।



एएफसी महिला एशियाई कप ऑस्ट्रेलिया 2026 क्वालीफायर के लिए भारत की 23 सदस्यीय **टीम इस प्रकार है:-** गोलकीपरः एलंगबाम पंथोई चानू, मोइरांगथेम मोनालिशा देवी और पायल बासुदे। डिफेंडरः हेमाम शिल्की, किरण पिस्दा, मार्टिना थोकचोम, नगंगबाम स्वीटी देवी, फंजौबाम निर्मला देवी, पूर्णिमा कुमारी, संजू और सोरोखैबम रंजना चानू।

# राजनीति में नहीं कोच बनने में दिलचस्पी

कोलकाता, एजेंसी

- पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने एक इंटरव्यू में खुलकर जताई अपनी इच्छा
- सौरव क्रिकेट जगत में खिलाड़ी से लेकर बीसीसीआई अध्यक्ष तक रह चुके

पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने राजनीति में प्रवेश से इन्कार किया। लेकिन कहा कि भारतीय टीम का कोच बनने से उन्हें इन्कार नहीं है। जुलाई में 53 साल के होने जा रहे गांगुली 2018-19 और 2022-24 के बीच दिल्ली कैपिटल्स के टीम निदेशक रहे।

क्या वह भारतीय टीम का कोच बनना चाहेंगे, यह पूछने पर उन्होंने पीटीआई को दिए पॉडकास्ट इंटरव्यू में कहा मैने इसके बारे में सोचा नहीं क्योंकि मैं अलग अलग भूमिकाओं में रहा हूं। उन्होंने कहा मैने 2013 में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलना छोड़ा और फिर बीसीसीआई अध्यक्ष बन गया। उनसे जब कहा गया कि वह भारत का कोच बनकर और भी योगदान दे सकते थे, तो गांगुली ने कहा देखते हैं कि आगे क्या होता है । मैं 50 (53) साल का ही हूं । देखते हैं कि क्या होता है । मुझे इससे ऐतराज नहीं है। देखते हैं। यह तो तय है कि वह राजनीति में नहीं उतरने वाले। यह पूछने पर कि पश्चिम बंगाल में 2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले क्या वह किसी राजनीतिक दल से जुड़ेंगे, उन्होंने मुस्कुराकर कहा मेरी कोई दिलचस्पी नहीं है। अगर उन्हें प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाए जाने की पेशकश की जाये तो ? इस पर भी उन्होंने कहा मेरी कोई रूचि नहीं है। गांगुली ने मौजूदा कोच गौतम गंभीर की तारीफ करते हुए कहा कि दुबई में चैम्पियंस ट्रॉफी के बाद से उन्होंने लय पकड़ ली है। उन्होंने कहा गौतम अच्छा कर रहा है । शुरूआत धीमी रही जब आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड से हारे लेकिन चैम्पियंस ट्रॉफी के बाद उन्होंने लय पकड़ ली। इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला बड़ी होगी। गंभीर कितने कुशल रणनीतिकार हैं, यह पूछने पर उन्होंने गंभीर के जुनून और बेलागपन की तारीफ की। उन्होंने कहा इस भूमिका में मैने उसे बहुत करीब से नहीं देखा है लेकिन मैने उसका जुनून देखा है । मैने उसकी रणनीतियों को करीब से नहीं देखा क्योंकि उसके कोच रहते मैने उसके साथ काम नहीं किया। गांगुली ने कहा वह सीधी बात करता है और चीजों को साफ देखता है । वह अपने विचार खुलकर रखता है।





तेहरान में इजराइली हमले के बाद उठता धुआं।

# हर ठिकाना भेदने में सक्षम बी-2 बॉम्बर्स और जीबीयू-57

इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध में अब अमेरिका भी शामिल हो चुका है। अमेरिका ने इस हमले में बी-2 स्टील्थ बॉम्बर्स और जीबीयू-57 का इस्तेमाल किया, गहराई में छिपे ठिकानों को भेदने में सक्षम है। जीबीयू-57 मैसिव ऑर्डनेंस पेनेट्रेटर को बोइंग ने डिजाइन किया है और इसका निर्माण अमेरिकी वायुसेना ने किया है। इसे अमेरिकी वायुसेना के पास सबसे शक्तिशाली गैर-परमाणु बम कहा जाता है।

बी-2 बॉम्बर दुनिया के सबसे महंगे विमानों में से एक है। एक विमान की लागत लगभग दो बिलियन डॉलर है। इसका रखरखाव और इस्तेमाल बहुत महंगा है। अमेरिकी वायु सेना के पास भी केवल 20 बी-2 विमान ही हैं। बी-2 बॉम्बर अपनी स्टील्थ तकनीक, लंबी रेंज, और भारी हथियारों की वजह से अत्यंत खतरनाक है। हालांकि, इसकी उच्च लागत और सीमित संख्या के चलते इसे हर मिशन में उपयोग नहीं किया जा सकता।




### क्या है बी-2 स्टील्थ बॉम्बर्स

बी-2 स्पिरिट एक अमेरिकी स्टील्थ बमवर्षक विमान है, जिसे नॉर्थ्रॉप ग्रुम्मन ने विकसित किया है। यह अपनी बेहतरीन स्टील्थ तकनीक, लंबी उड़ान रेंज और भारी हथियार ले जाने की क्षमता के लिए जाना जाता है। इसे पहली बार 1980 के दशक में डिजाइन किया गया था और यह 1997 में पूरी तरह से सेवा में आया।

### बी-2 बॉम्बर की विशेषताएं

- बी-2 का डिजाइन और इसके निर्माण में इस्तेमाल होने वाली खास मेटल इसे रडार द्वारा पकड़े जाने से बचाती हैं।
- यह 18 टन हथियार ले जा सकता है, जिसमें परमाणु, पारंपरिक बम च प्रेसिजन-गाइडेड मूनिशन शामिल हैं।
- बिना ईंधन भरे यह विमान 11,000 किलोमीटर तक उड़ सकता है, हवा में ईंधन भरने की क्षमता के साथ इसकी रेंज और भी बढ़ जाती है।
- यह दुनिया के सबसे महंगे विमानों में से एक है, जिसकी प्रति यूनिट लागत लगभग 2 बिलियन डॉलर है। इसे दो पायलट ऑपरेट करते हैं।

### परमाणु केंद्रों पर हमले के बाद विकिरण के कोई संकेत नहीं : आईएईए

**तेल अवीव।** अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने रविवार को कहा कि ईरान के परमाणु केंद्रों को निशाना बनाकर किए गए अमेरिका के हमले के बाद वहां विकिरण के कोई संकेत नहीं मिले हैं। रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी।

### ईरान का सुरक्षा परिषद की बैठक बुलाने का अनुरोध

**वाशिंगटन।** संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत ने ईरान पर अमेरिका के हमलों के बाद रविवार को सुरक्षा परिषद की आपात बैठक बुलाने का अनुरोध किया। ईरानी राजदूत आमिर सईद ईरानवी ने एक पत्र लिख कर कहा कि संयुक्त राष्ट्र के सबसे शक्तिशाली निकाय को अंतर्राष्ट्रीय कानून और संरा चार्टर के तहत अमेरिका को जवाबदेह ठहराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने होंगे। इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान इन अकारण और पूर्वनियोजित आक्रामक कृत्यों की कड़े शब्दों में निंदा करता है।

### फ्रांस ने कहा- ईरान हमले में वह शामिल नहीं

**पेरिस।** फ्रांस के विदेश मंत्री जे. नोएल बरोट ने रविवार को कहा कि ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों पर हुए अमेरिकी हमले में उनका देश शामिल नहीं था। बरोट ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि फ्रांस को ईरान के तीन परमाणु ठिकानों के खिलाफ अमेरिकी सैन्य कार्रवाई की चिंताजनक जानकारी मिली है।

# दुनिया कूटनीतिक समाधान की पक्षधर

## ट्रंप ने कहा था दो सप्ताह में लेंगे फैसला पर दो दिन में कर दिया ईरान पर हमला

**दुबई, एजेंसी**

ईरान पर अमेरिका के हमले के बाद इजराइल-ईरान युद्ध के क्षेत्र में फैलने की आशंका के मद्देनजर रविवार को विभिन्न देशों ने कूटनीतिक समाधान तलाशने और संयम बरतने की अपील की। राष्ट्रपति ट्रंप ने गुरुवार को कहा था कि वह ईरान के खिलाफ युद्ध में इजराइल का साथ देने के बारे में दो सप्ताह में फैसला लेंगे, लेकिन महज दो दिन में फैसला कर लिया और इजराइल के अभियान में शामिल होते हुए रविवार तड़के हमला कर दिया।

इससे पहले ईरान ने कहा था कि अगर अमेरिका ने इजराइल का साथ दिया तो वह जोरदार पलटवार करेगा। अमेरिका के हमलों के बाद विभिन्न देशों और संगठनों ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। लेबनान के प्रधानमंत्री नवाफ सलाम ने कहा कि संघर्ष पूरे क्षेत्र में फैलने पर उनके देश को इससे दूर रहने की जरूरत है। सलाम ने कहा, हमारे लिए सर्वोच्च राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखना सबसे महत्वपूर्ण है।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा है कि वह ईरान के परमाणु केंद्रों पर अमेरिका के बम हमलों से बेहद चिंतित हैं। इस बात का जोखिम है कि यह संघर्ष तेजी से नियंत्रण से बाहर हो सकता है जिसके नागरिकों, क्षेत्र और दुनिया के लिए विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा, मैं सदस्य देशों से तनाव कम करने की अपील करता हूं। इसका कोई सैन्य समाधान नहीं है, कूटनीति से कोई हल निकल सकता है।

न्यूजीलैंड के विदेश मंत्री विंस्टन पीटर्स ने रविवार को सभी पक्षों से वार्ता की ओर लौटने का आग्रह किया। उन्होंने यह नहीं बताया कि न्यूजीलैंड ट्रंप की कार्रवाई का समर्थन करता है या नहीं। पीटर्स ने कहा कि यह संकट, अब तक का सबसे गंभीर संकट है और इसे आगे बढ़ने से रोका जा सकता है। उन्होंने कहा, कूटनीति सैन्य कार्रवाई की तुलना में अधिक स्थायी समाधान प्रदान करेगी।

यमन के हूती विद्रोहियों और हमास दोनों ने अमेरिकी हमलों की निंदा की है। हूतियों ने इजराइली और अमेरिकी आक्रामकता के खिलाफ ईरान की लड़ाई में उसका समर्थन करने का संकल्प जताया है। रविवार को एक बयान में, हूती विद्रोहियों के राजनीतिक ब्यूरो ने मुस्लिम देशों से इजराइली-अमेरिकी अहंकार के खिलाफ एक मोर्चे के रूप में जिहाद व प्रतिरोध में शामिल होने का आह्वान किया। हमास और हूती ईरान के समर्थक रहे हैं।

जापान के एनएचके टेलीविजन के अनुसार, जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा रविवार दोपहर को ईरानी परमाणु केन्द्रों पर अमेरिकी हमले के प्रभाव पर चर्चा करने के लिए प्रमुख मंत्रियों के साथ बैठक करेंगे। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि वह आपातकालीन बैठक आयोजित करेगा, जिसमें अमेरिकी हमलों के सुरक्षा व आर्थिक परिणामों और दक्षिण कोरिया की संभावित प्रतिक्रिया पर चर्चा की जाएगी।

**100** मीटर जमीन से नीचे है ईरान का फोर्डो परमाणु संयंत्र

**30,000** पाउंड के जीबीयू-57 बंकर बस्टर्स से लैस बी-2 विमानों से प्रतिष्ठानों पर किए हमले

**125** एयरक्राफ्ट ठिकानों को नष्ट करने के लिए मिशन में थे शामिल


ईरान में अमेरिकी कार्रवाई का विरोध जाताती महिलाएं।

### व्हाइट हाउस की तस्वीरों में सिचुएशन रूम के अंदर मंथन करते दिखे ट्रंप

**वाशिंगटन।** ईरान के तीन परमाणु केंद्रों पर जिस वक्त अमेरिका की तरफ से बमबारी की जा रही थी उस समय 'सिचुएशन रूम' में राष्ट्रपति ट्रंप पूरे घटनाक्रम पर करीबी नजर रख रहे थे। व्हाइट हाउस ने सिचुएशन रूम की कुछ तस्वीरें जारी की हैं जिसमें राष्ट्रपति ट्रंप के चेहरे पर गंभीरता के भाव साफ नजर आ रही है। एक अन्य तस्वीर में ट्रंप खड़े दिख रहे हैं जबकि ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ के चेयरमैन डैन केन कुछ कहते नजर रहे हैं। इस दौरान ट्रंप ने लाल रंग की टोपी पहनी है जिस पर उनका पसंदीदा वाक्य मेक अमेरिका ग्रेट अगेन लिखा है। 'व्हाइट हाउस' (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर जो तस्वीरें जारी कीं उनमें' सिचुएशन रूम के अंदर की दुर्लभ छवि सामने आई है। सिचुएशन रूम व्हाइट हाउस का एक खुफिया प्रबंधन परिसर है जहां संवेदनशील मुद्दों पर विचार विमर्श और निगरानी की जाती है। शनिवार को हुई बैठक की जो तस्वीरें जारी हुई हैं उनमें ट्रंप उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, विदेश मंत्री एवं राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार का जिम्मा संभाल रहे मार्को रूबियो, व्हाइट हाउस की चीफ ऑफ स्टाफ सूसी विल्स एवं रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ सहित अपनी टीम के वरिष्ठ सदस्यों के साथ नजर आ रहे हैं। तस्वीर में सभी 'सिचुएशन रूम' के सम्मेलन कक्ष में एक बड़ी मेज के इर्द गिर्द बैठे नजर आ रहे हैं जिसे जेएफके रूम कहा जाता है। इस कक्ष का नामकरण पूर्व राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी के नाम पर किया गया है।



# नेतन्याहू ने ईरान पर हमले के बाद कहा- ट्रंप के नेतृत्व ने रच दिया इतिहास

**यरूशलम, एजेंसी**

इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने ईरान के परमाणु केन्द्रों पर हमला करने संबंधी अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के साहसिक निर्णय की रविवार को सराहना की और कहा कि इसने शक्ति के जरिए शांति को दर्शाया है।

नेतन्याहू ने कहा, ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने का आपका (ट्रंप का) साहसिक निर्णय इतिहास बदल देगा। कहा, ऑपरेशन राइजिंग लॉयन में इजराइल ने वाकई कमाल कर दिखाया। लेकिन शनिवार रात ईरान के परमाणु केन्द्रों पर अमेरिका ने कार्रवाई करके शानदार काम किया। उसने वह कर दिखाया है जो दुनिया का कोई भी दूसरा देश नहीं कर सकता। इजराइल ने 13 जून को ऑपरेशन राइजिंग लॉयन' शुरू किया था। इजराइल वर्षों से ईरान के परमाणु कार्यक्रम को खतरा बताता रहा है वहीं ईरान ने लगातार कहा है कि उसका परमाणु शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए है।

### परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमले की सीमित मंशा : हेगसेथ

**तेल अवीव।** अमेरिका के रक्षामंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि ईरान-इजराइल युद्ध में अमेरिकी हस्तक्षेप सीमित है। ईरान में अमेरिका द्वारा दीर्घकालिक युद्ध छेड़ने की मंशा नहीं है। शनिवार और रविवार की दरमियानी रात किये हमलों को इरादतन सीमित रखा गया था। मैं बस इतना कहूंगा, जैसा कि राष्ट्रपति ने निर्देश दिया है और स्पष्ट कर दिया है, यह निश्चित रूप से सीमित हस्तक्षेप का मामला है।



हमले के बाद जानकारी देते इजराइली राष्ट्रपति नेतन्याहू।

# अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने बुलाई आपात बैठक

**वियना/नई दिल्ली, एजेंसी**

- **यूएनएससी में पेश की रिपोर्ट में आईएईए ने दी जानकारी**

अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी हमले के मद्देनजर सोमवार को आपात बैठक बुलाई है। आईएईए महानिदेशक राफेल मारियानो ग्रॉसी ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, ईरान में गंभीर स्थिति के मद्देनजर कल गवर्नर्स की आपात बैठक बुलायी गयी है।

ग्रॉसी ने आगे कहा कि ईरान में स्थिति पर आगे का आकलन तब किया जाएगा जब और अधिक जानकारी उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि पिछले नौ दिनों में ईरान पर इजरायल के हमलों के दौरान इस्फ़हान में एक बड़े परमाणु परिसर को दूसरी बार निशाना बनाया गया है, जिसमें कई और इमारतें भी शामिल हैं। इससे पहले आईएईए महानिदेशक ने शनिवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को पेश रिपोर्ट में कहा था कि ईरान में परमाणु स्थलों पर हमले वहां परमाणु सुरक्षा और संरक्षा में भारी गिरावट का कारण बना है, हालांकि अब तक कोई रेडियोलॉजिकल रिलीज नहीं हुआ है लेकिन ऐसा होने का खतरा है। उन्होंने कहा , हमारा उद्देश्य ईरान की परमाणु संवर्धन क्षमता को नष्ट करना और दुनिया के नंबर एक आतंक प्रायोजक देश से उत्पन्न परमाणु खतरे को रोकना था।



ईरान पर अमेरिका द्वारा किए गए हमले के बाद कोलकाता में लोगों ने ट्रंप के खिलाफ रोष प्रकट किया।

# ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमला गैर जिम्मेदाराना : रूस

**मॉस्को, एजेंसी**

ईरान के तीन परमाणु प्रतिष्ठानों पर अमेरिकी हमले को रूस ने गैर-जिम्मेदाराना करार देते हुए रविवार को इसकी कड़ी निंदा की और कहा कि यह अंतर्राष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र घोषणा पत्र तथा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का घोर उल्लंघन है। अमेरिका ने इजराइल के समर्थन में शनिवार-रविवार की दरमियानी रात ईरान के तीन प्रमुख परमाणु स्थलों फोर्दो, नतांज और इस्फहान पर बमबारी की।

रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा, किसी संप्रभु देश पर मिसाइल और बम से हमला करने का निर्णय गैर-जिम्मेदाराना है, भले ही इसके लिए कोई भी दलील दी जाए। यह अंतरराष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र घोषणा पत्र और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का घोर उल्लंघन है, जिसमें पहले ही ऐसी कार्रवाइयों को स्पष्ट रूप से अस्वीकार्य बताया गया है।

### चीन ने हमले की निंदा की

**बीजिंग।** चीन ने अमेरिकी हवाई हमलों की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह संयुक्त राष्ट्र चार्टर का गंभीर उल्लंघन है और पश्चिम एशिया में तनाव को और बढ़ाता है। कहा कि संघर्ष में शामिल पक्षों, विशेष रूप से इजराइल से जल्द से जल्द संघर्षविराम पर पहुंचने, आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने व वार्ता शुरू करने की अपील की।

# डेमोक्रेट नेताओं ने हमले को लेकर ट्रंप से जवाब मांगा

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन।** अमेरिका में डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं ने कहा है कि राष्ट्रपति ट्रंप को ईरान के परमाणु केंद्रों पर हमले करने के अपने फैसले के लिए जनता को 'स्पष्ट जवाब' देना चाहिए। सीनेटर चक शूमर ने जोर देकर कहा कि किसी भी राष्ट्रपति को एकतरफा तरीके से देश को 'युद्ध जैसी परिणामकारी चीज' में झोंकने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता और सीनेट सदस्य चक शूमर ने कहा कि अमेरिका द्वारा ईरान में तीन प्रमुख परमाणु केंद्रों (फोर्दो, नतांज और इस्फहान) पर बमबारी करने के बाद व्यापक, लंबे और अधिक विनाशकारी युद्ध का खतरा नाटकीय रूप से बढ़ गया है।

**खिंचाई** शहबाज-मुनीर ने अपने मालिक को खुश करने के लिए देश बेच दिया, नोबेल के लिए ट्रंप की सिफारिश पर भड़के पाकिस्तानी

# ट्रंप को नोबेल पर अपने ही देश में घिरी पाकिस्तान सरकार

**लाहौर, एजेंसी**

नोबेल शांति पुरस्कार के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नाम की सिफारिश करने पर पाकिस्तान सरकार के साथ-साथ वहां के सैन्य प्रतिष्ठान को सोशल मीडिया पर कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है।

पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने नॉर्वे में नोबेल शांति पुरस्कार समिति को औपचारिक रूप से एक पत्र भेजा है, जिसमें हाल ही में भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष के दौरान निर्णायक कूटनीतिक हस्तक्षेप के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति को यह प्रतिष्ठित पुरस्कार देने की सिफारिश की गई है। घोषणा के तुरंत बाद सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर उपयोगकर्ताओं ने अपने आका अमेरिकी राष्ट्रपति को खुश करने के लिए पाकिस्तानी सरकार की आलोचना शुरू कर दी। अमेरिका द्वारा ईरान के फोर्दो, इस्फहान और नतांज परमाणु केंद्रों पर हमला करके देश के परमाणु कार्यक्रम को नष्ट करने के बाद आलोचनाएं तेज हो गईं हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने चेतावनी दी कि अगर ईरान ने जवाबी कार्रवाई की तो और हमले किए जाएंगे। रविवार को 'एक्स' पर एक उपयोगकर्ता ने कहा, पाकिस्तानियों, सावधान! ईरान पर हमले के बाद प्रधानमंत्री शहबाज न केवल राष्ट्रपति ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित कर सकते हैं, बल्कि उन्हें तमगा-ए-जुरात (साहस का पदक), तमगा-ए-शुजात (बहादुरी का पदक), तमगा-ए-बसालत (वीरता का पदक), तमगा-ए-इम्तियाज (उत्कृष्टता का पदक) और शायद निशान-ए-हैदर (पाकिस्तान का सर्वोच्च सैन्य सम्मान) भी प्रदान कर सकते हैं।

पाकिस्तानी पत्रकार अमीर अब्बास ने कहा: वही ट्रंप जिसकी तुलना पीएमएल-एन के वरिष्ठ नेता ख्वाजा साद रफीक ने एक बार चंगेज खान और हिटलर से की थी - कल रात उसी पीएमएल-एन सरकार ने उन 'चंगेज खान और हिटलर' को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया। ऐसे शर्मनाक और कायरतापूर्ण फैसले कौन ले रहा है? उन्होंने पूछा, नवाज शरीफ और आसिफ जरदारी सत्ताधारियों को खुश करने के लिए किस हद तक जा सकते हैं।



### स्तंभकार राहीक अब्बासी ने व्यंग्यात्मक लहजे में कसे तंज

राजनीतिक विश्लेषक और स्तंभकार राहीक अब्बासी ने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा कि जिस डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ पश्चिमी देश युद्ध अपराधों के लिए विरोध कर रहे थे, उसी को इस्लामिक गणराज्य पाकिस्तान ने नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया है। उन्होंने पूछा, क्या उन लोगों में सम्मान या इंसानियत नाम की कोई चीज है जिन्होंने ट्रंप को नोबेल पुरस्कार के लिए नामित किया, जिन्होंने गाजा युद्ध विराम प्रस्ताव पर आठ बार वीटो लगाया था? उन्होंने एक अन्य पोस्ट में कहा, धन्यवाद हाफिज साहब (सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर)।

# इमरान खान की पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं को अदालत से राहत

**इस्लामाबाद/लाहौर।** जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं को विरोध-प्रदर्शन से जुड़े मामलों में अदालतों ने राहत दी है। रविवार को मीडिया में आई एक खबर में यह जानकारी दी गई है।

डॉन समाचार पत्र की खबर के अनुसार पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष गौहर अल खान और नेता प्रतिपक्ष उमर अयूब समेत पार्टी के विभिन्न नेताओं को शनिवार को इस्लामाबाद की एक अदालत ने पिछले साल के दो विरोध-प्रदर्शनों से जुड़े मामलों में बरी कर दिया। इस्लामाबाद के न्यायिक मजिस्ट्रेट शहजाद अहमद ने पिछले साल 26 अप्रैल को हुए विरोध प्रदर्शन से जुड़े मामलों में फैसला सुनाया।

# ईरान के विदेश मंत्री ने कहा अमेरिकी हमले का लेंगे बदला

- **रूसी राष्ट्रपति पुतिन से सोमवार को मुलाकात करेंगे अरागची**

**तेहरान, एजेंसी**

ईरान ने अपने तीन प्रमुख परमाणु प्रतिष्ठानों पर अमेरिका द्वारा की गई बमबारी का बदला लेने का संकल्प लेते हुए रविवार को कहा कि अमेरिकी हमलों के दीर्घकालिक परिणाम होंगे। अरागची ने कहा कि अमेरिका ने ईरान के शांतिपूर्ण तरीके से संचालित हो रहे परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमला कर संयुक्त राष्ट्र घोषाणा पत्र, अंतर्राष्ट्रीय कानून व परमाणु अप्रसार संधि का गंभीर उल्लंघन किया है।

उन्होंने कहा, रविवार सुबह की घटनाएं अपमानजनक हैं और इनके दीर्घकालिक परिणाम होंगे। संयुक्त राष्ट्र के प्रत्येक सदस्य को इस अत्यंत खतरनाक, अराजक और आपराधिक व्यवहार से चिंतित होना चाहिए। ईरानी समाचार एजेंसी तस्नीम की खबर के अनुसार, विदेश मंत्री ने कहा कि उनका देश अपनी संप्रभुता, हित और लोगों की रक्षा के लिए सभी विकल्प सुरक्षित रखे हुए है। अरागची ने कहा कि वह पुतिन से मिलने के लिए मॉस्को जा रहे हैं। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने कहा कि अमेरिकी हमले ने ईरान को आत्मरक्षा में कार्रवाई करने का वैध अधिकार दिया है।

